दैनिक
सुनहरा संसार
न्यूज़ नेटवर्क

सुनहरा संसार NEWS NETWORK CHANNEL

प्रतिदिन
अंक : 8
दिनांक : 26 नवम्बर
वर्ष : 21
पृष्ठ : 12
मूल्य : 5 रुपये

राजस्थान | पंजाब | हरियाणा | उत्तरप्रदेश | मध्यप्रदेश | बिहार | गुजरात | महाराष्ट्र | में पढ़े जाने वाला समाचार पत्र

DAVP No. 0810F21125/05 | RNI No. UPHIN/2005/24731 | Email : sunahara.sansar@gmail.com | व आगरा, गाजियाबाद व पंजाब से प्रकाशित

सीएम योगी बोले, 'सपा-कांग्रेस में शह और मात देने की राजनीति, राहुल गांधी एक नाकाम रॉकेट'

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले ये दो लड़कों की जोड़ी चुनाव परिणाम आने के बाद विफल होती थी, लेकिन इस बार चुनाव से पहले ही ये विफल हो चुके हैं। गठबंधन की राजनीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर बैठकें हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इससे बड़ा अपमान क्या होगा? मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि दोनों दलों के बीच एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति चल रही है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की ऐसी स्थिति उसकी नकारात्मक सोच का परिणाम है। जनता बार-बार इन दलों को खारिज कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक निजी न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन में संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की बदली तस्वीर, कानून-व्यवस्था, निवेश, रोजगार, विपक्ष की राजनीति, गठबंधन, आगामी चुनाव और अपनी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गठबंधन के अपने धर्म, नियम, मान्यताएं और शिष्टाचार होते हैं। लेकिन दोनों दलों के बीच जिस तरह की स्थिति दिखाई दे रही है, वह उनके आपसी तालमेल पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि इनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि एक तरफ अपमानित हो रहे हैं और दूसरी तरफ उसी को सामान्य बताने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, एनडीए में सीटों के बंटवारे और सहयोगी दलों के बीच कथित मतभेदों पर उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समेत सभी सहयोगी दल एनडीए का हिस्सा हैं। सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन



में किसी तरह का विवाद नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के लोग एनडीए की एकजुटता को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे और समाजवादी पार्टी की सनातन के प्रति बदली राजनीतिक भाषा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो नावों की सवारी हमेशा खतरनाक होती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाना अच्छी बात है, लेकिन समाजवादी पार्टी को रामभक्तों से माफी भी मांगनी चाहिए। यदि 90 के दशक में ही यह सद्बुद्धि आ गई होती तो रामभक्तों पर गोली चलाने की नौबत नहीं आती। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफी मांगने से कोई व्यक्ति छोटा नहीं होता। उन्होंने अपने राजनीतिक आधार को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा का वोट बैंक हर वह राष्ट्रवादी नागरिक है, जो भारत के संविधान और देश की विरासत में विश्वास करता है। भाजपा की राजनीति किसी एक जाति या वर्ग तक सीमित नहीं है। पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान के सिद्धांत पर काम करती है।

2017 से पहले बीमारू था यूपी, अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन

प्रदेश की बदली छवि पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य, गुंडागर्दी, अराजकता और उपद्रव से ग्रसित प्रदेश के रूप में देखा जाता था। व्यवस्था अनिर्णय की शिकार थी। गरीब कल्याण, युवाओं के रोजगार, किसानों के सम्मान और महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियां थीं। व्यापारी भयभीत थे और निवेशक प्रदेश में आने से कतराते थे। मार्च 2017 में मिली जिम्मेदारी के बाद सरकार ने सबसे पहले कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने और व्यवस्था को पटरी पर लाने का काम किया। आज प्रदेश में लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने, अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय को लगभग तीन गुना करने तथा बजट को तीन गुना से अधिक बढ़ाने में सफलता मिली है। महिला कार्यबल की भागीदारी भी तीन गुना से अधिक बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है। सात शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। प्रदेश में 17 क्रियाशील एयरपोर्ट हैं, जिनमें पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शामिल हैं। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन और देश की पहली रैपिड रेल भी यूपी की नई पहचान हैं।

'समुद्र देशों को जोड़ता है, बांटता नहीं' : कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में बोले एनएसए; दुनिया को दिया खास संदेश

माले (मालदीव)

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बुधवार को हिंद महासागर के आसपास के देशों के साझा समुद्री और सभ्यतागत संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समुद्र देशों को जोड़ने का माध्यम बने रहने चाहिए। उन्हें देशों के बीच बंटवारे का कारण नहीं बनना चाहिए। माले में कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की आठवीं बैठक हुई। इसमें अजीत डोभाल ने कहा कि क्षेत्र के देशों के बीच लगातार सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित की जा सकेगी। अजीत डोभाल ने कहा, 'हिंद महासागर क्षेत्र के हम सभी तटीय देश एक साझा समुद्री क्षेत्र रखते हैं। हम सभ्यता विरासत से भी जुड़े हैं। यह विरासत लंबे समय के इतिहास से बनी है'। डोभाल ने कहा कि इतिहास में समुद्र ने समुदायों और देशों को जोड़ा है। उन्होंने भाग लेने वाले देशों से इस विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि मालदीव के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने बताया कि हमसे पहले की पीढ़ियों ने हमें यह विरासत दी कि समुद्र हमें जोड़ते हैं। आइए, हम भी अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसी विरासत और परंपरा छोड़ें, जो उन्हें एक साथ बांधे। समुद्र के जरिये उन्हें अलग न करे'। डोभाल ने कहा कि नवंबर 2020 में कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन की स्थापना एक साझा विचार के आधार पर हुई थी। इसका मकसद हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा, संरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा, 'नवंबर 2020 में कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन की स्थापना हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा, संरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के हमारे साझा दृष्टिकोण पर आधारित थी'। उन्होंने कहा कि इस समूह ने काफी प्रगति की है। लेकिन अभी उसे लंबा सफर तय करना है। डोभाल ने क्षेत्रीय समूह को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता भी जताई। उन्होंने कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन को भारत की पड़ोसी पहले नीति और व्यापक महासागर दृष्टिकोण से जोड़ा। राष्ट्रीय



सुरक्षा सलाहकार ने कहा, 'भारत के लिए कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन हमारी पड़ोसी प्रथम और महासागर दृष्टिकोण का संगम है। यह सुरक्षा और विकास के क्षेत्रों में आपसी और समग्र प्रगति का प्रतीक है। हम बदलती और गंभीर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी सामूहिक क्षमताओं को बढ़ाने के वास्ते सम्मेलन के देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं'। डोभाल ने भाग लेने वाले देशों को भारत के लगातार समर्थन का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि साझा उद्देश्यों को पूरा करने के लिए भारत जरूरी सहायता देगा। उन्होंने कहा, 'मैं यहां मौजूद आप सभी को भरोसा दिलाता हूं कि भारत यहां के साझेदार देशों में से एक के रूप में और कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन की पहल करने वाले देशों में से एक के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगा। हम हर जरूरी मदद और सहायता देने की कोशिश करेंगे। हम अपने साझा उद्देश्यों को हासिल करने के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता का भरोसा दिलाते हैं'। डोभाल ने बैठक की मेजबानी के लिए मालदीव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर की रणनीतिक अहमियत को लेकर शुरू हुआ विचार अब एक व्यवस्थित क्षेत्रीय मंच बन गया है। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मैं यहां मौजूद हूं और मालदीव सरकार के शानदार आतिथ्य का आनंद ले रहा हूं। मैं विशेष रूप से मालदीव के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का आभारी हूं। उन्होंने इस सम्मेलन के लिए बेहतरीन व्यवस्था की है। साथ ही हमें अपने विचार और राय साझा करने का अवसर दिया है'।

डोभाल ने कहा कि हिंद महासागर केवल क्षेत्र के देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि के लिए ही अहम नहीं है। यह वहां के लोगों के हितों और कल्याण की रक्षा के लिए भी जरूरी है।

यूपी चुनाव 2027: मंत्री ओम प्रकाश राजभर का एलान, जहूराबाद से नहीं अकबरपुर से लड़ेंगे चुनाव

लखनऊ



योगी सरकार के मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने एलान किया है कि वो जहूराबाद से नहीं अकबरपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। मालूम हो कि अंबेडकरनगर से रामअचल राजभर विधायक हैं। राजभर ने जिला और सीट बदली है। ऐसे में उनका मुकाबला सपा के कद्दावर नेता से हो सकता है। ये बयान राजभर ने एक टीवी चैनल से बातचीत में दिया है। चुनाव की आहट के साथ ही भाजपा नीत एनडीए के दो प्रमुख सहयोगी दलों के बीच सीटों को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। आजमगढ़ की अतरौलिया सीट पर निषाद पार्टी के साथ सुभासपा ने भी दावा ठोंक दिया है। इससे दोनों दलों के नेताओं के बीच रार बढ़ती दिख रही है। 2022 के विधानसभा चुनाव में दोनों सीटें निषाद पार्टी के खाते में गई थीं। हालांकि, अतरौलिया में सपा के संग्राम यादव ने निषाद पार्टी के प्रत्याशी को हराकर सीट बरकरार रखी थी, जबकि चौरीचौरा से निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद के बेटे ने जीत दर्ज की थी। अब 2027 के चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे की कवायद के बीच दोनों दल पिछले चुनाव के मतों और अपने कोर वोट बैंक के आधार पर दावेदारी कर रहे हैं।

भारत-पाकिस्तान के बीच कब शुरू होगा क्रिकेट?: सिद्धू ने दिया जवाब, बोले- सरकार जब चाहेगी तभी घटेंगी दूरियां

दोहा

भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज की वापसी कब होगी, इस सवाल पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी बात रखी है। सिद्धू का कहना है कि भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट संबंधों को दोबारा शुरू करने का फैसला पूरी तरह राजनीतिक है और इस पर अंतिम निर्णय सरकार को ही लेना है। उन्होंने साफ किया कि जब सरकार दोनों देशों के बीच दूरियां कम करने का फैसला करेगी, तभी क्रिकेट को इस दिशा में एक माध्यम के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। नवजोत सिंह सिद्धू इन दिनों दुबई में आयोजित डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 लीग में कमेंट्री कर रहे हैं। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान उनसे भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट संबंधों की बहाली को



लेकर सवाल किया गया। इस पर सिद्धू ने कहा, 'राजनीतिक मामले राजनीतिक होते हैं। इस पर जो भी फैसला लिया जाना है, वह सरकार ही लेगी। सरकार जनता द्वारा चुनी गई है और उसे फैसले लेने का अधिकार मिला हुआ है। अगर सरकार किसी वजह से इन मैचों को नहीं कराने का फैसला करती है, तो उसके पीछे के कारण गृह मंत्रालय जानता है।' उन्होंने आगे कहा कि जब सरकार को लगेगा कि दोनों देशों के बीच दूरियां कम करने का समय आ गया है, तब वह क्रिकेट को इस प्रक्रिया में शामिल करने का फैसला कर सकती है। भारत और पाकिस्तान के बीच 2012-13 के बाद से कोई द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं खेली गई है। हालांकि, दोनों देशों की पुरुष और महिला टीमें आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में एक-दूसरे का सामना करती रही हैं। सुरक्षा और राजनीतिक परिस्थितियों के चलते इन मुकाबलों का आयोजन तटस्थ स्थानों पर किया जाता है। पिछले साल पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव भी बढ़ गया था। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी। इसके बाद भारत सरकार ने खेल संबंधों को लेकर नई नीति अपनाई थी, जिसके तहत पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल मुकाबलों पर रोक लगाई गई।

यूक्रेन में बिजली संकट: रूस ने पावर प्लांट पर किया हमला; लीबिया में दो नौसैनिक अधिकारियों की मौत

कीव/ काहिरा



रूस के हमले में यूक्रेन के डीटीईके थर्मल पावर प्लांट को नुकसान पहुंचा है और बिजली उत्पादन बंद हो गया है। निप्रोपेत्रोवस्क क्षेत्र के पांच जिलों में आपातकालीन बिजली कटौती लागू की गई है। दूसरी ओर, लीबिया में रूसी युद्धपोत पर यूक्रेनी ड्रोन हमले में घायल दो नौसैनिक अधिकारियों की मौत हो गई है। इस घटनाक्रम ने रूस-यूक्रेन युद्ध को एक नए भौगोलिक क्षेत्र तक पहुंचा दिया है। रूस ने मंगलवार और मंगलवार रात निप्रोपेत्रोवस्क क्षेत्र की ऊर्जा सुविधाओं को भी निशाना बनाया। इन हमलों से कई घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत पारेषण प्रणाली संचालक उक्रेनेर्गो के निर्देश पर पांच जिलों में आपातकालीन बिजली कटौती लागू की गई है। निप्रो, निप्रोव्स्की, पावलोहरादस्की, सिनेल्निकीव्स्की और समारीव्स्की जिलों में बिजली कटौती की गई है। इन इलाकों में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऊर्जा विभाग के कर्मचारी बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटे हैं, लेकिन रूस के लगातार हवाई हमलों की चेतावनी के कारण मरम्मत का काम प्रभावित हो रहा है।

जापोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र में कितनी बार हुआ ब्लैकआउट?

रूस ने रातभर और बुधवार सुबह भी यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले जारी रखे। गोलाबारी के कारण अस्थायी रूप से कब्जे वाले जापोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। यह इस साल संयंत्र में हुआ 17वां ब्लैकआउट है। वहीं, अब तक यहां कुल 28 बार बिजली आपूर्ति बाधित हो चुकी है।

लीबिया में रूसी युद्धपोत पर यूक्रेन का हमला

रूस-यूक्रेन युद्ध का असर अब यूरोप से हजारों किलोमीटर दूर लीबिया तक पहुंच गया है। रविवार को पूर्वी लीबिया के बेंगाजी नौसैनिक अड्डे पर खड़े रूसी युद्धपोत पर यूक्रेनी ड्रोन से हमला किया गया। इसमें घायल दो लीबियाई नौसैनिक अधिकारियों की मंगलवार शाम मौत हो गई। स्वघोषित लीबियन नेशनल आर्मी (एलएनए) ने मंगलवार देर रात जारी बयान में इसकी पुष्टि की। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया था कि इस अभियान में सात ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। लीबियाई अधिकारियों के अनुसार, रूसी युद्धपोत ईंधन भरवाने और जरूरी सामान लेने के लिए नौसैनिक अड्डे पर आया था। शुरूआती जांच के मुताबिक, पश्चिमी लीबिया में यूक्रेनी सेना के नियंत्रण वाले एक अड्डे से कई समुद्री ड्रोन छोड़े गए थे। इनमें से कम से कम चार को रोककर नष्ट कर दिया गया, जबकि दो ड्रोन रूसी युद्धपोत से टकराए। हमले में लीबियाई और रूसी नागरिकों समेत कम से कम 10 लोग घायल हुए थे।

यूपी चुनाव 2027: 'राधे-राधे तो शुरूआत है, सपा के लिए अब राम नाम सत्य का समय', गठबंधन पर योगी का तीखा हमला

लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर एक साथ तीखा हमला बोलते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सियासी माहौल गरमा दिया है। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा कि दो नावों की सवारी करने वाले डूबते हैं। अखिलेश को अयोध्या जाने से पहले रामभक्तों और हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि राधे-राधे तो शुरूआत है, सपा के लिए अब राम नाम सत्य का समय आ रहा है। मथुरा में राधे-राधे, अयोध्या में जय श्रीराम और काशी में हर-हर महादेव कहना आस्था के अनुरूप है, जबकि राम नाम सत्य विदाई के समय कहा जाता है। मुख्यमंत्री बुधवार को एक टीवी मीडिया समूह को दिए साक्षात्कार में बोल रहे थे।

विज्ञापन योगी ने सपा की राजनीति को परिवार तक सीमित बताते हुए उसके पीडीए की नई व्याख्या की। उन्होंने कहा कि पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। सपा की राजनीति परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जबकि भाजपा का मतदाता हर वह राष्ट्रवादी नागरिक है, जो संविधान और देश की विरासत का सम्मान करता है। उनकी किसी से व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है, लेकिन देश और समाज के सामने चुनौती आने पर उसका सामना करना संन्यासी का दायित्व है। मुख्यमंत्री ने सपा और कांग्रेस के गठबंधन पर भी निशाना साधा। उन्होंने इसे चुनाव से पहले ही विफल करार देते हुए कहा कि एक तरफ दोनों दलों की बैठकें चल रही हैं और दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। दोनों दलों पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने प्याज भी खाया और जूता भी।

सुप्रीम कोर्ट - सेंथिल बालाजी के मामले में अदालत सख्त, पूछा- सरकार बदलते ही क्यों बदल जाता है मुकदमों का रुख

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के चर्चित कैश फॉर जॉब्स मामले की सुनवाई के दौरान राजनीतिक दखल और आपराधिक मुकदमों की जांच व पैरवी के तरीके पर गंभीर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि सरकार बदलते ही कई बार अभियोजन का रवैया भी बदल जाता है। एक सरकार मामले को आगे बढ़ाने में ढिलाई बरतती है, तो दूसरी सरकार आते ही उसी मामले में तेजी दिखाने लगती है। अदालत ने कहा कि आपराधिक न्याय व्यवस्था में इस तरह का रवैया ठीक नहीं है और अभियोजन को निष्पक्ष तरीके से काम करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल थे। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि आपराधिक मामलों में अभियोजन का तरीका राजनीतिक सरकार के बदलने के साथ बदल जाता है। यह न्याय व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। जस्टिस बागची ने भी इस पर सहमति जताते हुए कहा कि एक सरकार मामले को लटकाए रखती है, जबकि दूसरी सरकार आते ही तेजी से कार्रवाई करने लगती है। उन्होंने कहा कि अभियोजन के कामकाज में कुछ समझदारी और स्थिरता होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील राजीव शखधर ने तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) सरकार की ओर से दलील देते हुए कहा कि मामले में कुछ जल्दबाजी की जरूरत है। वहीं, पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि जब तक शीर्ष अदालत इस मामले पर सुनवाई नहीं कर लेती, तब तक निचली अदालत में आरोप तय करने की प्रक्रिया आगे न बढ़ाई जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि आरोपी के खिलाफ आरोप कितने भी गंभीर क्यों न हों, उसे अपना पक्ष रखने का पूरा मौका मिलना चाहिए। सीजेआई ने कहा, 'उस पर गंभीर आरोप हो सकते हैं, लेकिन उसकी बात सुने बिना उसे दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए।' सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान लंबित अर्जियों के दायरे को भी समझा। इनमें एक अर्जी के जरिए सांसदों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली सेशन कोर्ट में लंबित चार मुकदमों का ट्रायल जल्द पूरा कराने की मांग की गई थी। राजीव शखधर ने बताया कि इनमें से तीन मामलों में आरोपियों को आरोपों से मुक्त करने और आरोप तय करने से जुड़ी अर्जियां लंबित हैं।

भारत और नेपाल का संयुक्त सैन्यअभ्यास, सेना के जवान 8 दिसंबर तक सीखेंगे युद्ध और बचाव के गुर

काठमांडू



भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच बुधवार से संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सूर्य किरण' शुरू हो गया है। नेपाल के रुपन्देही जिले के सालझंडी स्थित नेपाल आर्मी बैटल स्कूल में हो रहे इस अभ्यास में दोनों देशों के जवान आपदा से निपटने, जंगलों में युद्ध लड़ने और जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने की ट्रेनिंग लेंगे। इस बार यह अभ्यास 8 दिसंबर तक चलेगा। नेपाल सेना की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, 'अभ्यास सूर्य किरण' का यह 20वां संस्करण है। इसमें दोनों देशों की सेनाओं के बटालियन स्तर के जवान हिस्सा ले रहे हैं। इस अभ्यास का मकसद एक-दूसरे की सैन्य कार्यप्रणाली को समझना और मुश्किल हालात में मिलकर काम करने की क्षमता बढ़ाना है। इस बार भारतीय सेना की 12 कुमाऊं रेजिमेंट और नेपाली सेना की ज्वाला दल बटालियन के जवान संयुक्त ट्रेनिंग में शामिल हुए हैं। अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक अपने अनुभव साझा करेंगे। साथ ही थ्योरी और मैदानी अभ्यास के जरिए अलग-अलग परिस्थितियों से निपटने के तरीके सीखेंगे। इस सैन्य अभ्यास में तीन अहम क्षेत्रों पर खास ध्यान दिया जाएगा। इनमें आपदा प्रबंधन, जंगलों में युद्ध और मानवीय सहायता शामिल हैं। प्राकृतिक आपदा या किसी आपात स्थिति में राहत और बचाव अभियान चलाने से लेकर जंगलों में सैन्य ऑपरेशन करने तक की ट्रेनिंग दी जाएगी। भारत और नेपाल के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का 19वां संस्करण पिछले साल उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में आयोजित किया गया था। हर साल होने वाले इस अभ्यास की मेजबानी दोनों देश बारी-बारी से करते हैं। इस बार नेपाल इसकी मेजबानी कर रहा है। नेपाल सेना का मानना है कि इस तरह के संयुक्त अभ्यास से भारत और नेपाल के बीच पुराने सैन्य रिश्ते और मजबूत होंगे।

बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात, मां के निधन पर जताया शोक

लखनऊ



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। दोनों के बीच लगभग एक घंटे तक बातचीत हुई। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि वे योगीजी की मां के निधन पर पुष्पांजलि अर्पित करने आए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी मां धन्य है जिसका सपूत राम और राष्ट्र दोनों को साथ लेकर चल रहा है। जब उनसे अखिलेश यादव द्वारा कथा कराने के संबंध में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वे राजनीतिक बातों का जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे हिंदुओं और सनातन के लिए काम कर रहे हैं। यह भी बताया गया कि धीरेंद्र शास्त्री की दिसंबर तक उत्तर प्रदेश में पांच राम कथाएं होनी हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का निधन 20 नवंबर को 91 वर्ष की आयु में उत्तराखंड के पंचूर गांव में हुआ था।

सम्पादकीय

किसानों के मुद्दे पर टूटा गठबंधन फिर जुड़ा, सत्ता के लिए विचारधारा भी बदल गई



पंजाब में आज भी किसान केंद्र सरकार की नीतियों को कठघरे में खड़ा करते हैं। ऐसे में शिअद और भाजपा के साथ आने की घोषणा के समय को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों को यह तय करने का अधिकार है कि वे चुनाव के मैदान में उतरने के लिए अपना मोर्चा कैसे तैयार करते हैं और किस पक्ष में खड़े होते हैं। मगर इसी लोकतंत्र की गरिमा यह जिम्मेदारी भी तय करती है कि आम जनता के भरोसे के साथ खिलवाड़ न किया जाए। सवाल है कि देश की राजनीति में इस तकाजे का खयाल रखने की कसौटी पर कितने राजनीतिक दल खरे उतर पाते हैं और कितनों को इस बात की फिक्र करने की जरूरत महसूस होती है कि आम जनता उसके रुख के बारे में क्या सोचेगी। पंजाब की राजनीति में शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के बीच फिर से चुनावी साझेदारी की घोषणा कोई हैरान करने वाली घटना नहीं है। इससे पहले भी भाजपा-शिअद गठबंधन में साथ रहकर सरकार भी बना चुके हैं। मगर विचारधारात्मक रूप से एक-दूसरे से भिन्न मोर्चे पर होने और जनता से जुड़े मुद्दों पर संबंध टूटने के बाद अगर सत्ता हासिल करने की होड़ में फिर से एक-दूसरे के साथ आने की जरूरत पड़ रही हो, तो यह जितना लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुविधा है, उससे ज्यादा इसे अवसर की राजनीति के तौर पर देखा जाएगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के मसले पर किसानों के बीच उभरे व्यापक विरोध के बाद शिरोमणि अकाली दल और भाजपा का गठबंधन सितंबर 2020 में टूट गया था। तब भाजपा की सरकार पर किसानों के हितों को नजरअंदाज करने के आरोप के साथ शिअद सांसद हरसिमरत कौर बादल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। पंजाब में आज भी किसान केंद्र सरकार की नीतियों को कठघरे में खड़ा करते हैं। ऐसे में शिअद और भाजपा के साथ आने की घोषणा के समय को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं। राज्य में मजबूत उपस्थिति रखने वाले दलों के बीच छह सालों के अलगाव के बाद शिअद और भाजपा के फिर साथ आने को कोई सकारात्मक लोकतांत्रिक राजनीति नहीं, बल्कि अवसरवाद और सत्ता की भूख में बिना जवाबदेही के पुनर्मिलन के तौर पर देखा जा रहा है। अब यह देखने की बात होगी कि जिन मुद्दों पर शिअद ने भाजपा से दूरी बनाई थी, उस पर जनता की ओर से उठे सवालों पर उसका क्या रुख होता है। ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहते हैं, जिसमें सत्ता की सियासत में आम जनता की भावनाओं और विचार को दरकिनार कर पार्टियां सुविधा के हिसाब से अपना पक्ष तय कर लेती हैं। ऐसे में होता यही है कि अगर किसी खास पार्टी को जनता ने उसकी विचारधारा के आधार पर समर्थन दिया होता है, तो अगले कुछ समय में वह पार्टी अपने विचारों के उलट किसी खेमे में दिखाई देती है। जनता के सामने सत्ता के ढांचे में अपनी लोकतांत्रिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव में वोट डालना एक अहम विकल्प होता है। राजनीतिक दल इसी को लोगों की मजबूरी समझते हैं और भावनात्मक मुद्दों को हवा देकर इसका इस्तेमाल अपने हक में करने से नहीं हिचकते। पंजाब में शिअद और भाजपा के साथ आने को भले ही चुनावी राजनीति की व्यावहारिक वास्तविकता बता कर उचित ठहराने की कोशिश की जाए, लेकिन सच यही है कि विधानसभा या लोकसभा चुनाव के ऐन पहले सत्ता हासिल करने के लिए अपनी विचारधारा और नैतिकता को दरकिनार कर ऐसे गठबंधन बनते हैं, तो उसमें जनता के भरोसे की जगह कमजोर होती है।

विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पौराणिक तीर्थ स्थली गया जी में श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज का अंतरराष्ट्रीय योग गुरु स्वामी संतोषानंद महाराज के नेतृत्व में भव्य स्वागत- अभिनंदन हुआ

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

बिहार। महाराजश्री बोले,भगवान विष्णु की कृपा से ही उस पवित्र धरती के दर्शन का सौभाग्य मिला, जिसे स्वयं भगवान के चरणकमलों ने स्पर्श किया है गया जी, बिहार:ह्लप्राचीन व ऐतिहासिक सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर,श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ताए जूना अखाड़ा 13 मढ़ी के अध्यक्ष, दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्षए श्री दूधेश्वर वेद विद्यापीठ के संरक्षक, हिंदू यूनाइटेड फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्ल्ड पीस ऑर्गेनाइजेशन के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहन्त नारायण गिरि महाराज बुधवार को विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पौराणिक तीर्थस्थली गया पहुंचे। गया एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय योग गुरु स्वामी संतोषानंद महाराज के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महाराजश्री के साथ प्राचीन देवी मंदिर दिल्ली गेट गाजियाबाद के पीठाधीश्वर



श्रीमहंत गिरिशानंद गिरि महाराज भी हैं।

महाराजश्री गया एयरपोर्ट से योग शक्ति पीठ में पहुंचे और वहां भी उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज,अंतरराष्ट्रीय योग गुरु स्वामी संतोषानंद महाराज व श्रीमहंत गिरिशानंद गिरि महाराज ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पौराणिक तीर्थस्थली गया का बहुत अधिक महत्व है। इसको इतना अधिक सम्मान प्राप्त है कि इस नगरी को गयाजी के नाम से पुकारा जाता है। देश -दुनिया में गयाजी की मोक्ष नगरी के रूप में प्रसिद्धि है। यहां पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और जन्म.मरण के चक्र से मुक्ति मिलती है। यहां हर साल पितृपक्ष मेला लगता है, जिसमें देश के कोने-कोने के अलावा विदेश से भी लाखों तीर्थयात्री आते हैं और अपने पितरों को मोक्ष दिलाने के लिए पिंडदान करते हैं।

श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि गयासुर नाम के राक्षस ने भगवान विष्णु की कठोर तपस्या की और उनसे वरदान प्राप्त किया जिससे उसका शरीर इतना शुद्ध हो गया कि जो भी उसे स्पर्श करता, वह सीधे स्वर्ग पहुँच जाता। इससे प्राकृतिक व्यवस्था गड़बड़ा गई क्योंकि लोग अच्छे कर्मों बजाय उसके शरीर को ही स्पर्श करने से स्वार्ग को जाने लगे। तब देवताओं की गुहार पर भगवान विष्णु के आदेश पर ब्रहमाजी ने सभी देवताओं के साथ यज्ञ किया और उसके लिए गयासुर ने अपना शरीर अर्पित किया, मगर उसका शरीर हिलने लगा तो भगवान विष्णु ने अपने पैर से उसे दबाया तो वह शांत हो गया। महाराजश्री ने बताया कि गयासुर से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उसे दो वरदान दिए। पहला जहां यज्ञ हुआ, वह क्षेत्र हमेशा के लिए पवित्र हो जाएगा।आज उसी क्षेत्र को गयाजी या गयाधाम कहा जाता है। दूसरा वरदान यह था कि इस भूमि पर आकर जो अपने पितरों ;पूर्वजोंद्ध का पिंडदान, श्राद्धकर्म और तर्पण करेगा, उसके पितरों को जन्म.मरण के चक्र से मुक्ति मिलेगी, वह मोक्ष को प्राप्त होगा, उसके सारे पाप और कष्ट दूर हो जाएंगे। यहां पर स्वयं भगवान विष्णु पितृ देपता के रूप में विराजते हैं। यह उन पर भगवान विष्णु की साक्षात कृपा ही है कि उन्हें ऐसे पवित्र धाम के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जहां की पवित्र धरती को स्वयं भगवान विष्णु के चरणकमलों ने स्पर्श किया है।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गोविंदपुरी में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया प्रथम पातशाही श्री गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व - गुरमीत सिंह

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

मोदीनगर। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गोविंदपुरी में प्रथम पातशाही साहिब श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में गुरबाणी कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर गुरु महाराज के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई तथा गुरबाणी कीर्तन श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान निशान साहिब की सेवा भी की गई एवं गुरु का अटूट लंगर भी सभीआई संगत के खिलाया गया। इस अवसर पर



गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से क्षेत्रीय सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, नगरपालिका चेयरमैन विनोद वैश्याली एवं सभासद मोनू धामा को सम्मान चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी सेवादारों ने पूरी श्रद्धा, समर्पण एवं सेवा भाव के साथ अपनी सेवाएं निभाईं। सभी संगत ने गुरु का लंगर ग्रहण किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों एवं संगत का आभार व्यक्त किया।नगर कीर्तन में जिन भी सेवादार ने अपनी सेवा निभाई थी उन बच्चों को भी सम्मानित किया व उनका मनोबल बढ़ाया समस्त आयोजन गुरु साहिब की कृपा एवं संगत के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर सभी ने गुरु नानक देव जी के प्रेम,समानता,मानवता, सेवा और भाईचारे के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। आज के इस शुभ अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार गुरमीत सिंह , सचिव सरदार सुरजीत सिंह ढिल्लो , कोषाध्यक्ष सरदार मनमोहन सिंह ,सरदार दलबीर सिंह बेदी, सरदार बलविंदर सिंह अरोरा ,सरदार तरनजीत सिंह सचदेवा, सरदार सत्वंत सिंह नय्यर, सरदार नवदीप सिंह बतरा,सरदार भूपेन्द्र पाल सिंह ,सरदार मनजीत सिंह सचदेवा, सरदार हरजीत सिंह, आदि लोग उपस्थित थे।

मनोज गुप्ता बने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय मंत्री,व्यापारियों में हर्ष

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला महामंत्री मनोज गुप्ता को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कमेटी द्वारा 'राष्ट्रीय मंत्री' का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।उनके इस मनोनयन से स्थानीय व्यापारियों और समाज के लोगों में हर्ष की लहर है। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के



जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ व्यापारी नेता बालकिशन गुप्ता (बालू भाई), राष्ट्रीय व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष पं. अशोक भारतीय, संजीव गर्ग तथा अंकुर गोयल (बंटी) ने मनोज गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि मनोज गुप्ता की कार्यकुशलता से संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती मिलेगी। सभी व्यापारियों ने इस नियुक्ति के लिए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल व राष्ट्रीय उप महामंत्री मनोज जिंदल का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

तहसील परिसर मोदीनगर में जर्जर सड़क की दयनीय स्थिति और शौचालय के निर्माण हेतु जनहित में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दिया जाएगा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। के मोदीनगर तहसील मुख्यालय परिसर में टूटी पड़ी सड़कों और शौचालय के निर्माण की मांग को लेकर अधिवक्ता का धरना शुरू। मांग पूरी न हुई तो करेंगे भूख हड़ताल। बता दे की तहसील मुख्यालय की सड़क वर्षों से जर्जर पड़ी है बरसात में यहां पानी भरा रहता है जिस वजह से आवागमन में काफी समस्या होती है इसके अलावा शौचालय की हालत भी बहुत बुरी है। प्रशासन की लापरवाही से शौचालय अभी प्रयोग में नहीं है जिस वजह से अधिवक्ताओं और यहां हजारों की संख्या में आने वाले बुजुर्ग और महिलाएं फरियादियों को काफी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है चौधरी संजीव चिकारा एडवोकेट पूर्व सचिव बार एसोसिएशन मोदीनगर अध्यक्ष- सहयोग फाउंडेशन रजि.संपर्क सूत्र-9897181615 पर कर सकते हैं।



सोने की गिरावट को अवसर समझें, घबराहट में न लें फैसला--अक्षय कुमार गुप्ता

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। सोने की कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच "ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन" (AIJA)गाजियाबाद के अध्यक्ष अक्षय कुमार गुप्ता ने ग्राहकों और सराफा कारोबारियों को महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि कीमतों में आई गिरावट को कमजोरी नहीं, बल्कि खरीदारी के अवसर के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से ग्राहक गिरावट का इंतजार कर रहे थे। जिन लोगों ने 1,50,000 रुपये या उससे ऊपर के स्तर पर खरीदारी



की योजना बनाई थी, उन्हें अब लगभग 1,10,000 से 1,15,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास खरीदारी का मौका मिल रहा है। इसलिए केवल और नीचे जाने के इंतजार में अवसर गंवाना समझदारी नहीं होगी। चरणबद्ध निवेश की सलाह अक्षय कुमार गुप्ता ने ग्राहकों को एक साथ पूरा निवेश करने के बजाय खरीदारी को दो-तीन चरणों में बांटने की सलाह दी। उदाहरण के तौर पर, 3 लाख रुपये का सोना खरीदने वाले व्यक्ति को पहले 1 लाख रुपये की खरीदारी करनी चाहिए और शेष रकम बाजार की स्थिति देखकर लगानी चाहिए। इससे भाव बढ़ने पर निचले स्तर की खरीदारी का लाभ मिलेगा और गिरावट आने पर औसत लागत कम करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि सोने का बाजार अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, डॉलर और ब्याज दरों से प्रभावित होता है, इसलिए निश्चित भविष्यवाणी संभव नहीं है। ग्राहक अपनी आर्थिक क्षमता और निवेश अवधि को ध्यान में रखकर ही फैसला लें। ज्वेलर्स से पारदर्शिता और सतर्कता की अपील

कारोबारियों से उन्होंने संतुलित स्टॉक रखने, रिस्क मैनेजमेंट अपनाने,भाव,शुद्धता, मेकिंग चार्ज की स्पष्ट जानकारी देने, हॉलमार्किंग और उचित बिलिंग को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि उतार-चढ़ाव के दौर में ग्राहकों का विश्वास बनाए रखना ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। अंत में उन्होंने कहा कि ग्राहक गिरावट से घबराएं नहीं और ज्वेलर्स धैर्य,पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कारोबार करें।

सुभाष नगर में अवैध क्रिकेट सट्टा रैकेट का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिल्ली के राजौरी गार्डन थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में पुलिस ने अवैध क्रिकेट सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी सुभाष नगर के स्टाफ को 21 नवंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि सुभाष नगर में एक मकान की पहली मंजिल से अवैध क्रिकेट सट्टा चलाया जा रहा है। सूचना पर एसआई अनुज मोर के नेतृत्व में टीम ने छापा मारा, जहां दोनों आरोपी ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड क्रिकेट मैच पर सट्टा लगवाते हुए पकड़े गए। आरोपी पंटरों से बात कर सट्टे के रेट बता रहे थे और लैपटॉप में Betting Assistant I-Book एप पर एंट्री कर रहे थे। मौके से 8 मोबाइल फोन, सट्टे का डेटा वाला एक एचपी लैपटॉप और एक कैश काउंटिंग मशीन बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुभाष नगर निवासी सुखविंदर सिंह और पहाड़गंज निवासी सुनील सचदेवा के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना राजौरी गार्डन में एफआईआर नंबर 629/2026, धारा 3/4/5/9 दिल्ली पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट 1955 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।



श्रीकृष्ण उवाच विषय पर गोष्ठी सम्पन्न,दैवीय गुण ही मनुष्य के जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं-आचार्या विमलेश बंसल आर्या

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में श्री कृष्ण उवाच विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 812 वाँ वेबिनार था। वैदिक विदुषी आचार्या विमलेश बंसल ने श्रीमद्भगवद्गीता के सोलहवें अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण ने दैवी संपदा का वर्णन करते हुए अर्जुन को जीवन में निर्भयता, अंतःकरण की शुद्धता,ज्ञानयोग में दृढ़ता,दान, इंद्रियसंयम,यज्ञ,स्वाध्याय,तप और सरलता जैसे गुण अपनाने का संदेश देते हैं। अभयं सत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोगव्यवस्थिति। दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तप आर्जवम्। आचार्या विमलेश बंसल ने कहा कि ये गुण केवल धार्मिक उपदेश नहीं,बल्कि श्रेष्ठ जीवन जीने की आधारशिला हैं।निर्भयता मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है,अंतःकरण की शुद्धता उसके विचारों को पवित्र बनाती है और स्वाध्याय एवं तप उसे आत्मोन्नति की दिशा में अग्रसर करते हैं।दान,संयम और सरलता से जीवन में सद्भाव एवं मानवता का विकास होता है।उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति इन दैवी गुणों को अपने आचरण में उतारकर स्वयं के जीवन को श्रेष्ठ बनाए तथा समाज में नैतिकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करे। मुख्य अतिथि रजनी गर्ग व अध्यक्ष विमला आहूजा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का कुशल संचालन राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने किया।प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

गायिका कौशल्या अरोड़ा,जनक अरोड़ा,संतोष धर एवं सुधीर बंसल आदि ने मधुर भजन सुनाए।



मोदीनगर में 6 दिसंबर को होगा 'प्रतिभा सम्मान समारोह', डिप्टी सीएम बृजेश पाठक होंगे मुख्य अतिथि

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

मोदीनगर। बुधवार, 25 नवंबर को दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित 'दि मेरेडियन' में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ, मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय महिला एकता संघर्ष संगठन-74 के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आर.डी. शर्मा ने बताया कि आगामी 6 दिसंबर (रविवार) को दोपहर 2:00 बजे से सीकरी गांव के सामने स्थित पतंजलि वैलनेस



सेंटर में भव्य 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले भाई-बहनों को 'उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान' से नवाजा जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल,स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप,भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह, मोदीनगर विधायक डॉ. मंजू सिवाच तथा पूर्व विधायक सुदेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अमरेश कुमार शर्मा करेंगे। कार्यक्रम की संयोजक एवं राष्ट्रीय महिला एकता संघर्ष संगठन -74 की राष्ट्रीय अध्यक्ष तीशा गोस्वामी ने बताया कि यह आयोजन बेहद भव्य होगा। जिसमें मोदीनगर के साथ- साथ आसपास के क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका संगठन पारिवारिक विवादों को सुलझाने और परिवारों को टूटने से बचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मूलचंद गौड़, सोनिया त्यागी, ब्लैक कमांडो मनोज शर्मा,नीरज चौधरी, वंदना गर्ग, वंदना सिंह, सविता सिंह, महेश तायल लाल, डॉ. पवन सिंघल, मनोरमा शर्मा, नीलम वर्मा, मनीष सेठ, बिंदु त्यागी और शैली त्यागी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

द्वारका में बैटरी चोरी गैंग का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार, 6 बैटरियां और स्विफ्ट डिजायर कार बरामद

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिल्ली के द्वारका जिले में थाना सेक्टर-23 पुलिस ने बैटरी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद आसिफ उर्फ वसीम (34), गियासुद्दीन (46), मोहम्मद आबिद उर्फ वीरू (38), मोहम्मद असलम उर्फ पहलवान (33) और कासिम अली उर्फ कांजी (36) के रूप में हुई है। डीसीपी द्वारका कुशल पाल सिंह के निर्देश पर एसएचओ बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सर्विलांस की मदद से आरोपियों को ट्रेस किया। जांच में सामने आया कि आरोपी मारुति स्विफ्ट डिजायर कार से वारदात वाली जगह पहुंचते थे। कार को आरोपी आसिफ चला रहा था। चोरी की बैटरियों का खरीदार बताए गए गियासुद्दीन को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर उसके पास से 6 चोरी की बैटरियां और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए गए। वहीं वारदात में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट डिजायर कार भी जब्त कर ली गई है। आरोपी आबिद पहले से 12 चोरी के मामलों में शामिल रह चुका है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।



छठ महापर्व पर अश्लील टिप्पणी करने वाले कॉमेडियन के खिलाफ FIR की मांग, संतोष ओझा ने दरियागंज थाने में दी शिकायत

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, 25 नवंबर : दिल्ली प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष संतोष ओझा ने छठ महापर्व के पवित्र सिंदूर को लेकर कथित अश्लील एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले कॉमेडियन यश मेहरोत्रा के खिलाफ तत्काल ऋ्रक्ष दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

संतोष ओझा ने मोर्चा प्रभारी विपिन बिहारी सिंह और मोर्चा सह प्रभारी ब्रजेश राय के साथ दरियागंज थाने में डीसीपी रोहित राजवीर सिंह को शिकायत सौंपी। उन्होंने



कहा कि मनोरंजन और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर करोड़ों महिलाओं की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का अपमान करने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती।

उन्होंने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि बिहार और पूरे पूर्वांचल की आत्मा, आस्था, संस्कृति और गौरव का प्रतीक है। माताएं-बहनें परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की लंबी आयु के लिए कठिन व्रत रखती हैं। ऐसे पवित्र पर्व में सिंदूर जैसी सुहाग की निशानी पर अश्लील टिप्पणी करना करोड़ों महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है।

संतोष ओझा ने दिल्ली पुलिस से मांग की कि संबंधित वीडियो की निष्पक्ष जांच कर तत्काल ऋ्रक्ष दर्ज की जाए, डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए और दोषी पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता और व्यूज के लिए धार्मिक परंपराओं और महिलाओं के सम्मान को निशाना बना रहे हैं, जिसे बख्शा नहीं जाएगा।

द्वारका पुलिस ने सेक्टर-6 स्कूल में 630 छात्रों को नशा और साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक, छात्रों ने नशा न करने की ली शपथ

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली द्वारका जिला पुलिस ने सरकारी को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-6 में नशा और साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें



करीब 630 छात्रों ने हिस्सा लिया। डीसीपी कुशल पाल सिंह के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को नशे के शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों, मोबाइल के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा के उपायों और ऑनलाइन खतरों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आपातकालीन और पुलिस हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों ने कभी नशा न करने और नशा मुक्त समाज बनाने में योगदान देने की शपथ ली।

दिल्ली नगर निगम के आयुक्त श्री संजीव खिरवार ने रोहिणी सेक्टर-23 एवं वार्ड नंबर-27 का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

रोहिणी सेक्टर-23 के आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

सुनहरा संसार दिल्ली नगर निगम के आयुक्त श्री संजीव खिरवार ने आज बाहरी उत्तर क्षेत्र के रोहिणी सेक्टर-23 का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निगमायुक्त ने इलाके में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान बाहरी उत्तर क्षेत्र के उपायुक्त श्री राघवेंद्र मीणा सहित दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



आयुक्त श्री संजीव खिरवार ने बाहरी उत्तर क्षेत्र के वार्ड नंबर-27, बेगमपुर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने इलाके में सफाई व्यवस्था की स्थिति दुरुस्त बनाए रखने के आदेश दिए। रोहिणी सेक्टर-32 एवं दीप विहार का भी निरीक्षण किया एवं वहां पर धूल कम करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

दिल्ली नगर निगम दिल्ली को साफ,स्वच्छ एवं हरित शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कार्य करते हुए निगम के वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में जाकर स्वयं निरीक्षण कर रहे हैं।

गाजियाबाद में सपा और कांग्रेस गठबंधन के संभावित यूपी 2027 चुनाव उम्मीदवार कौन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। की विधानसभा सीटों से सपा-कांग्रेस गठबंधन के इन पांचों संभावित दावेदारों का विवरण इस प्रकार है (अभी किसी भी नाम पर आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है) डोली शर्मा (गाजियाबाद सदर): 2024 की लोकसभा प्रत्याशी रहीं डोली शर्मा का नाम गाजियाबाद सदर सीट से कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार के रूप में चर्चा में है। मांगेराम त्यागी (साहिबाबाद): साहिबाबाद विधान सभा सीट से कांग्रेस की ओर से मांगेराम त्यागी का नाम संभावित दावेदार के रूप में सामने आया है। अमरपाल शर्मा (साहिबाबाद) साहिबाबाद के पूर्व विधायक और 2022 के सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा सपा की ओर से इस सीट पर फिर से प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। मनीषा त्यागी (मुरादनगर): नवंबर 2026 में अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद सपा नेत्री मनीषा त्यागी मुरादनगर विधानसभा सीट से टिकट की मजबूत दावेदार के रूप में उभरी हैं। अनिल कसाना (लोनी): 21 नवंबर 2026 को भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए लोनी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल कसाना को लोनी सीट से सपा का संभावित चेहरा माना जा रहा है।



श्री सनातन धर्म इंटर कॉलेज गाजियाबाद के प्रबन्ध समिति चुनाव सम्पन्न

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। श्री सनातन धर्म इण्टर कॉलिज गाजियाबाद की प्रबन्ध समिति के चुनाव आज सम्पन्न हुये। सदस्य विधान परिषद व शहर के प्रमुख शिक्षाविद एवं समाजसेवी, दिनेश कुमार गोयल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। प्रमुख



उद्योगपति बिजेन्द्र कुमार, प्रबन्धक उद्योगपति आदित्य गर्ग उपप्रबन्धक एवं पूर्व प्रधानाचार्य विजय कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुये। अरुण कुमार गर्ग, दिनेश गर्ग, शरद कुमार गर्ग, अमित कुमार सिंघल एवं राजीव कुमार मंगल सदस्य प्रबन्ध समिति निर्वाचित हुये। पूर्व प्रधानाचार्य हरीश चन्द अग्रवाल,चुनाव अधिकारी के नेतृत्व में सम्पूर्ण कार्यक्रम सम्पादित हुआ।

लोनी के बेहटा हाजीपुर में सिक्योरिटी एवं प्रॉपर्टी ऑफिस' का भव्य शुभारंभ, क्षेत्रवासियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ लोनी (गाजियाबाद)। लोनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेहटा हाजीपुर स्थित राजनगर कॉलोनी में आज एक भव्य समारोह के बीच नए 'सिक्योरिटी एवं प्रॉपर्टी ऑफिस' का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया



गया। इस मांगलिक अवसर पर मुख्य अतिथि ने कार्यालय के संचालकों को इस नई व्यावसायिक शुरूआत के लिए हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएँ दीं।

उद्घाटन के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से न केवल क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी,बल्कि स्थानीय लोगों को सुरक्षा और प्रॉपर्टी से जुड़ी पारदर्शी व विश्वसनीय सेवाएँ भी अपने ही क्षेत्र में सुलभ हो सकेंगी। उन्होंने संचालकों की इस दूरदर्शी पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में लोगों को एक ही छत के नीचे भरोसेमंद प्रॉपर्टी सलाह और सुरक्षा सेवाएँ मिलना बेहद सराहनीय कदम है।

कार्यक्रम के दौरान कार्यालय के संचालकों ने सभी अतिथियों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया तथा विश्वास दिलाया कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ क्षेत्रवासियों की सेवा करेंगे। समारोह के अंत में ईश्वर से प्रार्थना की गई कि यह नया प्रतिष्ठान निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे और सफलता की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, व्यापारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

आगरा जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड, विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न, लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

- **जिला समाज कल्याण अधिकारी,जिला पिछड़ा वर्ग, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि**
- **फैमिली आईडी निर्माण प्रगति की हुई समीक्षा, सबसे कम प्रगति वाले 05 ब्लॉकों के बीडीओ का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण तलब करने के दिए निर्देश**

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी कैलाश वर्मा





आगरा.25.11.2026. आज जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में *सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्य एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की विभागवार, बिंदुवार गहन समीक्षा कर प्रगति जानी।

बैठक में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में पाया कि पूर्व दशम तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में "डी" श्रेणी प्राप्त हुई है, जिलाधिकारी महोदय ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तथा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी से जवाब तलब किया, कार्य में लापरवाही व शिथिलता बरतने, पोर्टल पर संबंधित डाटा अपलोड न करने पर कड़ी फटकार लगाई तथा संबंधित तीनों अधिकारियों को सुधार न करने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के कड़े निर्देश दिए। सिंचाई विभाग की समीक्षा में पाया कि टेल फीडिंग, रजवाह व नहरों की सिल्ट सफाई आदि कार्यों में जनपद को "डी" श्रेणी में वगीकृत किया गया है, जिलाधिकारी महोदय ने इस स्थिति पर संबंधित से नाराजगी व्यक्त की तथा लगातार कार्यों में शिथिलता बरतने प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में फैमिली आईडी निर्माण प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को सबसे कम प्रगति वाले 05 ब्लॉकों के बीडीओ का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा में 01 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट तलब की, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की समीक्षा में पाया कि 04 परियोजनाएं पूर्ण हैं लेकिन संबंधित विभागों को उनकी हैंड ओवर प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है, जिलाधिकारी ने कार्य में शिथिलता पर अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण को भी प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बटेश्वर में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति जानी, समस्त योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकास एवं निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं, अन्यथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार लाना सभी विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिन योजनाओं में प्रगति संतोषजनक नहीं है, उनमें विशेष अभियान चलाकर प्रगति लाई जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि निर्माण स्थलों का नियमित निरीक्षण करें, कार्य की गुणवत्ता की जांच करें तथा जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

बैठक में सीडीओ अमित कुमार, जिला अर्थ सांख्यिकी अधिकारी खगेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ अरुण श्रीवास्तव, डीडी पीआरडीए रेणु कुमारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी राघवेंद्र वर्मा, जीके वार्ष्णेय, उपनिदेशक कृषि मुकेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

आगरा मण्डलायुक्त श्री नगेन्द्र प्रताप जी की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई संपन्न

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी कैलाश वर्मा



आगरा. 25 नवंबर 2026. आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त श्री नगेन्द्र प्रताप जी की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई। सर्वप्रथम विगत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। तत्पश्चात मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा में अवगत कराया गया कि इस वित्तीय वर्ष में मण्डल में लक्ष्य के सापेक्ष स्वीकृति लगभग 74 प्रतिशत एवं वितरण प्रगति लगभग 61 प्रतिशत रही है। ओडीओपी वित्त पोषण सहायता योजना में लक्ष्य के सापेक्ष मण्डल ने पूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति की जबकि अन्य जिलों की अपेक्षा फिरोजाबाद में वितरण प्रगति कम रही। प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। वहीं सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में मथुरा और फिरोजाबाद में आवेदन स्वीकृति और वितरण प्रतिशत की प्रगति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। एमओयू प्रस्तावित निवेश उपलब्धि के संबंध में अवगत कराया गया कि लगभग 568 एमओयू जीबीसी के लिए तैयार हैं जिसमें लगभग 443 ईकाइयां क्रियाशील हो चुकी हैं।

मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की विगत बैठक के अनुपालन एवं वर्तमान स्थिति की मंडलायुक्त महोदय द्वारा समीक्षा की गई। औद्योगिक क्षेत्र सिकंदरा में ही पूर्व निर्मित स्टोर वाटर ड्रेनेज सिस्टम में जल निकासी की समस्या के संबंध में अवगत कराया गया कि स्थल पर आरसीसी नाले बनाये जाने हेतु वृक्षों के पातन की एनओसी प्राप्त नहीं हुई है। आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि मुख्य अभियंता नगर निगम, उद्यमियों के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण करें और बिना वृक्षों के पातन नाले बनाये जाने की यदि संभावना हैं तो रिपोर्ट प्रस्तुत करें। फाउण्ड्री नगर, औद्योगिक क्षेत्र में पार्क सौन्दर्यीकरण एवं फुटपाथ निर्माण कार्य आगणन स्वीकृति शासन से लंबित है। मुख्यालय से पत्राचार कर जल्द स्वीकृति लेते हुए विभागीय स्तर से ही कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्र नुनिहाई में जल निकासी की समस्या को लेकर संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम द्वारा आंगणक तैयार कर टेंडर प्रक्रिया की कार्यवाही की जा रही है। उपायुक्त उद्योग को रेलवे विभाग को वे-लीव शुल्क जमा कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। गलीचा बिरई प्रशिक्षण योजना चलाने के संबंध में धीमी गति से चल रहे कार्य में तेजी लाने को कहा।

यूपीसीडा विभाग द्वारा टैक्स चार्ज ज्यादा लिए जाने के प्रकरण में यूपीसीडा विभाग के पास साफ सफाई आदि व्यवस्था हेतु मशीनें व मैनपॉवर नहीं होने के कारण विकसित औद्योगिक क्षेत्रों का रखरखाव पुनः नगर निगम आगरा को सौंपे जाने की दिशा में मुख्यालय से पत्राचार एवं आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। सिकन्दरा औद्योगिक क्षेत्र, बोदला बिचपुरी औद्योगिक क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग को लेकर संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त क्षेत्रों में फीडर और सब-स्टेशनों पर तेजी से सुधार कार्य किया जा रहा है। सिकन्दरा क्षेत्र में मेट्रो कार्य के चलते भूमिगत केबल कट जाने पर दक्षिणांचल अधिकारी को मेट्रो अधिकारी से समन्वय कर तत्काल सही कराये जाने के निर्देश दिए। सिकन्दरा औद्योगिक क्षेत्र में बने नालों की सफाई प्रकरण में उद्यमी बन्धुओं द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया जिसपर आयुक्त महोदय ने नगर निगम और सिंचाई विभाग को आपसी समन्वय बैठक कर नाले की नियमित सफाई हेतु स्थायी समाधान निकाले जाने के निर्देश दिए। फतेहाबाद रोड़ पर नगर निगम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कराते हुए फतेहाबाद मेट्रो स्टेषन से ताज ईस्ट गेट तक 15 पार्किंग स्थल संचालित कराये जाने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

सुभाष बाजार में जर्जर दुकानों के संबंध में आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि भविष्य में दुर्घटना न हो, इसके दृष्टिगत जर्जर दुकानों व अतिक्रमणों को हटाये जाने/ध्वस्तीकरण एवं दुकानों को शिफ्ट कराए जाने की नियमानुसार कार्यवाही की जाए। संजय प्लेस में कपड़ा व जूता मार्केट में रिक्त दुकानों, अन्य सामान के व्यापार हेतु दुकानें आंवटित किए जाने विषयक तथा सार्वजनिक पार्किंग को लेकर एडीए उपाध्यक्ष को उद्यमियों के साथ अगल से बैठक करने के निर्देश दिए। एनएच 2 की सर्विस लेन पर बजाज शू फैक्ट्री के पास विद्युत ट्रान्सफॉर्मर सड़क पर स्थापित होने पर मार्ग अवरूद्ध की समस्या पर एनएचएआई के संबंधित अधिकारी को जिला प्रशासन मथुरा व आगरा से समन्वय कर अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराकर ट्रान्सफॉर्मर को शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

निवेश मित्र पोर्टल के अन्तर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गयी। फिरोजाबाद, मथुरा में दो एवं मैनपुरी में दस प्रकरण समय सीमा उपरांत लंबित हैं। आयुक्त महोदय ने लंबित प्रकरणों के तत्काल निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। अंत में उद्यमियों द्वारा आरबीएस कॉलेज चैराहे पर स्थापित टोरंट ट्रान्सफॉर्मर के कारण लगने वाले जाम की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर टोरंट विभाग को मार्ग अवरूद्ध नहीं होने के अनुसार ट्रान्सफॉर्मर को शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए।

भारत-नेपाल के शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करने की पहल अभिनंदनीय : अभाविप

सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्थलों के दर्शन हेतु भारतवासियों को नेपाल के प्रधानमंत्री का आमंत्रण भारत-नेपाल के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं जन-जन के संबंधों को दृढ़ता प्रदान करेगा : डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नेपाल के प्रधानमंत्री श्री बालेन शाह के भारत आगमन के अवसर पर भारत एवं नेपाल के नेतृत्व द्वारा दोनों देशों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में की गई पहलों का अभिनंदन करती है। भारत सरकार द्वारा शिक्षा, कृषि, चिकित्सा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में नेपाल के साथ सहयोग विस्तार के लिए की गई पहल तथा नेपाल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास के लिए भारत द्वारा प्रदान किया गया उल्लेखनीय सहयोग दोनों देशों की पारस्परिक मैत्री एवं प्रतिबद्धता का परिचायक है। भारत की जनता को श्री मुक्तिनाथ, श्री पशुपतिनाथ, माँ जानकी की पावन भूमि जनकपुर, जीवित कुमारी की परंपरा एवं भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी के दर्शन हेतु आमंत्रित करने का नेपाल के प्रधानमंत्री श्री बालेन शाह का हार्दिक आमंत्रण, दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत और आत्मीय संबंधों को नई मजबूती प्रदान करने वाला है। भारत और नेपाल के मध्य शैक्षिक सहयोग को नई गति देने के लिए नेपाल में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) का परिसर स्थापित करने, कानून, प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) जैसे विषयों में छात्रवृत्ति एवं प्रशिक्षण के अवसरों का विस्तार करने तथा शिक्षकों एवं विशेषज्ञों के आदान-प्रदान की पहल की गई है। साथ ही, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना, लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय में नालंदा केंद्र की स्थापना, कृषि अनुसंधान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के प्रमुख संस्थानों के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच संपर्क एवं सांस्कृतिक मैत्री को बढ़ावा देने वाली वंदे भारत ट्रेन जैसी पहल भी इस सहयोग को नई दिशा प्रदान करती है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा, "भारत और नेपाल के संबंध सदियों पुराने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक संबंधों पर आधारित हैं। दोनों देशों के युवाओं के बीच शिक्षा, शोध, नवाचार एवं कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग की असीम संभावनाएं हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री श्री बालेन शाह द्वारा भारत के नागरिकों को नेपाल के हिमालय की गोद में बसे भगवान मुक्तिनाथ, श्री पशुपतिनाथ, तराई के मैदानों में स्थित माता जानकी की पावन भूमि जनकपुर, जीवित देवी कुमारी की परंपरा तथा शांति के अग्रदूत भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी के दर्शन हेतु दिया गया आमंत्रण दोनों देशों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करने वाला है। नेपाल में IIT परिसर की स्थापना तथा उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार दोनों देशों के युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने वाला महत्वपूर्ण कदम है। भारत सरकार द्वारा इस दिशा में की गई पहल तथा दोनों देशों के नेतृत्व द्वारा युवा केंद्रित सहयोग को प्राथमिकता देना सराहनीय है। अभाविप इन पहलों का अभिनंदन करती है और विश्वास करती है कि भारत एवं नेपाल के बीच शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सहयोग आने वाले समय में दोनों देशों की मैत्री को और अधिक सुदृढ़ करेगा।"

नैरोबी में 3 दिसंबर से शुरू होगा सुपर 90 सीजन 4, , शाकिब अल हसन, जेसन रॉय और एलेक्स हेल्स जैसे दिग्गज मचाएंगे धमाल

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नैरोबी में 3 दिसंबर से सुपर 90 टूर्नामेंट के चौथे सीजन का आगाज होगा, जिसमें वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल, बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन, इंग्लैंड के जेसन रॉय और एलेक्स हेल्स समेत कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय सितारे मैदान पर उतरेंगे। 14 दिसंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में सात फ्रेंचाइजी टीमों के बीच कुल 22 मुकाबले खेले जाएंगे।

क्रिस गेल पंजाब टाइटंस की अगुवाई करेंगे, जबकि शाकिब अल हसन लंदन जायंट्स के लिए खेलेंगे। जेसन रॉय मेरु थंडर्स और एलेक्स हेल्स नैरोबी लायंस का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके अलावा श्रीलंका के पूर्व कप्तान तिलकरत्ने दिलशान, ऑस्ट्रेलिया के शॉन मार्श, फैबियन एलन और कार्लोस ब्रैथवेट भी टूर्नामेंट की शोभा बढ़ाएंगे।

एविन लुईस, क्रिस लिन, इमाद वसीम, महमूदुल्लाह, वेन पार्नेल, रवि बोपारा, अंबाती रायुडू, मिशेल जॉनसन और समित पटेल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी विभिन्न टीमों से खेलते नजर आएंगे, जिससे टूर्नामेंट और भी रोमांचक हो जाएगा।

उद्घाटन मुकाबले में 3 दिसंबर को नैरोबी जिमखाना क्रिकेट क्लब में पंजाब टाइटंस का सामना दिल्ली रॉयल्स से होगा। 4 दिसंबर को नैरोबी लायंस और लंदन जायंट्स भिड़ेंगे, जबकि उसी दिन दिल्ली रॉयल्स का मुकाबला हरियाणा वॉरियर्स से होगा। 5 दिसंबर को लंदन जायंट्स की टक्कर एल्डोरेट टाइगर्स से और मेरु थंडर्स की टक्कर पंजाब टाइटंस से होगी।



हरियाणा वॉरियर्स, पंजाब टाइटंस, नैरोबी लायंस, मेरु थंडर्स, एल्डोरेट टाइगर्स, दिल्ली रॉयल्स और लंदन जायंट्स समेत सात फ्रेंचाइजी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय और केन्याई क्रिकेटरों को एक साथ खेलने का मौका मिलेगा। रोजाना दो मुकाबले खेले जाएंगे, पहला मैच दोपहर 2 बजे और दूसरा शाम 5 बजे भारतीय समयानुसार शुरू होगा।

उत्तर दिल्ली पुलिस की AATS टीम ने दो शातिर ऑटो-लिफ्टरों को दबोचा, 6 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद



अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

दिल्ली के उत्तर जिले में वाहन चोरी की वारदातों पर लगाम लगाते हुए AATS/North District की टीम ने दो कुख्यात और आदतन ऑटो-लिफ्टरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकुर उर्फ मेंटल (33 वर्ष) और अजय उर्फ मानव (26 वर्ष) के रूप में हुई है, दोनों गुलाबी बाग इलाके के रहने वाले हैं।

मामले की शुरूआत 6 नवंबर 2026 को हुई, जब शिकायतकर्ता नागेश्वर प्रसाद ने बताया कि उनकी हीरो पैशन मोटरसाइकिल DL6S BC 57 गली नंबर 4, बाग करे खां, किशनगंज से चोरी हो गई। इस पर ढर सराय रोहिल्ला में ई-एफआईआर नंबर 027233/26, धारा 305(b) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया।

इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता (I/C AATS) के नेतृत्व और ACP ऑपरेशन्स विशेश धत्तरवाल की देखरेख में गठित टीम ने CCTV फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। फुटेज में दो संदिग्ध चोरी की बाइक ले जाते दिखे, जिनका पीछा करते हुए टीम गुलाबी बाग तक पहुंची। इसके बाद मुखबिरों और तकनीकी निगरानी की मदद से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे चोरी के दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल लूट, झपटमारी और चोरी जैसी वारदातों में करते थे और उनसे मिलने वाले पैसों से नशे की लत पूरी करते थे। पेट्रोल खत्म होने पर वे वाहनों को किशनगंज रेलवे स्टेशन के पास सुनसान जगह पर छोड़ देते थे।

आरोपियों की निशानदेही पर किशनगंज रेलवे स्टेशन के पास से 5 और चोरी के वाहन बरामद किए गए। इस तरह कुल 6 चोरी के दोपहिया वाहन (4 स्कूटी और 2 मोटरसाइकिल) बरामद हुए और 6 वाहन चोरी के मामले सुलझाए गए।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और पहले से ही दिल्ली के विभिन्न थानों में लूट, झपटमारी, चोरी और आर्म्स एक्ट के 13-13 मामलों में शामिल रह चुके हैं।

गौतमबुद्ध नगर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण संपन्न

रामकिशोर अवस्थी गौतमबुद्ध नगर, 25 नवंबर 2026 आगामी विधानसभा निर्वाचन-2027 में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने और प्रत्येक पात्र नागरिक को लोकतंत्र की प्रक्रिया से जोड़ने के



उद्देश्य से बुधवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में स्वीप (मतदाता जागरूकता) कार्यक्रम की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण सत्र संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण सत्र में जनपद की समस्त तहसीलों एवं विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्रवार अभियान चलाकर अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित की जाये। बैठक में स्वीप कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी का अभियान बनाने के लिए उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों को सक्रिय रूप से जोड़ने के निर्देश दिए गए। सभी विभागों के नोडल अधिकारियों को अपने अधीनस्थ शिक्षण संस्थानों का भ्रमण कर वहां मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित कराने को कहा गया। युवा मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे छात्र-छात्राओं को चिह्नित किया जाए, जिनकी आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है अथवा आगामी अर्हता तिथि तक पूरी होने वाली है। इसके लिए पात्र युवाओं को फॉर्म-6 उपलब्ध कराकर उनका मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रभारी अधिकारियों को स्वीप गतिविधियों में नवाचार अपनाने और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने को कहा। उन्होंने विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाने, अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) में विद्यार्थियों को जागरूकता संबंधी टास्क देने तथा हस्ताक्षर अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों में व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाने और नए पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी नोडल अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

फिरोजाबाद में सिपाही ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, भाई ने एसएचओ के फोन के बाद तनाव में होने की कही बात

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में थाना अरांव में तैनात एक सिपाही ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिपाही का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।





पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक सिपाही की पहचान प्रेमवीर के रूप में हुई है। वह मूल रूप से फरुर्खाबाद जिले का रहने वाला था और फिरोजाबाद के थाना अरांव में तैनात था। जानकारी के मुताबिक, उसकी चचेरी बहन की शादी थी। इसके चलते वह छुट्टी लेकर मंगलवार सुबह अपने घर पहुंचा था।मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी (एसएचओ) का फोन आने के बाद से प्रेमवीर परेशान था। भाई के मुताबिक, फोन पर बातचीत के बाद वह गुस्से में घर से निकला और वापस थाने पहुंच गया। इसके बाद सिपाही का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सिपाही की मौत के पीछे की वास्तविक वजह क्या रही और उसके भाई द्वारा लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

मामा की धमकी से आहत युवक ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड नोट मिलने से मचा हड़कंप



दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद जिले के जसराना थाना क्षेत्र के गांव भादऊ में 25 वर्षीय युवक सोनू ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें युवक ने अपने ननिहाल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अवैध संबंधों के शक में ननिहाल पक्ष के लोगों ने सोनू के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। आरोप है कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। बताया जा रहा है कि इस घटना से आहत होकर सोनू ने आत्मघाती कदम उठा लिया।घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस को घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट को जांच में शामिल किया गया है।परिजनों की तहरीर और सुसाइड नोट में लगाए गए आरोपों के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही घटना के कारणों और आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

ट्रक की टक्कर से चार की मौत: मृतकों में झाबुआ के एक परिवार के दंपती और दो बच्चे शामिल, महिला गर्भवती थी

रहीम शेरानी जिला ब्यूरो चीफ झाबुआ

गुजरात के भुज में ट्रक की टक्कर से झाबुआ जिले के संदला गांव के एक परिवार के चार लोगों की मौत हो गई।

मृतकों में दंपती और दो बच्चे शामिल हैं। परिजनों के मुताबिक, महिला गर्भवती थी। हादसे में अन्य मजदूरों के घायल होने की भी खबर है। जानकारी के मुताबिक, संदला गांव के दो सगे भाई दीवान और अर्जुन मजदूरी के लिए गुजरात के भुज गए थे।

उनके साथ इलाके के अन्य मजदूर भी काम कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि काम के चलते मजदूर



दीपावली पर भी घर नहीं लौट पाए थे।

हादसे के समय मजदूर ट्रैक्टर-

ट्रॉली की छांव में बैठे थे

ट्रॉली के पास छांव में बैठकर खाना खा रहे थे।

इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने



ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर के पास बैठे मजदूर इसकी चपेट में आ गए।

मृतक के नाम

मृतकों की पहचान दीवान (पिता दलसिंह मखौड़िया), अश्विना (दीवान की पत्नी), नवीना (पिता अर्जुन मखौड़िया) और दशरथ (पिता अर्जुन मखौड़िया) के रूप में हुई है। सभी झाबुआ तहसील के संदला गांव के रहने वाले थे।

चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

दंपती की हैं तीन बेटियां

जानकारी के मुताबिक, दीवान और अश्विना की तीन बेटियां हैं। इनमें से एक गांव में थी, जबकि दो उनके साथ गुजरात गई थीं।

हादसे की खबर मिलने पर गांव के सरपंच और अन्य ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे मृतक को का पोस्टमार्टम के बाद सभी मृतक को अपने गांव लेकर आए विधि विधान अंतिम संस्कार किया गया जनप्रतिनिधियों ने सरकार से अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग देने की विनती की है

कार्तिक पूर्णिमा भगवान गुरु नानक देव जी जयंती प्रकाश पर्व पर, देशवासियों थेको बधाई शुभकामनाएं मयूरी धानक

रहीम शेरानी जिला ब्यूरो चीफ झाबुआ



थांदला कंचन सामाजिक सेवा संस्थान संपूर्ण भारत भारतीय गौरक्षा वाहिनी संगठन के इन्दोर इकाई के साथ प्रधान कार्यालय एमजी रोड स्थित प्रधान कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारियों संस्था कि राष्ट्रीय संचालक मालवा प्रांत महाधिवक्ता महिला परिषद् ब्लाक अध्यक्ष एडवोकेट कुमारी मयूरी धानक राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वर्षा संजय परमार गोरक्षा प्रदेश महामंत्री अजा मोर्चे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पार्षद राजू धानक युवा शक्ति के रवी जाट सूनील डामोर कैशव परमार आदि कार्यकताओं ने पदाधिकारियों ने भगवान गुरु नानक जयंती पर उन्हें याद किया इस अवसर पर कुमारी मयूरी धानक ने उनके बताए मार्ग हमें सत्य, करुण समानता और निःस्वार्थ सेवा का जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं। उनके बताए हुए मार्ग पर हम-सब चलें, और आत्मनिर्भर बनें, व अंनकुट महोत्सव में शामिल हुए,

राम जी के प्यारे, माता अंजनी के दुलारे ॥ बाथि बाधा, दुःख, संकट हरो कष्टभंजन सरकार हमारे ॥

॥ श्री हनुमंते नमः ॥॥ श्री सीताराम चन्द्राभ्यो नमः ॥ श्री गुरूदेवाय नमः ॥

श्री हनुमान अष्ट मंदिर भक्त मलुकदासजी की प्राचीन

बावड़ी, थांदला अन्नकूट महोत्सवदिनांक 24 नवम्बर 2026 मंगलवार कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर

अन्नकूट महाआरती एवं महाप्रसादी सायं 6 बजे से प्रमुख महंत नारायण दासजी महाराज 1008, गरिमामय उपस्थिति में ग्रामीण क्षेत्र से आए साधु संत अनेक सामाजिक संगठन अनेक जनप्रतिनिधि समाजसेवी समाज जनों के साथ हजारों भक्तों ने और अंनकुट महोत्सव महोत्सव में कष्टभंजन सरकार भगवान हनुमान भगवान को छप्पन भोग के साथ महाआरती महाप्रसाद प्रसाद का धर्म लाभ लिया , कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी दानदाताओं का भक्तों का आयोजन समिति हनुमान मंदिर न्यास, थांदला, द्वारा अंनकुट महोत्सव में पधारने का आभार व्यक्त किया,

संविधान दिवस पर दीवानी न्यायालय सूरजपुर में आयोजित होगा एक स्वर, एक संविधान कार्यक्रम





रामकिशोर अवस्थी

गौतमबुद्धनगर, 25 नवम्बर 2026 सचिव, (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा संचालित संविधान संवाद (एक स्वर, एक संविधान) अभियान के अंतर्गत दिनांक 26 नवंबर 2026, दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 08:45 बजे संविधान दिवस के अवसर पर एक स्वर, एक संविधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम दीवानी न्यायालय, सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना तथा आमजन को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है।

व्यष्टि से समष्टि की सुखाकांक्षी यात्रा है संविधान

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक सुनहरा संसार(प्रमोद दीक्षित मलय-सुनहरा संसार)

परिवार देश की लघुतम इकाई होती है। परिवार से मिलकर ही एक बृहत समाज की रचना सम्भव होती है। प्रत्येक घर-परिवार एवं समाज में सदस्यों के कार्य व्यवहार एवं आचरण हेतु एक अलिखित नियमावली या संहिता होती है। परिवार एवं समाज अपने सदस्यों से अपेक्षा रखता है कि समाज की बेहतरी के लिए सभी जन इन नियमों का पालन करते हुए तालमेल एवं संगति से ही कार्य संपादन करेंगे। नियमानुकूल आचरण कर समाज की विकास धारा को गतिशील रखते हुए उसे समृद्धि प्रदान करेंगे। नियमों में आबद्ध लोक अपनी कार्य संस्कृति से सतत ऊर्ध्वगामी यात्रा करता है। नियमानुशासित लोकाचरण से समाज में सद्वृत्ति, सद्नीति, शुचिता, सत्यान्वेषण, सहकार, समन्वय, सख्यभाव एवं सद्संस्कारों का बीजवपन, पल्लवन एवं फलन होता है और अराजकता, अनैतिकता, अशौच, अनीति एवं असत्य के लिए कोई स्थान शेष नहीं होता। इन नियमों के परिनिष्ठित, परिमार्जित, प्रांजल लिखित स्वरूप को देश के संदर्भ में संविधान संज्ञा से अभिहित किया जाता है जिसमें लोक की शक्ति निहित होती है और जो विधायिका से अनुमोदित होता है। हम कह सकते हैं कि संविधान व्यष्टि से समष्टि की एक सुखाकांक्षी यात्रा है जिसमें लोक कल्याणकारी एवं समतामूलक समाज रचना के सूत्र आधार रूप में विद्यमान होते हैं। संविधान लोकमंगल, लोक सुख-समृद्धि एवं लोकचेतना का उद्घोष करता है। भारत में हम 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाकर न केवल डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं संविधान समिति के अन्य विधि वेत्ताओं के योगदान एवं प्रयासों को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं बल्कि देश में एकता एवं अखंडता के लिए परस्पर बंधुत्व भाव, न्याय, विश्वास एवं सामाजिक समरसता के प्रसार के लिए भी संकल्पित हो कटिबद्ध होते हैं। संविधान दिवस को राष्ट्रीय विधि दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। भारत का संविधान विश्व में सबसे बड़ा संविधान है। मूल संविधान में 395 अनुच्छेद, 22 भाग और 8 अनुसूचियां थीं। वर्तमान में 470 अनुच्छेद एवं 12 अनुसूचियां है जो 25 भागों में विभाजित है। समिति ने भारतीय संविधान को पूर्ण करने में 2 वर्ष, 11 महीने, 18 दिन समय लिया और 166 दिन बैठक कर 114 दिन बहस किया था। संविधान सभा की पहली बैठक दिसम्बर 1946 में हुई थी। भारत का संविधान लचीला है और कठोर भी। लचीला इस संदर्भ में कि संसद कुछ कानूनों में सामान्य बहुमत से संशोधन कर सकती है लेकिन कुछ प्रावधानों में संशोधन हेतु राज्य सरकारों की सहमति एवं दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है। संविधान में पहला संशोधन 1951 में हुआ था और अब तक 100 से अधिक संशोधन हो चुके हैं। संविधान की प्रस्तावना न केवल संविधान का परिचयात्मक खंड है बल्कि दार्शनिक आधार भी। प्रस्तावना का आरंभ वाक्यांश ह्यहम भारत के लोगह्ण से होता है अर्थात संविधान लोक के शक्ति का प्रतिबिंब है। भारत को संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया है। समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्राप्त है। संविधान सभी नागरिकों को प्रतिष्ठा और अवसर की समता भी देता है। व्यक्ति की गरिमा एवं राष्ट्र की अखंडता हेतु वह बंधुत्वभाव को महत्वपूर्ण मानते हुए तदनुकूल आचरण की अपेक्षा करता है। नीति निर्देशक तत्व को संविधान की आत्मा कहा गया है। भारत का संविधान 26 नवंबर, 1949 को, मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, सम्वत 2006 विक्रमी को अंगीकृत किया गया था। इस दिन को स्मरण रखने और संविधान सभा के योगदान के प्रचार-प्रसार हेतु भारत सरकार द्वारा 2015 में डॉ. अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर मुंबई में उनकी स्टैच्यू आफ इक्वलिटी मेमोरियल की आधारशिला रखने के दौरान घोषणा की गई थी। और तब से प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संपूर्ण देश में सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर संविधान दिवस मना कर देश भीमराव अंबेडकर को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। हालांकि अंबेडकर के प्रयासों को सामान्य जनमानस तक पहुंचाना एवं देश में भाईचारे की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से यह दिवस हम पहले भी मनाते रहे हैं। संविधान बनाने हेतु संविधान सभा की मांग सर्वप्रथम 1934 में की गई थी जिसे ब्रिटिश सरकार ने 1940 में मान लिया था। 29 अगस्त, 1947 को भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने की समिति की स्थापना की गई थी और प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर चुने गए थे और संवैधानिक सलाहकार वी. एन राव तथा मुख्य प्रारूपकार एस. एन. मुखर्जी थे। संविधान सभा में विभिन्न रियासतों से 389 सदस्य थे लेकिन देश विभाजन के बाद 299 सदस्य ही बचे। उल्लेखनीय है कि हैदराबाद रियासत का कोई भी प्रतिनिधि संविधान सभा का सदस्य नहीं था। डॉ. राजेंद्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष थे। संविधान निर्माण हेतु पहली बैठक संसद भवन में 9 दिसंबर, 1946 को हुई थी जिसमें 207 सदस्य शामिल हुए थे। भारत का संविधान हस्तलिखित है जिसे प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने अंग्रेजी एवं हिंदी में विशेष शैली एवं तकनीक से लिखा है। मूल प्रति में 284 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं जिसके प्रत्येक पृष्ठ में देश के प्रसिद्ध चित्रकारों के बनाए हुए आकर्षक मनोहारी पारम्परिक चित्र दृष्टव्य हैं।

हमारा संविधान लोक के लिए स्वतंत्रता, न्याय, समानता, बंधुत्व एवं सह-अस्तित्व का लक्ष्य लेकर चल रहा है जिसे प्राप्त करने का उपाय लोकतांत्रिक समाजवादी राज्य रचना है। राजनीतिक न्याय के लिए एक व्यक्ति के एक वोट निश्चित है। उसका एक वोट सरकार के निर्माण में सहायक है और देश के विकास में भी। एक वोट का क्या महत्व है इसको हम प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार का 1 वोट से गिर जाने से समझ सकते हैं। लोक की समृद्धि में ही राष्ट्र की समृद्धि है और समृद्धि के लिए आवश्यक है परस्पर प्रेम, सद्भाव, माधुर्य, जहां गैर बराबरी के लिए कोई जगह न हो, जहां एक धरातल पर अवस्थित हो सभी अपनी पात्रता, क्षमता एवं रुचि-सुविधानुसार कार्य कर सकें। जहां मानव मानव में कोई भेदभाव की दीवार न हो। इसीलिए अस्पृश्यता एवं उपाधियों का उन्मूलन किया गया है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को पूर्ण स्वतंत्रता देता है। लेकिन एक नागरिक की स्वतंत्रता एवं अधिकार दूसरे नागरिक की स्वतंत्रता एवं अधिकार के उल्लंघन का निषेध करता है। हमारी स्वतंत्रता अन्य की स्वतंत्रता में बाधक नहीं बन सकती। हम कल्याणकारी समतामूलक समाज रचते हुए देश को संपूर्ण विश्व में प्रेम, सद्भाव, अहिंसा, शांति, समृद्धि का ध्वजवाहक सिद्ध कर सकने में यथासामर्थ्य कटिबद्ध होकर कर्मरत होंगे, यही हम सबका शुभसंकल्प है।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद का 68 वां स्थापना दिवस

देशभर की समस्त शाखाओं में हुआ ध्वजारोहण, संगठन की एकता, सेवा और संस्कार का लिया संकल्प

रहीम शेरानी जिला ब्यूरो चीफ झाबुआ

अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद का 68 वां स्थापना दिवस 24 नवंबर 2026, मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश सहित देशभर में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश की समस्त शाखाओं में परिषद का ध्वजारोहण कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। परिषद के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण कर संगठन की गौरवशाली परंपरा, सेवा, संस्कार एवं सामाजिक एकता के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। विश्वपूज्य दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा., परिषद संस्थापक गुरुदेव श्रीमद् विजय यतीन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. एवं पुण्यसम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी म.सा. के दिव्य आशीर्वाद तथा पूज्य गच्छाधिपति श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा. एवं पूज्य आचार्य श्रीमद् विजय जयरत्न सूरीश्वरजी म.सा. के मंगल आशीर्वाद से आयोजित स्थापना दिवस समारोह को लेकर परिषद की सभी शाखाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेशजी तलावत की अनुशंसा एवं प्रदेश संगठन प्रभारी श्री रमेशजी धारीवाल, प्रदेश अध्यक्ष श्री



रजत मनोहर कावड़िया तथा प्रदेश महामंत्री श्री सिद्धार्थ तलेसरा के नेतृत्व में मध्यप्रदेश इकाई द्वारा स्थापना दिवस को व्यापक स्तर पर मनाने की तैयारियां की गई थीं। प्रदेश इकाई के आह्वान पर जिला संगठन प्रभारियों, शाखा पदाधिकारियों एवं परिषद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजन समन्वयकों के साथ मिलकर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न करवाए।उल्लेखनीय है कि वर्ष 1959 में परिषद के संस्थापक पितांबर विजेता एवं व्याख्यान वाचस्पति परमपूज्य श्रीमद् विजय यतीन्द्र सूरीश्वरजी महाराज साहब ने धर्म, सेवा, संस्कार एवं संगठन के पवित्र उद्देश्यों को लेकर परिषद की स्थापना की थी। वहीं परमपूज्य पुण्यसम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराज ने अपने पावन मार्गदर्शन, वात्सल्य एवं आशीर्वाद से परिषद को पोषित-पल्लवित कर विशाल वटवृक्ष का स्वरूप प्रदान किया। 67 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूर्ण कर परिषद ने 68वें वर्ष में मंगल प्रवेश किया। इस अवसर पर प्रदेश संगठन प्रभारी श्री रमेशजी धारीवाल, प्रदेश अध्यक्ष श्री रजत मनोहर कावड़िया एवं प्रदेश महामंत्री श्री सिद्धार्थ तलेसरा ने परिषद के समस्त पदाधिकारियों, शाखाओं एवं सदस्यों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक एकता, सेवा एवं संस्कार के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। परिषद का मूल संकल्प है कि प्रत्येक शाखा में परिषद का ध्वजारोहण हो तथा प्रत्येक हृदय में गुरुदेव के आदर्शों का आरोहण हो। 68वें वर्ष में प्रवेश के साथ परिषद ने नई ऊर्जा, एकता, सेवा, संस्कार एवं समर्पण के भाव से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संदेश दिया।

गच्छाधिपति की निश्रा में हुआ परिषद का ध्वजारोहण

इंदौर में चातुर्मास के दौरान पूज्य गच्छाधिपति श्री नित्यसेन सूरीश्वरजी महाराज साहेब की पावन निश्रा में अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री रजत कावड़िया मेघनगर ने परिषद का ध्वजारोहण किया। इस दौरान परिषद परिवार पदाधिकारी सदस्यगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद मध्यप्रदेश के मीडिया प्रभारी मनीष कुमट, झकनावदा एवं सचिन भंडारी, महिदपुर रोड द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

क्रिकेट टूर्नामेंट के चार दिवसीय रोमांचक आयोजन का दशहरा मैदान पर हुआ समापन

11 विभागों ने लिया हिस्सा; खेल के साथ सामाजिक जागरूकता का भी दिया संदेश

● एडवोकेट टीम रही उपविजेता

रहीम शेरानी जिला ब्यूरो चीफ झाबुआ





थांदला स्थानीय दशहरा मैदान पर 21 से 24 नवंबर तक आयोजित चार दिवसीय विभागीय मैत्री टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-3 का उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जनजातीय विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एडवोकेट टीम को पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

वहीं एडवोकेट टीम उपविजेता रही।

इस आयोजन में कुल 11 विभागों की टीमों ने सहभागिता की। इनमें राजस्व, पुलिस, एडवोकेट, डॉक्टर्स, डीसीसीबी, जनपद, कॉलेज, फॉरेस्ट, नगर परिषद एवं पत्रकार सहित विभिन्न विभागों की टीमों ने खेल भावना के साथ भाग लिया।

कलेक्टर एवं एसपी ने किया था शुभारंभ, मैदान पर दिखाया खेल का हुनर

टूर्नामेंट का शुभारंभ झाबुआ कलेक्टर डॉ. योगेश भरसट एवं जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी भास्कर गाचले, तहसीलदार सुखदेव सिंह डावर, थाना प्रभारी तारा मंडलोई, सीएमओ कमलेश जायसवाल सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ थांदला तहसील अध्यक्ष राजेश डामर ने अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। वहीं समिति के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने भी अतिथियों का अभिनंदन किया।

शुभारंभ के दौरान कलेक्टर डॉ. योगेश भरसट ने मैदान पर पहुंचकर शानदार बल्लेबाजी की, जबकि एसपी देवेंद्र पाटीदार ने गेंदबाजी कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

कलेक्टर ने आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। कार्य के दौरान होने वाले मानसिक तनाव को कम करने और आपसी समन्वय एवं सौहार्द बढ़ाने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वहीं एसपी देवेंद्र पाटीदार ने आयोजन स्थल पर लगाई गई विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं जनजागरूकता संबंधी फ्लेक्स प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि पानी बचाओ, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण संदेश भी आमजन तक पहुंचा रहा है। यह एक सराहनीय पहल है।

खेल के साथ जनजागरूकता का भी बना मंच

आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी फ्लेक्स लगाए गए। इनके माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। इस पहल ने टूर्नामेंट को खेल के साथ सामाजिक जागरूकता का एक बेहतर मंच बनाया।

फाइनल मैच में मेन ऑफ द मैच मनीष भूरिया बेस्ट बैट्समैन ऑफ टूर्नामेंट राजेंद्र गणावा,प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट मनीष भूरिया ओर बेस्ट फिल्डर अभिषेक निनामा वही बेस्ट कीपर डॉ.मनीष दुबे को दिया गया

स्वर्गीय संजय व्यास की स्मृति में परिवार ने दिए विशेष पुरस्कार

टूर्नामेंट के दौरान खवासा के खेल प्रशिक्षक स्वर्गीय संजय व्यास की स्मृति में उनके परिवार की ओर से विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। उनकी धर्मपत्नी ज्योति व्यास एवं पुत्र मारुति व्यास ने दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों, फाइनल मैच तथा मैन ऑफ द सीरीज के लिए पुरस्कार प्रदान किए।

समिति एवं शिक्षा विभाग ने इस सराहनीय पहल के लिए व्यास परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा मारुति व्यास को उनके पिता की तस्वीर वाली टी-शर्ट एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की रही उपस्थिति

24 नवंबर को आयोजित समापन समारोह में एसडीओपी राजेश सुलिया, सीईओ देवेंद्र बरडिया, अभिभाषक संघ अध्यक्ष तुषार भट्ट, थाना प्रभारी तारा मंडलोई, सीएमओ कमलेश जायसवाल, इंजीनियर पप्पू बरिया, समाजसेवी किशोर पड़ियार, कृष्णकांत सोलंकी, निरंजन पाठक, विक्रम सिंगोड़, डीसीसीबी प्रबंधक पारसिंह मुनिया, रेंजर तोलाराम हटीला, महाविद्यालय प्राचार्य पीटर डोडियार, बीईओ दीपेश सोलंकी ,अधिमान्य पत्रकार मनोज उपाध्याय, शहीद खान,विवेक व्यास,कादर शेख सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

फाइनल मुकाबले के बाद विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

पुरस्कार वितरण के दौरान तहसीलदार सुखदेव सिंह डावर, डॉ. मनीष दुबे, नगर परिषद प्रतिनिधि सुनील पणदा, पार्षद कन्नू मोरिया, रेडक्रॉस सोसायटी, लोकस्वामी प्रतिनिधि समकित तलेरा, खवासा के खेलप्रेमी प्रदीप बापू, बीईओ दीपेश सोलंकी, पीटीआई जगत शर्मा, कुलदीप झाला ,बालमुकुंद शर्मा ,पंकज व्यास सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

आयोजन को सफल बनाने में पूरी टीम की रही अहम भूमिका

चार दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश डामर के नेतृत्व में रियाजुल हक, उमेश पाटीदार, हरीश डामोर, खेल एवं युवा विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नितिन डामर, प्रियांशु डामर, साईं श्री एकेडमी के संचालक कौस्तुब व्यास, जसवंत डामोर सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

वहीं पीटीआई जगत शर्मा, कुलदीप झाला, राकेश भूरिया, जोसफ मावी, बालमुकुंद शर्मा, पंकज व्यास सहित शिक्षा एवं खेल विभाग के प्रशिक्षकों का भी सराहनीय सहयोग मिला। चार दिवसीय इस आयोजन ने थांदला में अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, पत्रकारों एवं विभिन्न विभागों के बीच आपसी मेलजोल, भाईचारे और खेल भावना को नई मजबूती दी। आयोजन के सफल समापन पर समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, सहयोगकताओं एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

संविधान से ऊपर कोई नहीं, न्याय में समझौता नहीं - ज्यूडिशियल काउंसिल

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली (न्यूज वार्ता): ज्यूडिशियल काउंसिल ने न्याय व्यवस्था में व्यापक और समयबद्ध सुधारों, संस्थागत पारदर्शिता, ईमानदारी तथा जवाबदेही के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को समान एवं निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करने की बात कही है।

संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर ज्यूडिशियल काउंसिल ने राष्ट्र से न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराने का आह्वान किया। भारत का संविधान लोकतंत्र की आधारशिला और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का संरक्षक है। उसकी वास्तविक शक्ति तभी दिखाई देती है, जब उसके आदर्श प्रत्येक संस्था, प्रशासनिक निर्णय और न्यायिक प्रक्रिया में प्रभावी रूप से लागू हों।



ज्यूडिशियल काउंसिल ने न्याय वितरण प्रणाली के सामने मौजूद चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की। मुकदमों का वर्षों तक लंबित रहना, अदालतों पर बढ़ता बोझ, प्रक्रियात्मक जटिलताएं और पारदर्शिता की कमी आम नागरिकों के लिए समय पर न्याय पाना कठिन बनाती हैं। न्याय व्यवस्था का उद्देश्य अधिकारों की रक्षा करना है, न कि नागरिकों को देरी और जटिलताओं के कारण असहाय छोड़ देना। प्रत्येक व्यक्ति को आर्थिक स्थिति, पद, प्रतिष्ठा या प्रभाव से परे कानून का समान संरक्षण मिलना चाहिए।

ज्यूडिशियल काउंसिल के अध्यक्ष श्री राजीव अग्निहोत्री ने कहा, "भारत का संविधान केवल पुस्तकों, न्यायालयों और औपचारिक भाषणों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उसकी भावना प्रत्येक संस्था और निर्णय में दिखाई देनी चाहिए। जनता ऐसी व्यवस्था की हकदार है, जो उसके अधिकारों की रक्षा करे, न कि उसे न्याय पाने के लिए अंतहीन संघर्ष करने पर मजबूर करे।"

उन्होंने कहा, "न्याय में देरी नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों के वास्तविक लाभ से वंचित कर सकती है। अब ठोस सुधार, संस्थागत पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का समय है। जनता का संस्थाओं पर विश्वास बना रहना चाहिए।"

न्यायिक स्वतंत्रता और जवाबदेही पर अध्यक्ष ने कहा, "न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र के लिए अनिवार्य है, लेकिन इसका अर्थ जवाबदेही से छूट नहीं है। निष्पक्षता, ईमानदारी और जिम्मेदारी से संस्थाओं का सम्मान बढ़ता है। जवाबदेही उन्हें कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत बनाती है।" उन्होंने कहा कि किसी भी पद या सार्वजनिक कार्यालय को कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता।

उन्होंने आगे कहा, "कानून के सामने सामान्य नागरिक को भी वही गरिमा और समानता मिलनी चाहिए, जो सबसे प्रभावशाली व्यक्ति को प्राप्त है। यदि न्याय केवल धन, संपर्क या प्रभाव रखने वालों के लिए सुलभ हो, तो समानता का संवैधानिक वादा अपना अर्थ खो देगा।"

ज्यूडिशियल काउंसिल न्याय वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए ठोस और समयबद्ध सुधारों की वकालत करती है। इनमें लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण, अनावश्यक देरी कम करना, न्यायिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना, प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था विकसित करना और संस्थागत जवाबदेही के उचित तंत्र स्थापित करना शामिल है। संसाधनों का बेहतर उपयोग तथा प्रक्रियाओं का सरलीकरण भी न्याय तक पहुंच आसान बना सकते हैं।

ज्यूडिशियल काउंसिल ने कहा कि गरीब और कमजोर वर्गों के लिए न्याय किफायती, सुलभ और समयबद्ध होना चाहिए। जरूरतमंदों को प्रभावी कानूनी सहायता मिले तथा मौलिक अधिकारों और उचित कानूनी प्रक्रिया की रक्षा हो। भ्रष्टाचार, पक्षपात और अधिकारों के दुरुपयोग के प्रति शून्य सहनशीलता अपनाई जानी चाहिए। कदाचार के आरोपों की जांच निष्पक्ष, स्वतंत्र और कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होनी चाहिए।

ज्यूडिशियल काउंसिल ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा हर परिस्थिति में आवश्यक है। इसे संस्थागत दंडमुक्ति नहीं समझा जाना चाहिए और जवाबदेही के नाम पर न्यायिक स्वतंत्रता भी कमजोर नहीं होनी चाहिए। इन दोनों संवैधानिक सिद्धांतों के बीच संतुलन लोकतंत्र तथा न्यायपालिका की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है। आरोपों पर कार्रवाई निष्पक्ष जांच और कानून के आधार पर होनी चाहिए।

ज्यूडिशियल काउंसिल ने न्यायपालिका, केंद्र एवं राज्य सरकारों, प्रशासनिक अधिकारियों, विधिक समुदाय, नागरिक समाज और नागरिकों से पारदर्शी, निष्पक्ष तथा जवाबदेह न्याय व्यवस्था के निर्माण में सहयोग की अपील की। सुधारों के लिए संवाद, समन्वय और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। संविधान दिवस केवल औपचारिक समारोहों तक सीमित न रहे, बल्कि संस्थागत कमियों को दूर करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के ठोस संकल्प का अवसर बने। अंत में ज्यूडिशियल काउंसिल के अध्यक्ष श्री राजीव अग्निहोत्री ने कहा, "आइए, इस संविधान दिवस को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, भ्रष्टाचार को चुनौती देने, जवाबदेही सुनिश्चित करने और प्रत्येक भारतीय के अधिकारों की रक्षा करने के संकल्प का अवसर बनाएं। हमें ऐसा लोकतंत्र चाहिए, जिसमें हर नागरिक न्याय को अपने जीवन में महसूस कर सके। हमारी मांग स्पष्ट है–न चयनात्मक न्याय, न संस्थागत दंडमुक्ति और न संविधान के साथ कोई समझौता। डॉ. बी. आर. आंबेडकर और संविधान निर्माताओं के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब देश का सबसे कमजोर नागरिक भी विश्वास से कह सके कि कानून उसकी रक्षा करेगा और उसे न्याय से वंचित नहीं किया जाएगा।"

छोटी खबरें

किसान दिवस में किसानों ने उठाई सड़क और सफाई की समस्याएं, डीएम व सीडीओ ने दिए निस्तारण के निर्देश

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मोदीनगर। विधानसभा क्षेत्र भोजपुर ब्लॉक के गांव ईशापुर में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी (डीएम) और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने मुख्य रूप से शिरकत कर क्षेत्र के किसानों की समस्याएं सुनीं। दोपहर दो बजे तक चले इस संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों और किसानों ने गांव की बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी कई अहम शिकायतें प्रशासन के सामने रखीं। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने मुख्य रूप से गांव की जर्जर सड़कों की मरम्मत और नियमित सफाई व्यवस्था न होने का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। किसानों का कहना था कि सड़कों की खराब हालत और गंदगी के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इसके अलावा सिंचाई, बिजली और अन्य स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा की गई। डीएम और सीडीओ ने सभी किसानों की बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों से पिछली शिकायतों पर हुई अब तक की कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट भी ली।अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उठाई गई सभी समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से समाधान किया जाएगा। साथ ही, लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए गए।



गोवा के 57वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में गूंजी अटल गाथा, पाञ्चजन्य की डॉक्यूमेंट्री अमिट अटल की हुई विशेष स्क्रीनिंग

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली गोवा में आयोजित 57वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में 25 नवंबर 2026 को पाञ्चजन्य की डॉक्यूमेंट्री फिल्म अमिट अटल की विशेष स्क्रीनिंग हुई। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विराट व्यक्तित्व, विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर आधारित इस फिल्म को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया। फिल्म का निर्देशन पाञ्चजन्य के संपादक हितेश शंकर ने किया है। उल्लेखनीय है कि अटल बिहारी वाजपेयी स्वयं पाञ्चजन्य के संस्थापक संपादक भी रहे थे। आईनॉक्स पंजिम के ऑडिटोरियम-2 में शाम 4:30 बजे प्रदर्शित इस डॉक्यूमेंट्री में अटल जी के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं और संस्मरणों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में उनके स्वयंसेवक और प्रचारक जीवन से लेकर ओजस्वी कवि, प्रखर पत्रकार, दूरदर्शी संपादक और देश के प्रधानमंत्री बनने तक के सफर के अनछुए पहलुओं को प्रामाणिकता के साथ दिखाया गया है। लेखन, कविता और प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से देश-विदेश में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले अटल जी के व्यक्तित्व को फिल्म में विशेष रूप से उकेरा गया है।

पाञ्चजन्य इससे पहले भी इफ्फी में अपनी फिल्म विभाजन की विभीषिका: अनकही कहानियां के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा चुका है। वर्ष 2022 में इस डॉक्यूमेंट्री का चयन इफ्फी के प्रतिष्ठित भारतीय पैनोरमा खंड की गैर-फीचर श्रेणी में हुआ था। लगभग 30 मिनट की इस हिंदी डॉक्यूमेंट्री में 1947 के भारत विभाजन की त्रासदी और विस्थापित लोगों के अनुभवों को प्रस्तुत किया गया था। गौरतलब है कि वर्ष 1952 में स्थापित भारत का अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) एशिया के सबसे पुराने और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में शामिल है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, गोवा सरकार और एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव भारतीय सिनेमा और प्रतिभाओं को वैश्विक मंच प्रदान करता है। इफ्फी 2026 में स्पेन को सम्मानित देश के रूप में शामिल किया गया है, जिसके तहत स्पेन की चार फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं रूस साझेदार देश के रूप में शामिल है और रूसी सिनेमा की विविधता एवं रचनात्मकता को दर्शाने वाली चार फिल्मों की विशेष प्रस्तुति होगी। इस आयोजन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के साथ भारत के सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूती देने का प्रयास किया जा रहा है।

पश्चिमी क्षेत्र में कूड़े से भरे खाली प्लॉटों की पहचान के लिए कराया गया ड्रोन सर्वेक्षण

चिह्नित स्थलों की सफाई के लिए शीघ्र शुरू किया जाएगा विशेष स्वच्छता अभियान

सुनहरा संसार



दिल्ली नगर निगम के पश्चिमी क्षेत्र द्वारा खाली प्लॉटों, खुले स्थानों तथा ऐसे अन्य भूखंडों की पहचान करने के लिए ड्रोन सर्वेक्षण कराया गया, जहां लगातार कूड़ा एवं ठोस अपशिष्ट फेंके जाने के कारण कूड़े के ढेर जमा हो गए हैं।

यह सर्वेक्षण आगामी विशेष स्वच्छता अभियान की तैयारियों के तहत किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य ऐसे स्थलों से कूड़े का समुचित निस्तारण कर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाना है।

ड्रोन तकनीक के माध्यम से कूड़ा जमा होने वाले स्थलों की व्यवस्थित पहचान एवं मैपिंग करने में सहायता मिलेगी। इसमें ऐसे स्थान भी शामिल हैं, जिनकी पहचान सामान्य जमीनी निरीक्षण के माध्यम से करना कठिन होता है। सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर चिह्नित स्थलों पर सफाई कर्मचारियों एवं मशीनरी की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित की जा सकेगी, जिससे कूड़े का शीघ्र एवं व्यवस्थित निस्तारण किया जा सकेगा ।

इस पहल का उद्देश्य अनियंत्रित कूड़ा डंपिंग से उत्पन्न होने वाली पर्यावरणीय एवं जनस्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान करना, खुले में कूड़ा जलाने की घटनाओं पर रोक लगाना तथा मच्छर-मक्खियों जैसे रोगवाहक कीटों के पनपने की संभावनाओं को भी समाप्त करना है।

इस क्षेत्र के नागरिकों से उपायुक्त, पश्चिमी क्षेत्र कर्नल विनोद अत्री ने अपील की है कि वे खाली प्लॉटों एवं खुले स्थानों पर कूड़ा न फेंकें, कचरे के निस्तारण के लिए निर्धारित कूड़ा संग्रहण केंद्रों एवं सुविधाओं का उपयोग करें तथा पश्चिमी क्षेत्र को स्वच्छ, स्वस्थ एवं कूड़ा मुक्त बनाने में निगम का सक्रिय सहयोग करें।

कांग्रेस ने सनातन विरोधी एजेंडे के तहत राजेन्द्र पाल गौतम को बनाया यूपी कांग्रेस का प्रभारी, 2027 में जनता देगी जवाब : हर्ष मल्होत्रा



अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली, 25 नवंबर। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कांग्रेस पार्टी द्वारा दिल्ली के पूर्व मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे कांग्रेस की सनातन विरोधी मानसिकता और तुष्टिकरण की राजनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में अपने वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी देने के बजाय ऐसे व्यक्ति को प्रदेश प्रभारी बनाया है, जो कथित तौर पर सनातन धर्म और हिंदू आस्थाओं का विरोध करता रहा है। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि राजेन्द्र पाल गौतम अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री रहते हुए कई बार हिंदू देवी-देवताओं को लेकर विवादित बयान और गतिविधियों के कारण चर्चा में रहे थे। उनके इसी आचरण के चलते उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मंत्री रहते हुए गौतम अपने क्षेत्र की अधिकांश हिंदू संस्थाओं के कार्यक्रमों में शामिल नहीं होते थे। मल्होत्रा के अनुसार, कांग्रेस ने उन्हें उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाकर सनातन विरोधी विचारधारा वाले मतदाताओं को एकजुट करने की रणनीति अपनाई है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी दलों को समझ लेना चाहिए कि देश की जनता अब तुष्टिकरण की राजनीति को स्वीकार करने वाली नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी कथित सनातन विरोधी नीति की भारी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सनातन धर्म, हिंदू आस्था और राष्ट्रवाद के सम्मान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

गढ़मुक्तेश्वर : जहां कार्तिक पूर्णिमा पर होता है पितरों को मोक्ष देने वाला दीपदान

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक सुनहरा संसार (मनोज कुमार अग्रवाल-सुनहरा संसार)



पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले में लाखों लोग अपने दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए कलकल करती गंगा की पावन लहरों में दीपदान करेंगे। यह मेला और यहां का पवित्र गंगा स्नान देश और दुनिया के पर्यटन के लिए भी महत्वपूर्ण स्थान बना है। गढ़मुक्तेश्वर मेले में दीपदान करना एक बेहद प्राचीन और पवित्र परंपरा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन गंगा तट पर दीप प्रज्वलित करने से दिवंगत आत्माओं को शांति और मोक्ष (मुक्ति) प्राप्त होती है।

इस परंपरा की ऐतिहासिक मान्यता है कि महाभारत के युद्ध में मारे गए असंख्य वीरों और परिजनों की आत्मा की शांति के लिए भगवान श्रीकृष्ण की सलाह पर पांडवों ने गढ़मुक्तेश्वर (खांडव वन) में गंगा किनारे कार्तिक पूर्णिमा पर पितरों का तर्पण और दीपदान किया था। तभी से यह परंपरा चली आ रही है।

हिंदू धर्म में कार्तिक मास को पितरों के लिए विशेष माना जाता है। ऐसा विश्वास है कि दीपदान करने से अंधकार मिटता है और दिवंगत आत्माओं को परलोक की यात्रा में प्रकाश व सद्गति मिलती है।

गढ़मुक्तेश्वर मेले में मुख्य दीपदान कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या (चतुर्दशी) को किया जाता है। इस दिन लाखों श्रद्धालु अपने पूर्वजों की स्मृति में सरकंडे या पत्तों के दोने में दीपक रखकर गंगा की लहरों में प्रवाहित करते हैं। यह परंपरा आज भी उत्तर प्रदेश और आसपास के राज्यों के लाखों लोगों की आस्था का केंद्र बनी हुई है। कार्तिक पूर्णिमा पर गढ़मुक्तेश्वर और तिगरी में लगने वाले गंगा स्नान मेले में इस बार 40-45 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य और स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी यूपी का यह 'मिनी कुंभ' श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक बनना चाहिए। मेले में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह रोक रहेगी और गंगा तटों पर सफाई के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी।

दस किलोमीटर क्षेत्रफल से अधिक में फैला यह मेला देश-दुनिया के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। यहां से देश के विकास को नई दिशा मिलती है। प्रदेश के मानचित्र पर आने के बाद मेला विभिन्न क्षेत्रों में अपनी साख बढ़ा रहा है। अब मेले से प्रदेश को विकास और स्वदेशी का मूल-मंत्र मिल रहा है।

दिल्ली से 100 किमी दूर और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24 से लगे, गंगा के निचले तट पर स्थित गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाला गंगा स्नान और यह मेला यहां अनादिकाल से आ रहा है। जबकि, महाभारत युद्ध के बाद इस स्थान का महत्व और भी अधिक बढ़ गया।

कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले इस पवित्र और प्रसिद्ध स्नान पर्व और यहां लगने वाले मेले का अतीत पांडवों और भगवान श्रीकृष्ण से भी जुड़ा है। बताया जाता है कि महाभारत युद्ध के बाद गढ़मुक्तेश्वर के गंगा तट पर भगवान श्रीकृष्ण के निर्देश पर सम्राट युधिष्ठिर ने कौरवों और पांडवों की सेना के विशाल वीर योद्धाओं और सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए उनका तर्पण किया था। एक ओर पौराणिक साक्ष्य और तथ्य गढ़मुक्तेश्वर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को बयान करते हैं, वहीं आज के इतिहासकार और विद्वान भी मानते हैं कि यह स्थान द्वापर युग में भी सबसे पहले प्रसिद्ध हुआ था। क्योंकि शिवपुराण के अनुसार इस 'गढ़मुक्तेश्वर' का प्राचीन नाम 'शिववल्लभ' हुआ, अर्थात जो भगवान शिव का ही एक प्रिय नाम है।

पुराणों में गढ़मुक्तेश्वर की महिमा काशी के समान बताई गई है, क्योंकि गढ़मुक्तेश्वर में ही भगवान शिव ने अपनी जय और विजय नाम के गणों को महर्षि दुर्वासा के द्वारा पिशाच योनि के श्राप से मुक्ति दिलाई थी। जिसके बाद इस स्थान का नाम गणमुक्तिश्वर यानी कि गणों की मुक्ति करने वाले भगवान शिव के नाम से पड़ा था। गणमुक्तिश्वर का वह प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर आज भी उस पौराणिक घटना का साक्षी है। लेकिन भाषा के उच्चारण के कारण यह नाम गणमुक्तेश्वर से बदलकर गढ़मुक्तेश्वर कहलाने लगा है।

त्रेता युग में भी गढ़मुक्तेश्वर की महिमा का वर्णन है। शिवपुराण के अनुसार इसी गढ़मुक्तेश्वर के क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे ही एक घना वन था, जिसे खांडवी वन के नाम से जाना जाता था। इसी खांडवी वन में भगवान परशुराम ने एक ऐसे ही शिवलिंग की स्थापना की थी, जो बाद में वर्ष संप्रदाय का प्रमुख केंद्र बना और उसी शिव मंदिर के आस-पास के क्षेत्र का नाम बाद में शिव वल्लभपुर पड़ गया। महाभारत काल की बात करें तो त्रेता युग का यही खांडववन, द्वापर युग में यानी महाभारत के काल में खांडव वन के नाम से अस्तित्व में आया और यही खांडव वन बाद में खांडवप्रस्थ कहलाया और उसके बाद इंद्रप्रस्थ बना। यही खांडव वन हस्तिनापुर राज्य के अधीन था, इसलिए पांडवों ने खांडव वन में अपना नया राज्य स्थापित किया था। सम्राट युधिष्ठिर के निर्णय के बाद भगवान परशुराम द्वारा स्थापित शिववर्षपुर यानी गढ़मुक्तेश्वर के मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पूजा और यज्ञ आदि कर-के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया गया था।

सम्राट युधिष्ठिर ने जो निर्णय लिया, उसके बाद जो तीर्थयात्रा निकली वह कार्तिक शुक्ल अष्टमी का ही दिन था। इसी दिन गौ पूजन करके गढ़मुक्तेश्वर के गंगा तट पर गंगा मैदान में सम्राट युधिष्ठिर द्वारा धार्मिक संस्कार करके पिंडदान किया था।

गढ़मुक्तेश्वर कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिए हजारों वर्षों से अखंड भारत के रिश्ते जुड़े हुए हैं और आज भी पूरे भारत और विदेशों से आप्रवासी भारतीय भी स्नान के लिए आते हैं। मेला आयोजन के लिए सरकार से स्थानीय प्रशासन को भी अच्छी आर्थिक मदद दी जाने लगी है। उस आय से आश्रमों के लिए यहां कई प्रकार के भवनों का भी विस्तार किया गया, कई भव्य मंदिरों और तीर्थस्थलों के अलावा आश्रमों का नवीनीकरण किया जा रहा है। लेकिन, विदेशी आक्रमणों के दौर में यहां कई बार भीषण रक्तपात और गोलीबारी की घटनाएं हुईं, कई तरह के षड्यंत्र और तांडव भी चले और कई बार यहां की मूर्तियां भी लूटी गईं। आज भले ही यहां से गंगा नदी के व्यापार मार्ग के लिए प्रयोग में नहीं लाया गया, लेकिन यहां से बहने वाली पवित्र गंगा नदी महाभारत काल में व्यापार के लिए एक प्रमुख जलमार्ग का केंद्र हुआ करती थी। इसके अलावा यह स्थान हस्तिनापुर की राजधानी था, इसलिए भी उस दौर में इस जलमार्ग का महत्वपूर्ण विकास हुआ था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि इस साल ऐतिहासिक गढ़मुक्तेश्वर मेले को 'मिनी-कुंभ' के रूप में आयोजित किया जाएगा। यह मेला उत्तर प्रदेश की गहरी आस्था, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विरासत का जीता-जागता प्रतीक है। राज्य सरकार का लक्ष्य इसे पूरी श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता के साथ आयोजित करना है, ताकि हर श्रद्धालु शांति और दिव्य आशीर्वाद लेकर लौटे। इस मेले में करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं दौरा कर गढ़मुक्तेश्वर में होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले और अमरोहा के तिगरी मेले की तैयारियों की स्वयं समीक्षा की। मेले की जगहों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद, उन्होंने एक समीक्षा बैठक की और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा के किनारे करीब 40 से 45 लाख श्रद्धालु पवित्र स्नान करने और दीपदान करने आते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि श्रद्धालुओं के लिए एक सहज

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद तमिलनाडु सरकार ने कार्तिकेय दीपम पर दीप प्रज्वलित नहीं होने दिया, यह संविधान और न्यायपालिका का अपमान है : डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 25 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में तमिलनाडु की कांग्रेस समर्थित सरकार और विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि 24 नवंबर को कार्तिकेय दीपम के अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद तमिलनाडु सरकार ने दीप प्रज्वलित नहीं होने दिया। उन्होंने इसे संविधान, न्यायपालिका और भारतीय धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं का अपमान बताया।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन हमेशा संविधान की रक्षा की बात करते हैं, लेकिन जब सर्वोच्च न्यायालय ने कार्तिकेय दीपम के अवसर पर सीमित शर्तों के साथ दीप प्रज्वलित करने का निर्णय दिया, तो तमिलनाडु सरकार ने उसका पालन नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस, राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन से सवाल किया कि आखिर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने में सरकार को क्या परेशानी थी। उनके अनुसार, यह घटना संवैधानिक संस्थाओं के प्रति विपक्ष के रवैये को उजागर करती है।

भाजपा सांसद ने कहा कि कार्तिकेय दीपम तमिलनाडु की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। उत्तर भारत में इसी दिन कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली मनाई जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पवित्र अवसर पर दीप प्रज्वलित करने से रोककर विपक्षी गठबंधन ने सनातन धर्म और तमिल संस्कृति के प्रति अपनी सोच प्रदर्शित की है। उन्होंने इसे कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति से जोड़ते हुए कहा कि कांग्रेस समाज में विभाजन पैदा करने और हिंदू आस्था की अनदेखी करने का प्रयास कर रही है। डॉ. त्रिवेदी ने तमिलनाडु में मंदिरों से जुड़े पूर्व विवादों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2021 में पेरंबलूर जिले के कलत्तूर गांव में मंदिर में पूजा-अर्चना और घंटा-घड़ियाल बजाने को लेकर विवाद हुआ था। इसी तरह सितंबर 2022 में तिरुचिंदूर गांव को लेकर तमिलनाडु वक्फ बोर्ड के दावे का मामला सामने आया था। उन्होंने कहा कि कार्तिकेय दीपम से जुड़ा विवाद केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे तमिल संस्कृति और ऐतिहासिक धार्मिक विरासत से जुड़ा बड़ा प्रश्न है। उन्होंने तमिलनाडु सरकार के हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग पर भी सवाल उठाए। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि जिस विभाग की जिम्मेदारी हिंदू धार्मिक संस्थाओं और मंदिरों की रक्षा करना है, वही विभाग मंदिर के खिलाफ मुकदमा लड़ने के लिए वकीलों की फीस का भुगतान कर रहा है। उन्होंने 31 अक्टूबर 2026 को तमिलनाडु के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री एएम शाहजहां के उस कथित बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें मुस्लिम और ईसाई समुदायों के अनुरोध पर बिना वैध भूमि दस्तावेजों वाली मस्जिदों, दरगाहों और चर्चों को भूमि का स्वामित्व एवं पट्टे देने की बात कही गई थी। उन्होंने इसे सरकार का दोहरा रवैया करार दिया।

भाजपा प्रवक्ता ने कार्तिकेय पहाड़ी के ऐतिहासिक और न्यायिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन संगम साहित्य में भी इस पहाड़ी का उल्लेख मिलता है। उन्होंने बताया कि संगम कवि नक्कीरर की रचना 'तिरुमुरुगाट्टुप्पडै' में इसका संदर्भ है। उनके अनुसार, वर्ष 1923 में मदुरै की अदालत, इसके बाद मद्रास हाईकोर्ट और 1931 में प्रिवी काउंसिल के फैसलों में पहाड़ी को मंदिर की संपत्ति बताया गया था। उन्होंने सवाल उठाया कि इतने पुराने ऐतिहासिक और न्यायिक संदर्भों के बावजूद इस स्थान को लेकर विवाद क्यों खड़ा किया जा रहा है।

डॉ. त्रिवेदी ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन की राजनीति पर निशाना साधते हुए इसे सनातन धर्म के प्रति विरोध की सोच से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से भी अधिक हिंदू विरोधी साबित होने की कोशिश कर रही है। इसी कारण उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को कांग्रेस का दूसरा शाहबानो आंदोलन बताया। उन्होंने 'डिसमेंटलिंग ग्लोबल हिंदुत्व' जैसे अभियानों का भी उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन की राजनीति में सनातन परंपराओं के प्रति विरोध दिखाई देता है। प्रेस वार्ता के अंत में डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि तमिलनाडु सरकार द्वारा एक दीप प्रज्वलित करने से रोकने के बावजूद सनातन आस्था की ज्योति को बुझाया नहीं जा सकता। उन्होंने दावा किया कि इस घटना से लोगों के मन में तमिल संस्कृति और धार्मिक आस्था के सम्मान को लेकर नई चेतना जागेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता समय आने पर कांग्रेस, विपक्षी गठबंधन और तमिलनाडु सरकार को इसका जवाब देगी।

संविधान दिवस पर शिकोहाबाद में 7 हजार विद्यार्थी करेंगे प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

पाली इंटर कॉलेज में पूर्वाभ्यास, जनपद न्यायाधीश और जिलाधिकारी सहित कई अधिकारी होंगे शामिल

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) भारतीय संविधान के प्रति सम्मान, संवैधानिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों में संवैधानिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर पाली इंटर कॉलेज, शिकोहाबाद में



ह्यसंविधान संवाद अभियान के अंतर्गत एक स्वर, एक संविधान* कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें करीब 7,000 विद्यार्थी एक साथ भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करेंगे।कार्यक्रम की तैयारियों के क्रम में बुधवार, 25 नवंबर को पाली इंटर कॉलेज परिसर में सामूहिक प्रस्तावना वाचन का पूर्वाभ्यास कराया गया। इस दौरान कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों की सहभागिता और सामूहिक वाचन की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया, ताकि मुख्य आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद के अनुसार, 26 नवंबर को सुबह 9 बजे आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम संवैधानिक एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का संदेश देगा। इसमें जनपद न्यायाधीश, फिरोजाबाद, जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारी, जिलाधिकारी सहित अन्य गणमान्य अधिकारी शामिल होंगे।कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और आमजन को संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के आदर्शों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और संवैधानिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया जाएगा।

टूंडला में मिट्टी के डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, चालक फरार

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद टूंडला क्षेत्र में बनकट पुल के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। मिट्टी के डंपर की टक्कर से बाइक सवार 32 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन लेकर फरार हो गया।मृतक की पहचान अनवारा निवासी लालू प्रसाद यादव (32) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, लालू प्रसाद यादव स्प्लेंडर बाइक से बनकट से टूंडला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बनकट पुल के पास मिट्टी के डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना के बाद फरार हुए डंपर चालक और वाहन की तलाश शुरू कर दी है। हादसे की खबर मिलने पर मृतक के परिजनों में शोक का माहौल है।

'जनगणना का डेटा किसी भी प्रकार से साक्ष्य (एvिल्ली) के रूप में मान्य नहीं है, इसलिए बेझिझक साझा करें बिल्कुल सही और सटीक जानकारी'— जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा! फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज की छात्राओं के साथ जनगणना-2027 के विभिन्न पहलुओं पर हुई सार्थक चर्चा, स्वगणना (री'ा-एल्लश्रीा३ङ्मल्ल) की प्रक्रिया व प्राप्त आईडी सुरक्षित रखने की दी गई जानकारी!

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा फिरोजाबाद । जनपद में जनगणना अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और युवा शक्ति को इससे जोड़ने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज की छात्राओं के साथ जनगणना के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर सार्थक चर्चा की गई। इस दौरान छात्राओं को स्वगणना के आधुनिक विकल्प की विस्तार से जानकारी दी गई जिसके अंतर्गत वे ऑनलाइन माध्यम से अपनी गणना स्वयं कर प्राप्त होने वाली आईडी को सुरक्षित रख सकती हैं ताकि



प्रगणकों के घर आने पर डेटा के मिलान और सिंक करने की प्रक्रिया और अधिक सुगम व पारदर्शी बन सके।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने छात्राओं को बताया कि, जनगणना केवल आँकड़ों का संकलन नहीं है बल्कि यह देश व प्रदेश की भावी नीतियों और विकास योजनाओं के निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जनगणना के तहत एकत्रित किया जाने वाला डेटा किसी भी प्रकार से कानूनी या अन्य साक्ष्य के रूप में मान्य नहीं होता है इसलिए प्रत्येक नागरिक व छात्रा से अपेक्षा है कि वे बिना किसी संकोच के बिल्कुल सही और सटीक जानकारी साझा करें। प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट सेंसस ऑफिसर के रूप में प्रशासन का यह प्रयास है कि जनपद की युवा शक्ति और विशेषकर छात्राएं इस राष्ट्रीय अभियान से जागरूक होकर जुड़ें व सही सूचना प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे

स्वास्थ्य दिवस पर चिकित्सा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित जिलाधिकारी ने की शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण की अपील, 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को नाम जुड़वाने का मिलेगा अवसर

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो राजकुमार शर्मा व राजेश कुमार शर्मा



फिरोजाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को लेकर बुधवार को स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा त्रुटियों को दुरुस्त कराने के प्रति जागरूक किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाना है, जिससे कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने विशेष रूप से उन युवाओं से अपील की, जो 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं। ऐसे सभी युवा अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने नागरिकों से घर-घर पहुंचने वाले बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को सही जानकारी उपलब्ध कराने तथा मतदाता सूची में नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों की जांच करने की अपील की।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन के लिए अलग-अलग फॉर्म

कार्यक्रम में मतदाता पंजीकरण से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी भी दी गई। नए मतदाता के रूप में नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म-6, मृतक, स्थानांतरित अथवा दोहरे नामों को हटाने एवं आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 तथा नाम, पता, आयु, फोटो में संशोधन और विधानसभा क्षेत्र में स्थान परिवर्तन के लिए फॉर्म-8 भरने की जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिक इन प्रक्रियाओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पूरा कर सकते हैं। इसके लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क करने के साथ ही वोटर हेल्पलाइन ऐप अथवा निर्वाचन आयोग के आधिकारिक पोर्टल voters.eci.gov.in पर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के साथ ही अपने परिवार, आसपास के लोगों और अन्य पात्र नागरिकों को भी जागरूक करें, ताकि जनपद में शत-प्रतिशत पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके।

फिरोजाबाद में अवैध तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार, सात पुराने मुकदमे दर्ज

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद जिले में अवैध शस्त्रों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस ने एक आरोपी को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अजय उर्फ अजुआ पुत्र डम्बर सिंह निवासी नगला उदी, थाना बसई मोहम्मदपुर, फिरोजाबाद के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर विलहना से भट्टा रोड जाने वाले रास्ते के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से *315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस* बरामद किया है। गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना बसई मोहम्मदपुर में मुकदमा अपराध संख्या 185/2026 के तहत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।आरोपी के खिलाफ पहले भी दर्ज हैं मुकदमे पुलिस द्वारा जारी आपराधिक इतिहास के अनुसार, आरोपी के खिलाफ वर्ष 2011 से 2025 तक शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस अधिनियम, आबकारी अधिनियम और जुआ अधिनियम से संबंधित सात पुराने मुकदमे दर्ज हैं। वर्तमान मामले को मिलाकर उसके खिलाफ कुल आठ मुकदमों का उल्लेख किया गया है।



इन पुलिसकर्मियों ने की गिरफ्तारी कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सिंहराज सिंह, उपनिरीक्षक देवेन्द्र पंवार, हेड कांस्टेबल चन्द्रभान सिंह, कांस्टेबल भूपेश चौधरी और रिजर्व कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे।

30 नवंबर को एमडी जैन इंटर कॉलेज में होगा 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन

डीआईओएस मुदिता पांडेय ने पंजीकृत विद्यार्थियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के तत्वावधान में 32वीं बाल विज्ञान कांग्रेस-2026 का जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन 30 नवंबर, सोमवार को प्रातः 10 बजे से श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पांडेय के निर्देशन में तथा जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन और विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के संयोजन में होगा।जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पांडेय ने जनपद के सभी बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि बाल विज्ञान कांग्रेस के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले सभी विद्यार्थियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराएं। प्रतिभागियों को अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ प्रोजेक्ट, दैनंदिनी, पोस्टर तथा अन्य आवश्यक सामग्री लेकर निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना होगा।जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वर्ष प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार है। इसमें ऑनलाइन पंजीकरण कराने वाले 10 से 17 वर्ष तक के विद्यार्थी जूनियर और सीनियर वर्ग में प्रतिभाग करेंगे।उन्होंने पंजीकृत विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील की कि सभी प्रतिभागियों के आवेदन पत्र पूर्ण कराएं तथा परियोजना का सारांश ऑनलाइन जमा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, शोध की प्रवृत्ति और समस्याओं के समाधान की क्षमता विकसित होती है। विद्यालयों को विद्यार्थियों की तैयारी में सहयोग करते हुए समय से उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।



फिरोजाबाद में 36 शोहदों पर कार्रवाई, पारिवारिक विवादों में कराई गई सुलह

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया



फिरोजाबाद महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए फिरोजाबाद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-06 के तहत विशेष चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। बुधवार, 25 नवंबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने कार्रवाई करते हुए 36 शोहदों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की।अभियान के दौरान प्रमुख मंदिरों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों, चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। महिला पुलिसकर्मियों ने सादे कपड़ों में भी संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निगरानी की।पुलिस के अनुसार, महिलाओं एवं बालिकाओं पर अशोभनीय टिप्पणी करने, अनावश्यक रूप से घूमने तथा संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें भविष्य में ऐसी गतिविधियां न दोहराने की चेतावनी दी गई।महिला हेल्पलाइन की दी जानकारी मिशन शक्ति टीमों ने पारिवारिक विवादों के मामलों में काउंसलिंग के माध्यम से दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सहमति से विवादों का निस्तारण कराने का प्रयास किया। पुलिस की ओर से जारी विवरण में सात परिवारों में समझौता कराने का उल्लेख है, जबकि कार्रवाई के ब्योरे में छह परिवारों के विवाद सुलझाने की जानकारी दी गई है।इसके अलावा महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, 181, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। पुलिस ने जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता लेने के लिए जागरूक किया।फिरोजाबाद पुलिस ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और उनमें सुरक्षा व आत्मविश्वास की भावना मजबूत करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

कांग्रेस ने 60 साल के शासन में लोकतंत्र को कमजोर किया, सत्ता पाने के लिए अब अराजकता फैलाने का प्रयास कर रही है : राजनाथ सिंह

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली/कलबुर्गी, 25 नवंबर। केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कर्नाटक के कलबुर्गी में आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने लगभग 60 वर्षों के शासनकाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया और अब सत्ता में वापसी के लिए देश में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकारें सड़कों पर उपद्रव और अराजकता से नहीं, बल्कि जनता के वोट से बदलती हैं। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि भारत में सत्ता परिवर्तन का अधिकार केवल जनता के पास है।

राजनाथ सिंह ने 1975 में लगाए गए आपातकाल और 1984 में सिखों के नरसंहार का उल्लेख करते हुए कहा कि ये घटनाएं कांग्रेस के लोकतंत्र विरोधी इतिहास को उजागर करती हैं। उन्होंने बताया कि आपातकाल के दौरान उन्हें भी 18 महीने जेल में रहना पड़ा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस आज भी चुनाव आयोग, ईवीएम और अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने में लगी है। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि जब भाजपा और नरेंद्र मोदी को कांग्रेस शासनकाल में नियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्तों के कार्यकाल में चुनावी जीत मिली, तब चुनाव प्रक्रिया पर सवाल क्यों नहीं उठाए गए।

रक्षा मंत्री ने हैदराबाद में आयोजित कांग्रेस के एक कार्यक्रम का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि वहां एक विदेशी नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए और राहुल गांधी तालियां बजाते रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान भारत की धरती पर हुआ, न कि विदेश में। भाजपा के लिए देश का सम्मान सर्वोपरि है, जबकि कांग्रेस राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता देती है।

कर्नाटक में पीएफआई से जुड़े मामलों को वापस लेने के कांग्रेस सरकार के फैसले पर भी राजनाथ सिंह ने सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से समझौता कर रही है। साथ ही कांग्रेस पर भ्रष्टाचार, निर्वाचित सरकारों को बर्खास्त करने और न्यायपालिका पर दबाव बनाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 1959 में केरल की निर्वाचित सरकार को बर्खास्त करने से लेकर आपातकाल के दौरान न्यायपालिका के कामकाज में हस्तक्षेप तक कांग्रेस का इतिहास लोकतांत्रिक मर्यादाओं के उल्लंघन से भरा रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है और देश दुनिया की शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी गति से आगे बढ़ने पर भारत अगले एक-दो वर्षों में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो सकता है। उन्होंने जनता से लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होने तथा राजनीतिक बदलाव के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मतदान का रास्ता अपनाने की अपील की। पदयात्रा में कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र पाकर खिले ग्रामीणों के चेहरे

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया हाथवंत फिरोजाबाद प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत बुधवार, 25 नवंबर 2026 को विकासखंड हाथवंत में कार्यक्रम आयोजित कर पात्र लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। स्वीकृति पत्र प्राप्त होने पर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पक्का मकान मिलने की उम्मीद से लाभार्थियों में उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य पात्र गरीब परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और बेहतर आवास की सुविधा मिल सकेगी।



स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए सरकार की इस योजना को जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण बताया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुरेश चंद्र, राजेश चौहान, वीडीओ हाथवंत गोविंदपाल एवं, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार, एडीओ यशपाल सिंह तथा ग्राम विकास अधिकारी मुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

संविधान दिवस पर 7 हजार विद्यार्थी एक साथ करेंगे प्रस्तावना का वाचन, पाली इंटर कॉलेज में पूर्वाभ्यास

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया शिकोहाबाद संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को संविधान संवाद अभियान के अंतर्गत एक स्वर, एक संविधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत पाली इंटर कॉलेज, शिकोहाबाद में गुरुवार सुबह 9 बजे लगभग 7 हजार विद्यार्थी एक साथ भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना है।कार्यक्रम की तैयारियों के क्रम में बुधवार, 25 नवंबर को पाली इंटर कॉलेज में सामूहिक प्रस्तावना वाचन का पूर्वाभ्यास कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रस्तावना वाचन की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया तथा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और उनकी सहभागिता को लेकर आवश्यक तैयारियां की गईं। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के आदर्शों का संदेश दिया जाएगा।कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश, फिरोजाबाद, जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारी, जिलाधिकारी सहित अन्य गणमान्य अधिकारी शामिल होंगे।सामूहिक प्रस्तावना वाचन के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की महत्ता, नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाने का संदेश दिया जाएगा।

टूंडला में घायल गोवंश का बुरा हाल, पेट भरने के लिए कूड़ा खाने को मजबूर

गौसेवा के नाम पर चल रहे संगठनों और पशु चिकित्सा विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, अस्थायी गोशाला से भी नहीं मिला सहारा



दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया टूंडला (फिरोजाबाद) नगर में गोवंश की दुर्दशा का मामला सामने आया है। एक घायल गोवंश पेट भरने के लिए कूड़े में खाने की तलाश करता मिला। इस दृश्य ने नगर में गोसेवा के दावों और घायल पशुओं की देखभाल की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।स्थानीय स्तर पर गौ माता के संरक्षण और सेवा के नाम पर कई संगठन सक्रिय हैं, लेकिन घायल पशु को सहारा नहीं मिल पाना व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल उठाता है। वहीं, पशु चिकित्सा विभाग की भूमिका को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। आरोप है कि घायल गोवंश को उपचार और देखभाल की आवश्यकता होने के बावजूद उसे राहत नहीं मिल सकी।नगर में अस्थायी गोशाला संचालित होने के बावजूद घायल पशु को सहारा न मिलना भी चिंता का विषय है। गोवंश संरक्षण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित संगठनों से अपेक्षा है कि वे घायल पशु के उपचार, भोजन और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था सुनिश्चित करें।अब देखना यह है कि नगर प्रशासन, पशु चिकित्सा विभाग और गोसेवा से जुड़े संगठन इस मामले में कितनी तत्परता दिखाते हैं और घायल गोवंश को समय पर उपचार एवं आश्रय मिल पाता है या नहीं।

महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व अधिकारों के प्रति किया जागरूक

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-06 अभियान के तहत बुधवार, 25 नवंबर को जनपद फिरोजाबाद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।अभियान के अंतर्गत थानों की मिशन शक्ति पुलिस टीमों ने ब्लॉक स्तर, गांवों और स्कूल-कॉलेजों में रैली, संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं और संभ्रांत नागरिकों को महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी।कार्यक्रमों में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, सुरक्षा, समानता और अधिकारों के साथ साइबर हिंसा से बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। इसके अलावा नशे के दुष्परिणामों, पारिवारिक विवादों, बाल विवाह और समाज में प्रचलित अन्य कुरीतियों के प्रति जागरूक करते हुए इनके उन्मूलन में सहयोग करने की अपील की गई।पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त करने के लिए महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर *1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930* की जानकारी दी। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में भी बताया गया।पुलिस का उद्देश्य मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है।



संत हरि चेतन्य पुरी महाराज की अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर भावुक विदाई, एयरपोर्ट पर उमड़े श्रद्धालु

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी नई दिल्ली - हवाई अड्डे पर मंगलवार को भक्ति और उत्साह का अनूठा नजारा देखने को मिला। सफेद वस्त्रों और सफेद पगड़ी में सजे संत हरि चेतन्य पुरी महाराज को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान टर्मिनल पर पहुंचे। संत ने हाथ उठाकर सभी श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया और सभी को आशीर्वाद दिया। श्रद्धालुओं ने फूलों की भारी मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। संत के चेहरे पर मुस्कान और श्रद्धालुओं की आंखों में भावुकता साफ दिखाई दी। बताया जा रहा है कि संत अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। इस यात्रा के दौरान वे विदेश में रहने वाले भारतीय श्रद्धालुओं से मिलेंगे और सत्संग, ध्यान व आध्यात्मिक प्रवचन के कार्यक्रमों में भाग लेंगे। हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालु काफी देर तक संत के दर्शन के लिए रुके रहे। कई श्रद्धालुओं ने तस्वीरें लीं और संत के साथ अपने भाव साझा किए। श्रद्धालुओं ने कहा कि संत की यात्रा से विदेश में भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का प्रचार होगा। उन्होंने संत की सुखद और सफल यात्रा की कामना की। संत ने सभी श्रद्धालुओं को प्रेम, सद्भाव, सेवा और मानवता का संदेश दिया। एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों ने इस भावुक विदाई के पल को कैमरों में कैद किया।



श्रीकृष्ण जन्मस्थान मामले में करणी सेना का बड़ा ऐलान, 6 दिसंबर को मथुरा में करेगी कार सेवा

ठाकुर विजयपाल सिंह ने प्रेस वार्ता कर यादव समाज, कृष्ण भक्तों और सनातनियों से मथुरा पहुंचने की अपील की

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया मथुरा श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर से जुड़े मुद्दे को लेकर करणी सेना ने आगामी 6 दिसंबर को मथुरा में कार सेवा करने का आह्वान किया है। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में करणी सेना के नेता ठाकुर विजयपाल सिंह ने अभियान की घोषणा करते हुए विभिन्न समुदायों, संगठनों और कृष्ण भक्तों से सहयोग की अपील की।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ठाकुर विजयपाल सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर पर लगे कथित ग्रहण को हटाने के उद्देश्य से करणी सेना 6 दिसंबर को मथुरा में कार सेवा करेगी। उन्होंने दावा किया कि इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सनातनी शामिल होंगे।ठाकुर विजयपाल सिंह ने कहा कि करणी सेना एक बड़ा संगठन है, जो शुरुआत से ही विभिन्न मुद्दों को लेकर बड़े आंदोलन करता आया है। उन्होंने संगठन के सदस्यों के साथ-साथ यादव समाज, यदुवंशियों, कृष्ण भक्तों और सनातनी समाज के लोगों से बड़ी संख्या में मथुरा पहुंचने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान से जुड़े इस अभियान में सभी को एकजुट होकर सहयोग करना चाहिए। करणी सेना की इस घोषणा के बाद 6 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर चर्चा तेज हो गई है। हालांकि, कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की वास्तविक संख्या और प्रशासन की ओर से की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

थाना पलिया पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ 10 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) के तहत 01 अभियुक्त गिरफ्तार

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



लखीमपुर खीरी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ख्याति गर्ग के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के परिवहन, बिक्री एवं खरीद फरोख्त की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल मार्गदर्शन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय पलिया के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक पलिया के नेतृत्व में थाना पलिया पुलिस द्वारा, आज दिनांक 24.11.2026 की रात्रि को अभियुक्त राजेन्द्र सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी राघवपुरी थाना हजारा जनपद पीलीभीत को 10 अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर (स्मैक), परिवहन में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल प्लेटिना वढ26-अ-1221 तथा एक अदद एंड्रायड मोबाइल फोन के साथ अतरिया क्रासिंग से पहले पलिया भीरा रोड मेला घाट मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार व बरामदगी के संबंध में थाना पलिया पर मु0अ0सं0 344/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त -

राजेन्द्र सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी राघवपुरी थाना हजारा जनपद पीलीभीत

बरामदगी का विवरण :-

10 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) बरामद

परिवहन में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल प्लेटिना वढ26-अ-1221

एक अदद एंड्रायड मोबाइल फोन आपराधिक इतिहास

1.मु0अ0सं0 89/2022 धारा 363 भादवि थाना हजारा जनपद पीलीभीत

2.मु0अ0सं0 344/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना पलिया जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1.उ0नि0 श्री विवेक कुमार त्रिपाठी थाना पलिया जनपद खीरी

2.का0 रामभूल वर्मा थाना पलिया जनपद ?

थाना फरधान पुलिस द्वारा जुआ अधिनियम के तहत 05 अभियुक्त गिरफ्तार

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



लखीमपुर खीरी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ख्याति गर्ग के निर्देशन में वांछित/वारंटी व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल मार्गदर्शन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदया सदर के निकट पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष फरधान के नेतृत्व में थाना फरधान पुलिस द्वारा, आज दिनांक 25.11.2026 को जुआँ खेलते हुये 05 अभियुक्तों को ग्राम आधारपुर से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना फरधान पर मु0अ0सं0 528/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआँ अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण -

1. दीपेश वर्मा पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम आधारपुर थाना फरधान जिला खीरी
2. ध्रुव वर्मा पुत्र सुन्दरलाल निवासी ग्राम आधारपुर थाना फरधान जिला खीरी
3. संजोग कुमार पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम आधारपुर थाना फरधान जिला खीरी
4. राजू पुत्र जगन्नाथ निवासी ग्राम आधारपुर थाना फरधान जिला खीरी
5. दीपक कुमार पुत्र यज्ञदत्त निवासी ग्राम पिपराकरमचन्द्र थाना फरधान जिला खीरी

बरामदगी का विवरण :-

एक बण्डल में 52 ताश के पत्ते मय कुल धनराशि 15,400 रुपए जिसमें माल फड़ 12800 रुपए मय जामा तालाशी 2600 रू0

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 श्री ज्ञान प्रकाश मिश्र थाना फरधान जिला खीरी
2. हे0का0 वकील थाना फरधान जिला खीरी
3. का0 सतेन्द्र सिंह थाना फरधान जिला खीरी
4. का0 जितेन्द्र कुमार थाना फरधान जिला खीरी
5. का0 कुलदीप थाना फरधान जिला खीरी
6. का0 दीपक कुमार थाना फरधान जिला खीरी
7. का0 अविरल कुमार थाना फरधान जिला खीरी

जिला प्रमुख चुनाव

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोटी









भरतपुर -भरतपुर संभाग के चार जिलों में संपन्न हुए जिला प्रमुख चुनावों में कांग्रेस ने भरतपुर, धौलपुर और सवाई माधोपुर में जीत दर्ज की है। भरतपुर जिला परिषद में कांग्रेस की रेनू बाला ने 17 वोट हासिल कर भाजपा की पूजा (14 वोट) को शिकस्त दी है जबकि सवाई माधोपुर में अनुसूचित जाति का कोई भी भाजपा प्रत्याशी विजयी नहीं होने के कारण पूर्व कैबिनेट मंत्री अशोक बैरवा की पत्नी आशा देवी बैरवा (वार्ड नंबर 15) निर्विरोध जिला प्रमुख निर्वाचित हुई है। धौलपुर में 29 में से 21 सीटें होने के बावजूद कांग्रेस को कड़ी टक्कर मिली और पार्टी प्रत्याशी अनीशा जाटव ने निर्दलीय उम्मीदवार सोमवती भास्कर को महज एक वोट के अंतर से हराकर किसी तरह लाज बचाई।

प्राप्त जानकारी अनुसार डीग जिले में कांग्रेस की आंतरिक कलह और दिग्गज नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह की नाराजगी पार्टी को बेहद भारी पड़ गई थी जिसका सीधा फायदा उठाते हुए भाजपा ने बाजी पलट दी थी। मतदान से पूर्व ही पूर्व कैबिनेट मंत्री ने सोशल मीडिया के जरिए डीग में कांग्रेस की जमीन खिसकने के संकेत दे दिए थे, जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस के 14 सदस्य होने के बावजूद 7 सदस्यों ने क्रॉस वोटिंग करदी थी। उक्त उलटफेर में भाजपा की रेनू सिंह ने कुल 22 वोट हासिल कर कांग्रेस की मूबीना (7 वोट) को 15 वोटों के भारी अंतर से करारी मात दी है जबकि संभाग के पांचवें जिले करौली में जिला परिषद चुनाव दिसंबर में आयोजित किए जाएंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय वोवीनाम टीम को दिया आशीर्वाद, पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने का किया आह्वान

एशियन वोवीनाम चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही टीम से दिल्ली में की मुलाकात, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह।

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार। अमर नाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ।



नई दिल्ली। कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में आयोजित होने वाली 6वीं एशियन वोवीनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही भारतीय टीम ने मंगलवार शाम देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान रक्षा मंत्री ने टीम के सभी खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त किया और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाने का आशीर्वाद दिया। मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वोवीनाम मार्शल आर्ट की बढ़ती लोकप्रियता और भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वे प्रतियोगिता में पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना के साथ उतरें तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश का मान-सम्मान बढ़ाएं। उनके प्रोत्साहन से भारतीय खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय दल प्रमुख प्रवीण गर्ग ने रक्षा मंत्री को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रवीण गर्ग ने भारतीय टीम की तैयारियों और प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की भागीदारी के संबंध में जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य और प्रतियोगिता में सफलता की कामना की। भारतीय दल के साथ हेड कोच शंकर माधवराव महाबले तथा रेफरी देवेन मोइरांगथेम, ऋषि पाल भारती, विनोद लखेरा और देवेंद्र रावत भी उपस्थित रहे।

भारतीय टीम में उत्तर प्रदेश से नितेश कुमार एवं सैयद अयूब, उत्तराखंड से बबीता अधिकारी, तेजस्वानी, अजय शर्मा, हर्षित कुमार एवं सागर सिंह अधिकारी, हरियाणा से प्रीतिका एवं ओम तेवतिया, महाराष्ट्र से श्रीनिवास महादेव वानखली तथा मणिपुर से मालेम नगांबी देवी सलाम शामिल हैं।

विभिन्न राज्यों से चयनित इन खिलाड़ियों के माध्यम से भारतीय दल अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा, तकनीक और कौशल का प्रदर्शन करेगा। उल्लेखनीय है कि 24 से 30 नवंबर 2026 तक नोम पेन्ह में आयोजित 6वीं एशियन वोवीनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ी फाइट एवं परफॉर्मेंस सहित विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेकर एशियाई स्तर पर अपनी चुनौती पेश करेंगे। प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने और पदक हासिल करने के लक्ष्य के साथ भारतीय टीम मंगलवार रात 11:30 बजे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कंबोडिया के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम को रक्षा मंत्री से मिला प्रोत्साहन और आशीर्वाद खिलाड़ियों के मनोबल को मजबूत करने वाला साबित होगा। देशवासियों की उम्मीदों के साथ भारतीय खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर तिरंगे की शान बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

मौके पर 32 जनशिकायतों का निस्तारण

एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देश पर कार्रवाई, शिकायतकताओं को थाने और पुलिस कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने से मिलेगी राहत

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद जनशिकायतों के समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण के लिए फिरोजाबाद पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार, 25 नवंबर 2026 को पुलिस टीमों ने शिकायतकताओं के पास मौके पर पहुंचकर कुल 32 जनशिकायतों का निस्तारण किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण के पर्यवेक्षण में संचालित इस अभियान का उद्देश्य आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।अभियान के अंतर्गत सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित स्थानों पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी को अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में प्रतिदिन कम से कम एक स्थान पर तथा प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में कम से कम दो स्थानों पर पहुंचकर शिकायतों का समाधान करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।पुलिस टीमों द्वारा शिकायत से संबंधित स्थल का निरीक्षण करने के साथ दोनों पक्षों से बातचीत की जाती है। इसके बाद शिकायतकताओं और संबंधित पक्षों से फीडबैक लेकर निस्तारण की गुणवत्ता तथा निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।इस पहल से आमजन को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए बार-बार थाने और पुलिस कार्यालय के चक्कर लगाने से राहत मिलने की उम्मीद है। फिरोजाबाद पुलिस का उद्देश्य जनसमस्याओं का मौके पर समाधान कर पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाना और आमजन का विश्वास मजबूत करना है।



थाना गोला पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

सुनहरा संसार सिकंदर आजम रिपोर्टर लखीमपुर खीरी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , डॉ0 ख्याति गर्ग के निर्देशन में वांछित/वारण्टी व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण मे एवं क्षेत्राधिकारी महोदय गोला के निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक गोला के नेतृत्व में वारण्टी अभियुक्त आमिर पुत्र भन्नू उम्र करीब 30 वर्ष नि० पश्चिमी दिक्षिताना वार्ड न० 14 थाना गोला जिला खीरी सम्बन्धित वाद संख्या 2027/2019 धारा 379 भा०दा०वि० को विकास चौराहा से समय करीब 14.00 बजे कारण गिरफ्तारी से अवगत कराते हुये हिरासत पुलिस में लिया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।



नाम पता गिरफ्तार शुदा अभियुक्त :-

आमिर पुत्र भन्नू उम्र करीब 30 वर्ष नि० पश्चिमी दिक्षिताना वार्ड न0 14 थाना गोला जिला खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1 उ०नि० सुनील कुमार तिवारी थाना गोला जनपद खीरी

2. का० गौरव कुमार थाना गोला जनपद खीरी

3. का0 किशोर सिंह थाना गोला जनपद खीरी

थाना भीरा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

सुनहरा संसार सिकंदर आजम



लखीमपुर खीरी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ख्याति गर्ग के निर्देशन में वांछित/वारण्टी व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण मे एवं क्षेत्राधिकारी महोदय गोला के निर्देशन में व थानाध्यक्ष भीरा के नेतृत्व में आज दिनांक 25.11.2026 को 01 नफर वारण्टी अभियुक्त 1. छोटे पुत्र हरद्वारी निवासी ग्राम कटैय्या थाना भीरा जनपद खीरी उम्र करीब 40 वर्ष सम्बन्धित मु0सं0 6144/09 धारा 35(6)/51(1) रेंज किशनपुर पेशी 25.11.2026 को अभियुक्त के निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार शुदा अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु लखीमपुर खीरी भेजा गया ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व वारण्ट विवरण:-

छोटे पुत्र हरद्वारी निवासी ग्राम कटैय्या थाना भीरा जनपद खीरी उम्र करीब 40 वर्ष सम्बन्धित मु0सं0 6144/09 धारा 35(6)/51(1) हछढ अू३ रेंज किशनपुर पेशी 25.11.2026

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:-

उ0नि0 साहबलाल थाना भीरा जनपद खीरी

का0 नितिन कुमार थाना भीरा जनपद खीरी

का0 रिषभ जादौन थाना भीरा जनपद खीरी

का0 जगजीवन थाना भीरा जनपद खीरी

म0का0 वर्तिका साहू थाना भीरा जनपद खीरी

ट्रेन में चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार, 27 हजार की पायल और 4 हजार रुपये बरामद

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार लखनऊ अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ।



हरदोई। ट्रेनों में यात्रियों के सामान पर हाथ साफ करने वाले शातिर चोर को जीआरपी हरदोई ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के दो मामलों से संबंधित 4 हजार रुपये नकद और सफेद धातु की एक जोड़ी पायल बरामद की है, जिसकी कीमत करीब 27 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी सीतापुर जनपद का निवासी है, जिसे पुलिस ने बालामऊ रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान दबोचकर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में चोरी, लूट, जहरखुरानी तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जीआरपी की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस महानिदेशक रेलवे उत्तर प्रदेश के आदेश पर पुलिस महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देशन में पुलिस टीम संदिग्धों की तलाश में जुटी थी। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वितीय लखनऊ के पर्यवेक्षण तथा जीआरपी हरदोई थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम ने 24 नवंबर की रात करीब 11:40 बजे बालामऊ रेलवे स्टेशन पर हरदोई छोर के बोर्ड के पास एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान कौशल किशोर (48) पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ, निवासी मोहल्ला आजादनगर, सेठिया ऑयल मिल के निकट, थाना कोतवाली देहात, जनपद सीतापुर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी के दो मामलों से संबंधित 4 हजार रुपये नकद, सफेद धातु की एक जोड़ी पायल और आधार कार्ड बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, बरामद पायल की कीमत करीब 27 हजार रुपये है। जीआरपी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ थाना जीआरपी हरदोई में मुकदमा संख्या 30/2026 और 31/2026 धारा 305(सी)/317(2) बीएनएस के तहत दर्ज चोरी के मामलों में बरामदगी हुई है। पहले मुकदमे से संबंधित 2500 रुपये नकद और दूसरे मुकदमे से संबंधित 1500 रुपये नकद तथा पायल बरामद की गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के बैग, मोबाइल फोन और नकदी को निशाना बनाता था

चिन्मय मिशन झाँसी से जुड़े सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक राजीव गर्ग को ग्लोबल समर्पण समाज गौरव-2026 सम्मान

सुनहरा संसार ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी। चिन्मय मिशन झाँसी के ज्ञान यज्ञ एवं आध्यात्मिक आयोजनों में अपनी मधुर बांसुरी वादन प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर करने वाले सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक एवं श्रीजी बांसुरी एकेडमी के संस्थापक श्री राजीव गर्ग को जयपुर में आयोजित समर्पण संस्था के 11वें विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित ह्यभूषेन हजारिका ग्लोबल समर्पण समाज गौरव-2026 सम्मान से सम्मानित किया गया है। धौलपुर जिले के बाड़ी निवासी श्री राजीव गर्ग को यह सम्मान भारतीय कला एवं संस्कृति, संगीत साधना तथा बांसुरी वादन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और समर्पण के लिए प्रदान किया गया। जयपुर के त्रिवेणी नगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के न्यू ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में समर्पण संस्था के अध्यक्ष डॉ. दौलतराम माल्या, मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र मोहन माथुर तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद राम कुमार वर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजीव गर्ग ने अपनी बांसुरी वादन प्रस्तुति से सभागार को मधुर स्वर लहरियों से गुंजायमान कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों एवं संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चिन्मय मिशन झाँसी के साथ उनका विशेष जुड़ाव रहा है।* वे मिशन द्वारा आयोजित ज्ञान यज्ञों एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में नियमित रूप से अपनी बांसुरी वादन प्रस्तुतियाँ देते रहे हैं। हाल ही में चिन्मय मिशन की अमृत यात्रा के अवसर पर भी उन्होंने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई थी। उनकी बांसुरी की मधुर स्वर लहरियाँ आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक भावपूर्ण एवं आनंदमय बना देती हैं। चिन्मय मिशन झाँसी के सचिव श्री इङ्ग मुकेश गुप्ता ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजीव गर्ग जी की संगीत साधना, कला के प्रति निष्ठा और आध्यात्मिक आयोजनों में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय है। उनकी बांसुरी केवल संगीत की प्रस्तुति नहीं, बल्कि भावों और आध्यात्मिक अनुभूति की अभिव्यक्ति भी है। मिशन परिवार के लिए यह हर्ष और गौरव का विषय है कि उनसे जुड़े एक प्रतिभाशाली कलाकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। चिन्मय मिशन झाँसी परिवार की ओर से श्री राजीव गर्ग को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। हम कामना करते हैं कि उनकी संगीत साधना निरंतर नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करे तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक संगीत की सुगंध देश-विदेश में फैलती रहे।

किसानों के हक की आवाज बने डॉ. संदीप सरावगी, सैकड़ों किसानों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, सर्किल रेट बढ़ाने की मांग

सुनहरा संसार ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी। केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित किसानों के अधिकारों और उनकी जायज मांगों को लेकर संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी किसानों के साथ मजबूती से खड़े नजर आए। उनके नेतृत्व में ग्राम मगरवारा, तहसील मऊरानीपुर के सैकड़ों किसान अपनी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। किसानों की प्रमुख मांग ग्राम मगरवारा के कृषि भूमि के सर्किल रेट में उचित वृद्धि किए जाने को लेकर रही। किसानों का कहना है कि नवीन सर्किल रेट सूची में आसपास के सभी गांवों की दरों में बढ़ोतरी की गई है, लेकिन ग्राम मगरवारा के सर्किल रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया। जबकि यहां की कृषि भूमि का बाजार मूल्य आसपास के गांवों के बराबर अथवा उससे अधिक है। डॉ. संदीप सरावगी ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से मांग की कि ग्राम मगरवारा के सर्किल रेट का पुनरीक्षण कराया जाए और आसपास के गांवों की दरों के आधार पर निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाए, ताकि केन-बेतवा लिंक परियोजना में प्रभावित किसानों को उनकी भूमि का उचित एवं न्यायसंगत प्रतिकर मिल सके। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने हाल के पंजीकृत बैनामों के आधार पर भूमि का वास्तविक बाजार मूल्य निर्धारित करने, संबंधित अधिकारियों द्वारा समस्याओं की सुनवाई करने और किसानों की मांगों पर समयबद्ध निर्णय लेने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण अनशन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान डॉ. संदीप सरावगी ने किसानों के हितों की रक्षा और उनकी आवाज प्रशासन तक पहुंचाने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बड़ी संख्या में किसानों की मौजूदगी ने इस मांग को लेकर ग्रामीणों की एकजुटता भी प्रदर्शित की। इस अवसर पर महेंद्र गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, राजेश सिंह, अमर सिंह, राज सिंह, प्रमोद सिंह, राजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, प्रमोद गुप्ता, भगवानदास, जयप्रकाश, पुष्पेंद्र, श्याम, मदन, कामता, जगदीश, वृंदावन, रतीराम, राजेंद्र, प्रेम नारायण, रामस्वरूप, भूपेंद्र, छक्की, विजय एवं मैथिली सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और प्रभावित किसान उपस्थित रहे।

हस्ताक्षर कर लोगों ने लिया यातायात नियमों को पालन करने का संकल्प

सुनहरा संसार ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी संभागीय परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 25-11- 2026 को सीपरी बाजार झांसी स्थित चमनगंज चौकी के समीप यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु हस्ताक्षर अभियान का कार्यक्रम ए आरटीओ प्रवर्तन हेमचंद गौतम के मुख्य आतिथ्य व निरीक्षक यातायात देवेंद्र शर्मा व वरिष्ठ समाजसेवी अशोक अग्रवाल काका,ट्रैफिक वार्डन दिलीप अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य तथा ट्रैफिक चीफ वार्डन सड़क सुरक्षा समिति की सदस्य डॉ सुश्री प्रगति शर्मा के संयोजन में किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ए आरटीओ हेमचंद्र गौतम द्वारा हस्ताक्षर कर अभियान का विधिवाद शुभारंभ किया गया तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा भी हस्ताक्षर किए गए कार्यक्रम में आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की एनसीसी ,रोवर रेंजर की छात्राओं द्वारा राहगीरों एवं वाहन चालकों को रोक कर उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी से हस्ताक्षर भी करवाये और सभी ने आश्वस्त भी किया कि वह नियमों का पालन अवश्य करेंगे। आए हुए अतिथियों का कार्यक्रम संयोजक डॉ.प्रगति शर्मा द्वारा पौधा भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर प्रवक्ता डॉ रेनू ,डॉक्टर सौम्या वर्मा ,डॉक्टर किरण, ट्रैफिक वार्डन दीपशिखा शर्मा ,मोहम्मद फैजान ,छात्र शोभा ,प्रियंका ,खुशबू पाल ,प्रिंसी गुप्ता, पूर्वा वर्मा ,प्रिंसी, भारती, सेजल आदि छात्राओं एवं संभ्रांत जनों ने उपस्थित होकर हस्ताक्षर अभियान में अपनी सहभागिता दी।

ग्वालियर ने जीती मीनेश प्रीमियर लीग की ट्रॉफी, रोमांचक फाइनल में प्रयागराज को 8 रन से हराया

सुनहरा संसार ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी। जीआईसी मैदान पर आयोजित ऑल इंडिया ओपन जिला स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट मीनेश प्रीमियर लीग का रविवार को रोमांचक समापन हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद खेले गए फाइनल में जावेद टॉप स्टार क्लब ग्वालियर ने हाईटेक इलेवन प्रयागराज को आठ रन से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में ग्वालियर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 108 रन बनाए। कप्तान आवेद खान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हाईटेक इलेवन प्रयागराज की टीम निर्धारित 10 ओवर में 100 रन ही बना सकी। प्रयागराज की ओर से गोलू रैना ने 36 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इस तरह ग्वालियर ने आठ रन से मुकाबला जीतकर मीनेश प्रीमियर लीग की विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच आवेद खान रहे। इससे पहले खेले गए पहले सेमीफाइनल में डॉक्टर कपिल इलेवन झांसी और हाईटेक इलेवन प्रयागराज के बीच मुकाबला हुआ। झांसी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में सात विकेट पर 110 रन बनाए। कप्तान आशु यादव ने 56 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में प्रयागराज की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 7.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर छह विकेट से जीत दर्ज की। गोलू रैना ने 27 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में जावेद टॉप स्टार क्लब ग्वालियर और री-यूनियन स्ट्राइकर्स दिल्ली आमने-सामने रहे। दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में सात विकेट पर 90 रन बनाए। साहिल लेफ्टी ने 28 रनों का योगदान दिया। जवाब में ग्वालियर की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। लवी संधू ने 28 रनों की उपयोगी पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ ग्वालियर की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया और खिताबी मुकाबले में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि ऋषिकेश मीना तथा विशिष्ट अतिथि राजेंद्र मीणा रहे। सभी मुकाबलों में अंपायर की भूमिका जीतू मीणा और हंसराज मीणा ने निभाई, जबकि सनम मीना स्कोरर तथा विवेकराज मिश्रा मैच रेफरी रहे। झांसी के लोकप्रिय कमेंटेटर सागर तिवारी ने अपनी शानदार कमेंट्री से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं एंकर हाफिज खान ने भी अपनी प्रस्तुति से लोगों को प्रभावित किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य आशु यादव, बृजेन्द्र सिंह यादव, भैयाराम मीना, कालूराम मीना, घनश्याम मीना, फैलीराम मीना, मुनेश चंद मीणा, नफीज मकरानी, रतन मीना, केदार मीणा, मंगल यादव, नितेश कुमार, जयकिशन मीना, सीएल मीना, डॉक्टर कपिल, शिवा यादव, लक्की कुरैशी, दशरथ सिंह, सुरेश चंद्र, प्रेम सिंह, लेखराज मीणा, महेंद्र मीना, रोहित यादव, ओम प्रकाश मीणा, रमाशंकर यादव और जावेद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में टूनार्मेंट के आयोजक रामराज ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले अतिथियों, खिलाड़ियों, आयोजन समिति के सदस्यों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सचिन के शतकीय प्रहार एवं हिम्मत के पंजे से पस्त हुई जनरल एडमिन



झांसी। सीनियर रेलवे इंस्टिट्यूट झांसी में आयोजित अन्तरविभागीय टी-20 कप के उदघाटन मैच में वर्कशॉप वैगन की टीम ने पहले बल्लेबाजी न्योता मिलने के बाद 212 रन बनाए, जबकि जनरल एडमिनिस्ट्रेशन की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुये मात्र 65 रनो पर ही ढेर हो गयी। इस प्रकार वर्कशॉप वैगन ने 147 रनों से शानदार जीत हासिल की। वर्कशॉप वैगन की तरफ से सचिन ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुये 52 गेंदो में 12 चैके और पॉच छक्को की मदद से नाबाद 109 रनो की शानदार पारी खेली वही दादर अमान ने भी 48 बालों पॉच चैके और तीन छक्को की मदद से नाबाद 64 रन बनाये वही अमित थापक ने 14 गेंदो पर 29 रन की ताबडतोड पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एडमिन टीम मात्र 65 रनो पर ही ढेर हो गयी। जिसमें हर्ष ठाकुर ही 42 रन ही बना सके वर्कशॉप टीम की ओर से हिम्मत सिंह ने 13 रन देकर पॉच विकेट और अतुल सिंह ने 16 रन देकर 2 विकेट और अनिल जैकब ने 1 विकेट लिया। इसके पूर्व मण्डल रेल प्रबन्धक द्वारा ट्राफी का अनावरण कर खिलाडियो से परिचय प्राप्त किया उसके उपरान्त टॉस कराकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) नंदीश शुक्ला, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) पी.पी. शर्मा, मुख्य कारखाना प्रबंधक झांसी अजय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य कारखाना प्रबंधक सीएमएलआर बृजेश कुमार पांडेय, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त जितेंद्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) अमन वर्मा एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सत्य साधन सिंह, भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक अबू हसन अंसारी एवं अजय दीक्षित, शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक रेलवे स्टेशन झांसी विनोद कुमार सिंह, एससीएसटी एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह एवं मंडल सचिव वीरेंद्र अहिरवार, रोहित साहू भी उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियो की आगवानी तथा सचिव रिपोर्ट रेल संस्थान सचिव मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में खेलों को आपसी सौहार्द, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। मैच समाप्ति के उपरान्त मैन ऑफ मैच सचिन शिवहरे एवं हिम्मत सिंह को पॉच विकेट के लिए माउण्टलिट्रा जी स्कूल के निदेशक डा0 रोहित पाण्डेय जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मो0 सईद, बृजेन्द यादव, शरीफ खान, सोहेल खान, हाफिज खान, उदयपाल सिंह, इन्द्रपाल सिंह, मयंक वर्मा, जितेन्द्र रायकवार, राजेश, रामसेवक, अमित यादव, विक्रान्त दुवे, अरविन्द कुमार, धर्मेन्द्र साहू, एवं टूनार्मेन्ट सचिव नीरज वर्मा जी उपस्थित रहे। इस आयोजन का संचालन आफाक अहमद एवं आये हुये सभी अतिथियो एवं खिलाडियो का आभार रेल संस्थान उपाध्यक्ष शोभाराम राय ने व्यक्त किया

झांसी एक शांतिप्रिय जनपद: जिला पंचायत अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सदस्यों ने किया वृक्षारोपण

सुनहरा संसार ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी: जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार गौतम के मुख्य आतिथ्य में जिला एकीकरण समिति के तत्वाधान में कौमी एकता सप्ताह का समापन कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि जिला एकीकरण समिति एक महत्वपूर्ण संस्था है। जिला एकीकरण समिति के तत्वाधान में कौमी एकता सप्ताह के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि झांसी में सभी नागरिक प्रेम एवं सौहार्द के साथ निवास करते हैं। जनपद झांसी स्वयं में एक शांतिप्रिय जनपद है। उन्होने कहा कि झांसी वासियों द्वारा कौमी एकता की दिशा में इसी प्रकार सदैव आपस में समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार का पालन करना चाहिए। मौके पर जिला एकीकरण समिति के अन्य सदस्यों द्वारा भी कौमी एकता पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार (19 नवम्बर से 25 नवम्बर 2026 तक) जनपद के समस्त शासकीय कार्यालयों, विभागों, तहसीलों एवं विकासखण्डों में कौमी एकता सप्ताह मनाया गया, इसके अन्तर्गत सप्ताह के प्रत्येक दिवस जनपद में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम के उपरान्त जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सदस्यों ने विकास भवन परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार द्वारा स्वागत स्वरूप मुख्य अतिथि सहित उपस्थित अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। कौमी एकता सप्ताह के समापन अवसर पर सप्ताह के प्रतिदिन आयोजित किये गये कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुये वरिष्ठ समाज सेविका/शिक्षाविद डॉ0 नीतिशास्त्री ने सफल संचालन किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार, उपायुक्त मनरेगा शिखर श्रीवास्तव, सहायक निदेशक सुरजीत सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सौम्या अग्रवाल, सीवीओ डॉ0 संजय कुमार, सदस्य दीपशिखा शर्मा, सदस्य प्रगति शर्मा, सदस्य डॉ0 सुदर्शन शिवहरे, सदस्य डॉ0 मनमोहन मनु, वरिष्ठ सहायक कौसर सिद्दीकी, संतोष कुमार सहित जिला एकीकरण समिति के अन्य सदस्य एवं विकास भवन कार्मिक उपस्थित रहे।

डॉ. अनीता लोधी ने गांव भगवंतपुर में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, खराब सड़कों के निस्तारण की उठी मांग

शिवम शर्मा जिला ब्यूरो चीफ बुलंदशहर
स्याना / बुलंदशहर



भगवंतपुर (स्याना), बुलंदशहर 25 नवंबर 2026 पूर्व विधायक डॉ. अनीता लोधी राजपूत मंगलवार को गांव भगवंतपुर पहुंचीं, जहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक के सामने सबसे बड़ी समस्या गांव की जर्जर और टूटी हुई सड़कों को बताया। ग्रामीणों का कहना है कि भगवंतपुर की मुख्य सड़क सहित कई संपर्क मार्ग पूरी तरह खराब हो चुके हैं। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव हो जाता है।

ग्रामीणों की प्रमुख मांगें:

1. खराब सड़कों का निस्तारण: मुख्य सड़क और गली-मोहल्लों की सड़कों की तुरंत मरम्मत और डामरीकरण कराया जाए।
2. आने-जाने में परेशानी: खराब सड़कों के कारण स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को आने-जाने में भारी दिक्कत होती है।
3. जलभराव और कीचड़: नाली-नालों की सफाई न होने से सड़कों पर पानी भर जाता है, जिससे मच्छर और बीमारियां फैलने का खतरा है।

इस दौरान ग्रामीणों ने डॉ. अनीता लोधी से अपील की कि खराब सड़कों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द काम शुरू कराया जाए। इस दौरे के दौरान एक और बड़ी घोषणा हुई। माननीय पूर्व विधायक डॉ. अनीता लोधी जी ने गांव के अंबेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण का जिम्मा उठाने की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का पार्क गांव की पहचान है, इसका सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। पार्क में साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, पौधारोपण, लाइटिंग और बाउंड्री वॉल आदि के काम कराए जाएंगे, ताकि गांव के लोगों को एक सुंदर और स्वच्छ पार्क मिल सके। इस पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में शिवम शर्मा जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिवम शर्मा जी ने लंबे समय से गांव के लोगों की ओर से पार्क के सौंदर्यीकरण और सड़कों की समस्या को पूर्व विधायक के सामने रखा। उन्हीं के प्रयासों से यह मुद्दा आगे बढ़ा और अब इस पर काम शुरू होने की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए डॉ. अनीता लोधी जी और शिवम शर्मा जी का आभार व्यक्त किया। डॉ. अनीता लोधी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और सड़कों के निर्माण व पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

बबीना विधानसभा में विकास की रफ्तार: 188 करोड़ से अधिक की लागत से 125 सड़क और सेतु परियोजनाएं पूर्ण

सुनहरा संसार ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी। बबीना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बुनियादी ढांचे और सड़क संपर्क को मजबूत करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि दर्ज की गई है। क्षेत्रीय विधायक श्री राजीव सिंह "पारीछा" के प्रस्ताव पर लोक निर्माण विभाग (लो.नि.वि.) निर्माण खण्ड-3 द्वारा वर्ष 2022 से 2026 के मध्य कुल 188 करोड़ 07 लाख 27 हजार रुपये (18,807.27 लाख) की लागत से 125 विकास कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। इन कार्यों से बबीना, बड़ागाँव और चिरगाँव ब्लॉक के दर्जनों ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों का आवागमन सुगम हुआ है।

प्रमुख सड़क चौड़ीकरण एवं बड़ी परियोजनाएं

विधानसभा क्षेत्र के मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इनमें सबसे बड़ी परियोजना रक्सा-टूका-बैदोरा मार्ग (कि.मी. 17 से 34.700 तक) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण है, जिसे 42.98 करोड़ रुपये (4298.35 लाख) की लागत से पूरा किया गया है। इसके अतिरिक्त झांसी-बबीना मार्ग के 17.140 कि.मी. हिस्से में पेव्ड शोल्डर चौड़ीकरण का कार्य 33.79 करोड़ रुपये (3379.11 लाख) तथा बबीना-बबीना-टंका मार्ग (कि.मी. 1 व 6) पर दो लघु सेतु बनाए गए हैं। बेतवा नदी पर पारीछा घाट से उजयान घाट के मध्य स्थापित पान्टून पुल के रख-रखाव, मरम्मत एवं सप्लाई पर 4.70 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किए गए हैं।

ब्लॉकवार ग्रामीण संपर्क मार्गों का जाल

इन 125 कार्यों के तहत बबीना, बड़ागाँव और चिरगाँव ब्लॉक के सुदूर मजरों और ग्राम पंचायतों को मुख्य मार्गों तथा मध्य प्रदेश की सीमा से जोड़ा गया है:

बबीना ब्लॉक: हीरापुरा-बुढ़पुरा से हरपालपुर मार्ग, अवधपुरा से राजापुर संपर्क मार्ग, ग्राम सैंयर से मध्य प्रदेश सीमा तक संपर्क मार्ग, बबीना-सिमिरिया मार्ग से कोटीमाता मंदिर तक नवनिर्माण और घिसौली की बसावट प्रेमपुरा तक सड़क निर्माण प्रमुख हैं।

बड़ागाँव ब्लॉक: बड़ागाँव-भसनेह मार्ग, बरुआसागर-धमना-टहरौली मार्ग, ग्राम सिमथरी से मुस्तरा (म.प्र. सीमा) तक नवनिर्माण तथा एनएच-27 से गिरारी घाट होते हुए मुराटा-धमना संपर्क मार्ग का कार्य पूरा किया गया है।

चिरगाँव ब्लॉक: चिरगाँव-भाण्डेर मार्ग, सुल्तानपुरा से भरतपुरा संपर्क मार्ग, ग्राम मुड़ेई से बाबरी व पचार संपर्क मार्ग, ग्राम धानी संपर्क मार्ग सहित विभिन्न गांवों के आबादी भागों में सी.सी. रोड और नाली निर्माण कराया गया है।

इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों और विद्यार्थियों को जिला मुख्यालय तथा पड़ोसी राज्यों की सीमाओं तक पहुंचने में बड़ी सहूलियत मिली है।

क्या बोले विधायक राजीव सिंह

"बबीना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और मजरे को मुख्य मार्गों से जोड़ना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। वर्ष 2022 से 2026 के बीच लोक निर्माण विभाग (निर्माण खण्ड-3) के माध्यम से 188 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 125 सड़क, लघु सेतु और पुलिया निर्माण के कार्य पूर्ण कराए गए हैं। रक्सा-बैदोरा, झांसी-बबीना और बबीना-तालबेहट जैसे प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण के साथ-साथ मध्य प्रदेश की सीमा तक संपर्क मार्ग और पारीछा घाट पर पान्टून पुल की व्यवस्था से किसानों, व्यापारियों व छात्रों को सीधा लाभ मिल रहा है। क्षेत्र में विकास की यह गति निरंतर जारी रहेगी।"

— श्री राजीव सिंह "पारीछा", विधायक (बबीना विधानसभा क्षेत्र, झांसी)

रक्सा - टूका - बैदोरा मार्ग क्षेत्र:

"रक्सा-टूका-बैदोरा मार्ग (कि.मी. 17 से 34.700) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण और कि.मी. 16 में लघु सेतु के निर्माण से इस पूरे क्षेत्र की सबसे बड़ी आवागमन समस्या हल हुई है। अब बारिश के दिनों में भी रास्ता बाधित नहीं होता।" — रमेश चंद्र राजपूत (ग्राम बैदोरा) एवं महेश प्रसाद यादव (ग्राम टूका)

"झांसी-बबीना मार्ग पर 17.140 कि.मी. में पेव्ड शोल्डर चौड़ीकरण और कि.मी. 2, 4 व 10 में तीन नए लघु सेतुओं के निर्माण से झांसी मुख्यालय आना-जाना बेहद सुगम और सुरक्षित हो गया है।" — सुरेंद्र सिंह परिहार (बबीना) एवं दीपक साहू (गढ़ियाफाटक)

"बबीना-तालबेहट मार्ग के 1.5 लेन चौड़ीकरण और बबीना-सिमिरिया मार्ग से कोटीमाता मंदिर तक नवनिर्माण होने से श्रद्धालुओं, छात्रों और दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।" हरिशंकर कुशवाहा (ग्राम सिमिरिया) एवं विनोद कुमार शर्मा (ग्राम डगरवाहा)

"हंसारी-बैदोरा मार्ग पर लघु सेतु व टी-वॉल निर्माण तथा ग्राम सैंयर से मध्य प्रदेश की सीमा तक संपर्क मार्ग बनने से सीमावर्ती गांवों का व्यापार और संपर्क मजबूत हुआ है।"

कब्रिस्तान के सौदे को लेकर विवाद, आफाक के साथ मारपीट और धमकी देने का आरोप



हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ

लखनऊ। राजधानी के चौक थाना क्षेत्र में कब्रिस्तान से जुड़े कथित सौदे को लेकर विवाद सामने आया है। एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति पर बातचीत के दौरान गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्राप्त तहरीर के अनुसार, चौक क्षेत्र निवासी मोहम्मद आफाक पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद अशफाक, निवासी 116/68 शुभम सिनेमा के पास, लखनऊ, 3 नवंबर 2026 की शाम करीब सात बजे मौलाना सैय्यद अली खुम्भी के आवास पर एक कार्यक्रम के सिलसिले में बातचीत करने पहुंचे थे। वहां रिजवान कुरैशी पुत्र स्वर्गीय अब्दुल अहद भी मौजूद थे। आफाक का आरोप है कि उन्हें देखकर रिजवान कुरैशी ने कब्रिस्तान के सौदे को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने पांच लाख रुपये, एक मकान और लड़की की शादी की जिम्मेदारी के बदले कौम का सौदा किया है। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और आरोप है कि रिजवान कुरैशी ने उनके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक, घटना के बाद वह काफी परेशान हो गए और उन्होंने पूरे मामले की शिकायत चौक थाने में देते हुए आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में घटना की तारीख 3 नवंबर 2026 बताई गई है, जबकि प्रार्थना पत्र 24 नवंबर 2026 को दिया गया। मामले में पुलिस की जांच और आधिकारिक पक्ष सामने आने के बाद ही विवाद की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जेहटा में अवैध ऑक्सीटोसिन बनाने का भंडाफोड़, भारी मात्रा में जहरीला लिक्विड और पैकिंग सामग्री बरामद; दो आरोपी गिरफ्तार

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार लखनऊ अमर नाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ

लखनऊ। राजधानी में अवैध दवाओं के निर्माण और कारोबार पर शिकंजा कसते हुए एसटीएफ लखनऊ ने जेहटा चौकी क्षेत्र के ग्राम मौहारी में छापेमारी कर कथित तौर पर अवैध ऑक्सीटोसिन तैयार करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। कार्रवाई के दौरान एक मकान के अंदर भारी मात्रा में तैयार ऑक्सीटोसिन, प्लास्टिक एम्पुल, संदिग्ध पाउडर, पैकिंग सामग्री, खाली बोतलें और निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए गए। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि कारोबार में इस्तेमाल की जा रही एक पिकअप गाड़ी भी पुलिस ने कब्जे में ली है। एसटीएफ को पिछले कई दिनों से अवैध दवाओं की तस्करी और निर्माण करने वाले गिरोहों के संबंध में अभिसूचना जुटाने के निर्देश दिए जा रहे थे। इसी क्रम में 23 नवंबर को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि जेहटा पुलिस चौकी क्षेत्र में दो व्यक्ति बड़े पैमाने पर अवैध ऑक्सीटोसिन तैयार करने और उसकी सप्लाई का काम कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसटीएफ टीम ने उच्चाधि

कन्नौज सड़क हादसे में बुझ गया घर का चिराग, छात्र रजी उल्ला को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई, गांव में पसरा मातम

सुनहरा संसार
मो.युनुस पत्रकार
(मंझनपुर) कौशांबी



कौशाम्बी। कन्नौज में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने कौशाम्बी जनपद के एक परिवार की खुशियां छीन लीं। सिराथू तहसील क्षेत्र के अफजलपुर वारी गांव निवासी कक्षा 11 के छात्र रजी उल्ला की हादसे में मौत के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को जब छात्र का पार्थिव शरीर उसके पैतृक गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। अपने बेटे का शव देखकर परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। बताया जाता है कि अफजलपुर वारी गांव निवासी रजी उल्ला कक्षा 11 में पढ़ाई कर रहे थे। पढ़ाई की उम्र में ही एक दर्दनाक सड़क हादसे ने उनकी जिंदगी छीन ली। कन्नौज में हुए सड़क हादसे के दौरान छात्र की मौत हो गई थी। हादसे की खबर जैसे ही उसके गांव और परिवार तक पहुंची, परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस घर में कुछ समय पहले तक खुशियों और भविष्य के सपनों की बातें होती थीं, वहां अचानक मातम छा गया। बुधवार को छात्र रजी उल्ला का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था। मां-बाप और अन्य परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। गांव के लोग परिवार को ढांढस बंधाते नजर आए, लेकिन हर किसी की आंखों में इस असमय हुई मौत का दर्द साफ दिखाई दे रहा था। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीणों और रिश्तेदारों की मौजूदगी में गमगीन माहौल के बीच छात्र रजी उल्ला को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम विदाई के दौरान पूरे गांव में सन्नाटा पसरा रहा। कम उम्र में एक होनहार छात्र का इस दुनिया से चले जाना हर किसी को झकझोर गया। गांव के लोगों ने इस दुखद घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। रजी उल्ला की असमय मौत से न केवल परिवार बल्कि पूरे अफजलपुर वारी गांव में दुख का माहौल है। जिस उम्र में बच्चे अपने सुनहरे भविष्य के सपने देखते हैं और परिवार को उनसे काफी उम्मीदें होती हैं, उस उम्र में उनका यूं दुनिया से चले जाना बेहद पीड़ादायक है। छात्र की अंतिम विदाई के बाद भी गांव में मातम का माहौल बना हुआ है। हर कोई इस दर्दनाक हादसे को याद कर गमगीन है। एक हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं और पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया।

भक्त चरित्र कलश यात्रा में मनमोहक झांकियों ने मोहा मन

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



बांदा नगर में संस्कार संस्कृति सेवा संस्थान द्वारा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित होने वाली भव्य श्री भक्ति चरित्र कथा की कलश यात्रा बाबूलाल चौराहा से धूमधाम से निकाली गई। कथा व्यास इन्द्रेश उपाध्याय महाराज के श्रीमुख से होने वाली इस कथा की कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में शामिल मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भक्ति, श्रद्धा और सनातन संस्कृति से ओतप्रोत इस दिव्य आयोजन ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया और धर्मलाभ प्राप्त किया।

आधी रात मेडिकल कॉलेज पहुंचीं शालिनी, ऑपरेशन के नाम पर गरीबों से हजारों की वसूली का आरोप



सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा

जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय प्रवक्ता, बुंदेलखंड प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने 24 नवंबर की रात करीब 11 बजे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। सबसे पहले उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया, जहां मरीजों की स्थिति सामान्य मिली। इसके बाद वह ऑर्थो विभाग पहुंचीं, जहां भर्ती मरीजों और तीमारदारों से बातचीत में ऑपरेशन के नाम पर हजारों रुपये वसूले जाने की गंभीर शिकायतें सामने आईं। किसी मरीज से 45 हजार, किसी से 25 हजार, किसी से 22 हजार, किसी से 11 हजार तो किसी से 10 हजार रुपये लिए जाने की बात सामने आई। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि उनके पास इन शिकायतों से संबंधित वीडियो और साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में गरीबों का इलाज भी अब हजारों रुपये दिए बिना संभव नहीं है क्या? सरकार डॉक्टरों को वेतन देती है, फिर ऑपरेशन के नाम पर गरीब मरीजों की जेब क्यों खाली कराई जा रही है? मरीजों और उनके परिजनों की हालत देखकर दिल रो उठता है, लेकिन अस्पताल के जिम्मेदारों के भीतर संवेदना क्यों नहीं जागती? उन्होंने जिलाधिकारी और मंडलायुक्त के निरीक्षण की व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही सूचना पहुंच जाती है, व्यवस्थाएं चमका दी जाती हैं और मरीजों को चुप रहने के लिए कहे जाने की शिकायतें मिलती हैं। आखिर निरीक्षण का उद्देश्य हकीकत जानना है या केवल कागजी व्यवस्था देखना? प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक, जिलाधिकारी और मंडलायुक्त से उन्होंने पूछा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं होती? मेडिकल कॉलेज के बाद रात करीब साढ़े 12 बजे वह जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंचीं, जहां बाहर की दवाइयां और जांचें लिखे जाने की शिकायतें मिलीं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज से लेकर सीएचसी-पीएचसी तक गरीब जनता इलाज के लिए भटक रही है। यहां सांसदों, विधायकों और बड़े अधिकारियों के परिवार नहीं, बल्कि गरीब और ग्रामीण परिवार इलाज कराने आते हैं। कम से कम उनका तो ईमानदारी से इलाज कर दीजिए। जनता के टैक्स से बने अस्पतालों में गरीबों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

महापौर द्वारा वार्ड नंबर 13 एवं 15 में बाउंड्री वॉल, एप्रोच रोड, पुलिया एवं एपेक्स सड़क निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास



झांसी आज दिनांक 25.11.2026 को महापौर बिहारी लाल आर्य के करकमलों द्वारा निम्नलिखित कार्यो का शिलान्यास किया गयाः-

1. वार्ड नं0 15 गढियागॉव मे उपवन योजना के अन्तर्गत मियांवाकी वन एवं पार्क के निमार्झा कार्य हेतु बाउण्ड्रीवाल एवं अप्रोच रोड का निर्माण का कार्य की लागत रू0 53.41 लाख है।

2. वार्ड नं0 13 के अंतर्गत आर0पी0 निरंजन के मकान से जितेन्द्र राय के मकान तक नाली पुलिया एव एपैक्स सडक निर्माण कार्य की लागत रू0 22.20 लाख है।

3. वार्ड नं0 13 के अन्तर्गत अरविन्द रजक के मकान से राजेन्द्र अहिरवार के मकान तक नाली पुलिया एवं सडक निर्माण कार्य की लागत रू. 20.96 लाख है। उक्त कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त राहुल यादव , मुख्य अभियंता राजवीर सिंह , जोनल अधिकारी द्वितीय , श्रीमती तान्या , अवर अभियंता देवीलाल शर्मा , क्षेत्रीय पार्षद पूजा शशिकान्त श्रीवास, हरीओम मिश्रा एवं गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहें।

बबीना विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत : 6 गांवों में बारात घर बनकर तैयार, ग्रामीणों को मिली बड़ी सौगात

सुनहरा संसार ब्यूरो एएच सिद्दीकी

बबीना / झाँसी। बबीना विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा काम पूरा हो गया है। क्षेत्र के विधायक श्री राजीव सिंह पारीछा के प्रस्ताव पर स्वीकृत सभी 6 बारात घरों का निर्माण कार्य अब पूर्ण हो चुका है। इन बारात घरों के बन जाने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीण परिवारों को विवाह, मांगलिक कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों के लिए अब स्थायी, सुविधाजनक और सस्ता स्थान मिल गया है। कुल 2 करोड़ 56 लाख 07 हजार रुपये की लागत से बने इन बारात घरों का लाभ अब सीधे ग्रामीणों को मिलने लगा है।

कहाँ-कहाँ बनकर तैयार हुए बारात घर

1. ब्लॉक - बबीना

ग्राम सिमरावारी में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 24.82 लाख रुपये ड्ड ग्राम खजराहा बुजुर्ग में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 24.82 लाख रुपये

2. ब्लॉक - बड़ागाँव

ग्राम फुटेरा में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 24.82 लाख रुपये ड्ड ग्राम बनगुवां में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 24.82 लाख रुपये

3. ब्लॉक - चिरगाँव

ग्राम कुकरगाँव में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 131.97 लाख रुपये (BVN राज्यांश 2022-26)



चिरगाँव देहात में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 24.82 लाख रुपये

इनमें से 5 बारात घरों का निर्माण परियोजना प्रबंधक, यू०पी० प्रोजेक्ट्स कापोरेशन लि०, निर्माण इकाई-12, झाँसी द्वारा वर्ष 2026-27 में कराया गया। वहीं कुकरगाँव का बारात घर इश्ठ राज्यांश 2022-26 मद से निर्मित हुआ है।

अब टेंट और खुले मैदान की मजबूरी खत्म

पहले ग्रामीणों को शादी-विवाह और अन्य आयोजनों के लिए अस्थायी टेंट, खुले मैदान या महंगे निजी मैरिज हॉल पर निर्भर रहना पड़ता था। बरसात के मौसम में तो आयोजन करना और भी मुश्किल हो जाता था। अब गांव में ही पक्का बारात घर होने से यह परेशानी दूर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें दूसरे गांव या शहर में जाकर महंगा हॉल बुक नहीं करना पड़ेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को इसका सबसे अधिक लाभ मिलेगा।

विधायक श्री राजीव सिंह पारीछा ने कहा बबीना विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है। मेरा हमेशा से प्रयास रहा है कि गांव-गांव तक विकास पहुंचे और ग्रामीणों को शहर जैसी सुविधाएं अपने गांव में ही मिलें। बारात घरों की मांग लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को शादी-विवाह के लिए महंगे हॉल बुक करने पड़ते थे, जिससे उन पर आर्थिक बोझ पड़ता था। इसी को देखते हुए हमने 6 गांवों में बारात घरों का प्रस्ताव रखा था, जो अब बनकर तैयार हो गए हैं। मेरा संकल्प है कि बबीना क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से वंचित न रहे। सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ सामुदायिक सुविधाओं को भी लगातार मजबूत किया जा रहा है। आगे भी क्षेत्र के विकास के लिए इसी तरह काम करते रहेंगे।

क्या कह रही है जनता

सिमरावारी के ग्रामीण ने कहा - पहले शादी के लिए टेंट लगाना पड़ता था, बरसात में तो बहुत परेशानी होती थी। अब गांव में ही पक्का बारात घर बन गया है। विधायक जी ने हमारी बड़ी समस्या दूर कर दी।

दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाला, गर्भपात कराने का भी आरोप

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के वजीरगंज थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल के अन्य सदस्यों पर दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न, मारपीट, जबरन गर्भपात कराने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता समरीन खान ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपित ससुरालियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने तथा अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, समरीन खान पुत्री मोहम्मद इरशाद खान का निकाह 4 फरवरी 2023 को सैफ बेग पुत्र स्वर्गीय इकबाल बेग, निवासी रिफा कॉलोनी, बंगाली पीसीओ, कैम्पल रोड, लखनऊ के साथ हुआ था। निकाह के समय मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार नकदी, जेवर और अन्य घरेलू सामान दिया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति सैफ बेग, जेठ इमरान बेग व अफजल बेग, जेठानी अनम, ननद फैजिया, सास तथा अन्य ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर समरीन को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल के सभी लोग एकजुट होकर उसके साथ नौकरानी जैसा व्यवहार करते थे और लगातार उसे प्रताड़ित करते रहे। इसी बीच 4 सितंबर 2023 को समरीन ने एक पुत्री को जन्म दिया। आरोप है कि बेटी के जन्म से ससुरालीजन खुश नहीं हुए और इसके बाद उसके साथ दुर्व्यवहार और बढ़ गया। अपनी मासूम बच्ची के साथ प्रताड़ना भरे माहौल में रहने के बावजूद समरीन इस उम्मीद में ससुराल में बनी रही कि एक दिन हालात सुधर जाएंगे। तहरीर में आगे आरोप लगाया गया है कि दोबारा गर्भवती होने पर ससुराल के लोगों ने षड्यंत्र के तहत उसे गर्भपात की दवा खिलाई। कथित तौर पर दवा को कमजोरी दूर करने की बात कहकर दिया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे गोलागंज स्थित सफिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका गर्भपात करा दिया गया। पीड़िता ने इस घटना को अपने साथ हुए गंभीर शारीरिक उत्पीड़न का हिस्सा बताया है। समरीन के मुताबिक, 18 अगस्त 2025 को पति और अन्य ससुरालियों ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट की, अश्लील गालियां दीं और धमकी देते हुए कहा कि यदि उसे अपनी बेटी के साथ इस घर में रहना है तो मायके से कारोबार करने के लिए एक लाख रुपये लेकर आए, अन्यथा दोबारा घर में दिखाई न दे, वरना जान से मार दिया जाएगा। आरोप है कि इसके बाद उसे धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया गया। तब से वह अपनी छोटी बेटी के साथ मायके में रह रही है। पीड़िता का आरोप है कि घर से निकाले जाने के बाद भी ससुरालीजन उसे परेशान करने से बाज नहीं आए और आए दिन मायके पहुंचकर गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देते रहे।

कब्रिस्तान की जमीन की शिकायत करने पर रिजवान कुरैशी से मारपीट, गला दबाकर जान से मारने की धमकी का आरोप

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी में कब्रिस्तान की जमीन को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। सर्वोदय नगर कब्रिस्तान की भूमि बेचे जाने की शिकायत उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड में करने से नाराज होकर एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित मोहम्मद रिजवान कुरैशी ने चौक थाने में तहरीर देकर अतहर नबी और मोहम्मद आफाक समेत संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, मौलवीगंज चिकमंडी निवासी मोहम्मद रिजवान कुरैशी, उम्र करीब 66 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय अब्दुल अहद कुरैशी ने सर्वोदय नगर कब्रिस्तान, रिंग रोड, लखनऊ की जमीन को अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन के सचिव अतहर नबी द्वारा बेचे जाने की शिकायत को लेकर 2 नवंबर 2026 को मोहम्मद उस्मान अंसारी के साथ उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड में शिकायत की थी। आरोप है कि इस शिकायत से अतहर नबी नाराज हो गए और उन्होंने अपने लोगों के माध्यम से पीड़ित को सबक सिखाने की योजना बनाई। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि अतहर नबी ने मोहम्मद आफाक के जरिए अली हुसैन कुम्मी से फोन करवाकर रिजवान कुरैशी को 3 नवंबर 2026 की रात करीब 11 बजे अली हुसैन कुम्मी के घर बुलवाया। पीड़ित के अनुसार, वह बताए गए समय पर बाजाजा शिया डिग्री कॉलेज के पीछे स्थित आवास पर पहुंचा, जहां कुछ देर बाद मोहम्मद आफाक भी आ गया। आरोप है कि आफाक ने वहां पहुंचते ही रिजवान कुरैशी को गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया और शिकायत करने को लेकर सवाल उठाए।

संविधान गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीपदान

झांसी संविधान गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा और सम्मान के साथ दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों और कार्यकताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर संविधान के मूल्यों एवं बाबा साहब के योगदान को नमन किया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह तथा प्राचार्य डॉ. एस. के. राय की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों ने प्रतिमा के समक्ष दीपदान कर आयोजन में सहभागिता की। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रानू देवलिया (एडवोकेट), संजीव अग्रवाल, विनीत खटिक, संतराम पेंटर, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित खटीक, पुरुकेश अमरया, अनुराग अहिरवार, अनुराग पाखरे और सुनील पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों ने शामिल होकर दीपदान किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रानू देवलिया (एडवोकेट) द्वारा किया गया। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

'नशा मुक्ति संकल्प' के साथ 24 से 30 नवंबर तक होगा 'अटल स्मृति कप' अंतर-मंडल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन

सुनहरा संसार ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी। भारतीय जनता पार्टी झांसी महानगर और गुड मॉर्निंग टीम के संयुक्त तत्वावधान में 24 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक 'अटल स्मृति कप' अंतर-मंडल क्रिकेट टूनार्मेंट झ 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है. समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से इस पूरी प्रतियोगिता की थीम 'नशा मुक्ति संकल्प' रखी गई है. इस टूनार्मेंट में भाजपा झांसी महानगर के 12 मंडलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं. नॉकआउट और फाइनल लीग के मिश्रित प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूनार्मेंट में कुल 13 रोमांचक मुकाबले होंगे, जिसका आयोजन गुड मॉर्निंग टीम और भाजपा झांसी महानगर जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है. इसके अतिरिक्त, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिला मोर्चा की दो टीमों के बीच एक विशेष मुकाबला आयोजित किया गया ,आज प्रथम दिन रानी दुर्गावती एलेवन एवं महारानी लक्ष्मी बाई इलेवन और दूसरी पाली मै सदर बाजार मंडल और शहर मंडल के बीच मुकाबला हुआ पहले दिन 24 नवंबर (मंगलवार) को शाम 4:30 बजे भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी झांसी गौरांग राठी उपस्थित रहे , जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह के नेतृत्व मै नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में भाव हनुमान चालीसा का आयोजन हुआ , इसके बाद शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक महिला मोर्चा-1 और महिला मोर्चा-2 के बीच विशेष मैच खेला जाएगा, जबकि रात 7:30 बजे से 10:30 बजे तक शहर और सदर मंडल की टीमों के बीच पहला मुख्य मुकाबला होगा. दूसरे दिन 25 नवंबर (बुधवार) को तीन मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें सुबह 6:30 बजे से 9:30 बजे तक प्रेमनगर बनाम शिवाजी नगर, सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चिरगांव बनाम बबीना कैंट और शाम 6:30 बजे से 9:30 बजे तक बड़ागांव बनाम रक्सा की टीमें आमने-सामने होंगी. तीसरे दिन 26 नवंबर (गुरुवार) को प्रारंभिक दौर के अंतिम दो मुकाबलों में सुबह 6:30 बजे से 9:00 बजे तक सिविल लाइंस बनाम बबीना ग्रामीण तथा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक सीपरी बनाम बरुआसागर के बीच भिड़ंत होगी. प्रारंभिक दौर के समापन के बाद 26 नवंबर की शाम से ही नॉकआउट यानी सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरूआत हो जाएगी.

पहला सेमीफाइनल 26 नवंबर (गुरुवार) को शाम 6:30 बजे से रात 9:00 बजे तक टीम अ और टीम D के बीच खेला जाएगा. इसके बाद 27 नवंबर (शुक्रवार) को सुबह 6:30 बजे से 9:30 बजे तक टीम इ और टीम ए के बीच दूसरा सेमीफाइनल तथा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक टीम उ और टीम ऋ के बीच तीसरा सेमीफाइनल मुकाबला आयोजित होगा. सेमीफाइनल जीतने वाली तीन शीर्ष टीमों के बीच फाइनल लीग मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें 27 नवंबर (शुक्रवार) को शाम 6:30 बजे से 9:30 बजे तक टीम बनाम टीम , 28 नवंबर (शनिवार) को शाम 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक टीम बनाम टीम और 29 नवंबर (रविवार) को शाम 6:30 बजे से 9:30 बजे तक टीम बनाम टीम के बीच मैच होंगे. टूनार्मेंट का खिताबी यानी फाइनल मुकाबला 30 नवंबर (सोमवार) को शाम 5:30 बजे से खेला जाएगा. गुड मॉर्निंग टीम ने फाइनल लीग के लिए स्पष्ट नियम तय किए हैं, जिसके तहत फाइनल लीग में पहुंचने वाली तीनों टीमों के बीच आपसी राउंड-रॉबिन मुकाबले खेले जाएंगे. प्रत्येक जीत पर विजेता टीम को 2 अंक दिए जाएंगे, जबकि हारने वाली टीम को कोई अंक नहीं मिलेगा. लीग चरण के अंत में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली टीम को टूनार्मेंट का विजेता घोषित किया जाएगा, और यदि दो या अधिक टीमों के अंक बराबर रहते हैं तो विजेता का निर्णय नेट रन रेट (NRR) के आधार पर किया जाएगा. प्रमुख उपस्थिति मुकेश मिश्रा , आशीष उपाध्याय , सौरभ बाजपेई, प्रमोद शिवहरे ,अरुण साहू, अमित साहू ,दुष्यंत चतुर्वेदी , रोहित पांडेय, आशीष बिलैया , राशि साहू, अमित यादव , अवधेश शर्मा , गीतमाला गुप्ता , मंगलम दुबे , पुष्पेंद्र सिंह , नवनीत दीक्षित , आर एन उपाध्याय , सुनील भदौरिया , धीरज गोस्वामी , मोहित पोरवाल , सुनील पाल आदि उपस्थित रहे , इस अवसर पर नशा मुक्ति की शपथ भी दोहराई , सभी युवाओं मै खेल के प्रति जोश देखने को मिला ।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने और समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने पर दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार शाम आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई गई। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक जनपद के सभी मतदेय स्थलों एवं पदाभिहित स्थलों पर बीएलओ द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए 24 नवंबर को शाम सात बजे महर्षि बामदेव सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसमें तिंदवारी, बबेरू, नरैनी और बांदा विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी स्तर के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्देश दिए गए कि ईआरओ और एईआरओ प्रतिदिन बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के कार्यों की समीक्षा करें। सुपरवाइजरवार समीक्षा कर अधिक से अधिक प्रारूप-6 प्राप्त करने तथा उन्हें तत्काल ईआरओ नेट पर फीड कराने पर जोर दिया गया, ताकि पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए जा सकें। समीक्षा बैठक में एईआरओ 233-बबेरू एवं खंड विकास अधिकारी कमासिन अमरेश सिंह चौहान तथा खंड विकास अधिकारी बिसंडा राजेश कुमार अनुपस्थित रहे। अधिकारियों को फोन से बैठक की जानकारी दी गई थी। अमरेश सिंह चौहान ने फोन पर 30-40 मिनट में पहुंचने का आश्वासन दिया, लेकिन रात नौ बजे तक बैठक में उपस्थित नहीं हुए। अधिकारियों की अनुपस्थिति को निर्वाचन कार्य के प्रति गंभीरता की कमी मानते हुए तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर निर्वाचन संबंधी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरा करने तथा आयोग द्वारा निर्धारित दैनिक लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अभियान में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

जिला वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक में पौधरोपण स्थलों के सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, बांदा में जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति, पौधरोपण स्थलों के सत्यापन तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। प्रभागीय वनाधिकारी, बांदा द्वारा वृक्षारोपण का भौतिक सत्यापन 10 प्रतिशत होने से अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि समस्त विभाग अपने-अपने वृक्षारोपण की सफलता पर विशेष ध्यान दें तथा मृत पौधों के स्थान पर नये जीवित पौधों का रोपण करें, ताकि जीवितता प्रतिशत मानक के अनुरूप बनी रहे। मुख्य विकास अधिकारी, बांदा ने स्पष्ट किया कि सत्यापन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराते हुए अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी, बांदा द्वारा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांदा को बायो मेडिकल वेस्ट उचित तरीके से निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उनका मेडिकल वेस्ट बहुत कम निकलता है, अतः आवश्यकता नहीं है। इसके अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद में स्थित नदियों के 5 कि.मी. के अन्तर्गत जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु 50 ग्राम पंचायतें चिन्हित हैं। उक्त ग्राम पंचायतों की मैपिंग का कार्य पूर्ण करते हुए उगाई जाने वाली फसल का पूर्ण विवरण आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे। अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, खण्ड-1 द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि विकास खण्ड-बिसण्डा में मार्ग के किनारे लगभग 1 कि.मी. में फैले हुए कूड़ा-कचरे को हटवाने हेतु अधिशाषी अधिकारी बिसण्डा को निर्देशित करने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त के अनुपालन में अवगत कराया गया कि विभागीय सफाई नायक की सहमति से उसी की लगभग 02 बीघा निजी भूमि पर कूड़ा-कचरा का निस्तारण किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी, बांदा द्वारा समस्त अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, नगर पंचायत बांदा को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक छापेमारी कर प्लास्टिक जब्तीकरण एवं जुमार्ना वसूलने की कार्यवाही की जाए। मुख्य विकास अधिकारी, बांदा द्वारा बंदरों को उचित स्थान पर छोड़ने के साथ-साथ कुत्तों को भी उचित स्थान पर छोड़ा जाए, जिससे आम जनमानस में डॉग बाइट की संभावना को कम किया जा सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अनेक समाज, एक परिवार के संदेश के साथ भाजपा की सामाजिक संपर्क बैठक, सामाजिक समरसता और संगठन विस्तार पर जोर

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी की ओर से सामाजिक संपर्क और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से 25 एवं 26 नवंबर को दो दिवसीय सामाजिक संपर्क बैठक का आयोजन राजभवन कॉलोनी स्थित उपमुख्यमंत्री आवास पर किया गया। अनेक समाज, एक परिवार की भावना के साथ आयोजित इस बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद कर सामाजिक समरसता, आपसी सहयोग और समाज के सभी वर्गों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भाजपा सामाजिक संपर्क अभियान के संयोजक डॉ. नीरज सिंह ने विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। धानुक, सोनकर, स्वर्णकार, बहेलिया, बढ़ई, विश्वकर्मा और भुर्जी समाज सहित कई सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले वर्षों के दौरान व्यापक बदलाव हुए हैं। उन्होंने प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। उनके अनुसार, अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई से आम जनता में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि अपराध और अराजकता का सबसे अधिक असर गरीब तथा कमजोर वर्गों पर पड़ता है, इसलिए सरकार ने ऐसे तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। उन्होंने प्रदेश में विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति, सड़क निर्माण, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बदलाव आया है। पहले लोगों को बिजली के लिए इंतजार करना पड़ता था और गांवों में वैकल्पिक व्यवस्था पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब प्रदेश के सभी 75 जिलों में बेहतर बिजली आपूर्ति की दिशा में काम हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक को अच्छी सड़कें, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त बिजली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उत्तर प्रदेश अब पिछड़ेपन की छवि से बाहर निकलकर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। विश्वकर्मा समाज का उल्लेख करते हुए ब्रजेश पाठक ने भगवान विश्वकर्मा को सृजन और निर्माण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज अपने हुनर, परिश्रम और कौशल के जरिए देश व प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। समाज के लोगों की भूमिका परिवार, सामाजिक व्यवस्था और राष्ट्र निर्माण में बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वकर्मा समाज के लोगों का सम्मान करते हुए उनके योगदान को नमन किया। उपमुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों को पक्के मकान, घरों तक नल से स्वच्छ पानी और आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के उपचार की सुविधा जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने समाज के लोगों से संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया और कहा कि एकजुटता से बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है।

राधा कृष्ण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज द्वारा विद्यार्थियों के लिए वृंदावन – मथुरा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण का आयोजन किया गया



बबली सुनहरा संसार मोहम्मदी संवाददाता

मोहम्मदी खीरी । इस अवसर पर विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि, निधिवन, केशी घाट, बांके बिहारी मंदिर एवं प्रेम मंदिर के दर्शन किए। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को ब्रज की धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित कराया गया। निधिवन की पौराणिक मान्यताओं, केशी घाट के ऐतिहासिक महत्व तथा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े प्रसंगों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं श्रद्धा के साथ यात्रा का आनंद लिया। इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामकुमार यादव जी सहित श्री कुलदीप जी, श्री अपिल जी, श्री गगन जी, श्री अंकुर जी एवं श्री शरद शुक्ला जी उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए यात्रा को सफल एवं ज्ञानवर्धक बनाया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान, संस्कार एवं सांस्कृतिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जिला सैनिक बन्धु बैठक 27 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार में होगी

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा

प्रमुख सचिव, उ०प्र० शासन, सैनिक कल्याण अनुभाग, लखनऊ के शासनादेश तथा जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक दिनांक 27 नवम्बर, 2026 (शुक्रवार) को अपराह्न 1:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, बाँदा में आहूत की गई है। बैठक में जनपद के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं, कल्याणकारी योजनाओं तथा पुनर्वास से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, बाँदा कर्नल प्रेम कुमार मिश्रा (अ०प्रा०) ने समस्त संबंधित अधिकारियों एवं सैनिक बन्धुओं से अनुरोध किया है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर कलेक्ट्रेट सभागार, बाँदा में आयोजित जिला सैनिक बन्धु की बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें, ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

मैलानी बाईपास पर दुकानदारों का अवैध कब्जा, सड़क तक फैली दुकानें; राहगीरों की मुश्किलें बढ़ीं, क्या बड़े हादसे का इंतजार कर रहा प्रशासन?

मोहम्मद सईद तहसील प्रभारी गोला सुनहरा संसार दैनिक समाचार पत्र

गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी मैलानी बाईपास पर सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार सड़क तक अपनी दुकानें फैलाकर बैठे हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस समस्या को लेकर कई बार नगर पंचायत प्रशासन को सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक अतिक्रमण हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। आखिर जिम्मेदार अधिकारी कब जागेंगे? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? मैलानी पुलिस और नगर पंचायत प्रशासन कब चलाएंगे अतिक्रमण हटाओ अभियान? अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर कब संज्ञान लेते हैं और मैलानी बाईपास को अतिक्रमण मुक्त कब कराते हैं।

पंचायतीराज चुनाव-2026 : डीग जिला परिषद प्रमुख बनीं भाजपा की रेनू सिंह



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी

डीग - पंचायतीराज आम चुनाव-2026 में जिला परिषद डीग प्रमुख पद पर भाजपा प्रत्याशी रेनू सिंह निर्वाचित हुईं। रेनू सिंह को 22 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी मुबीना को 7 मत मिले। भाजपा ने 15 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने बताया कि निर्वाचन में कुल 29 मत डाले गए। सभी मत वैध रहे तथा कोई मत निरस्त या निविदत्त नहीं हुआ। रेनू सिंह को विधिवत निर्वाचित घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही भाजपा खेमे में जश्न छा गया। कार्यकताओं ने मिठाई खिलाकर, आतिशबाजी कर और नारेबाजी कर खुशी जाहिर की। नवनिर्वाचित जिला प्रमुख रेनू सिंह का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह जीत संगठन की एकजुटता और कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। दूसरा, यह जीत डीग में भाजपा के बढ़ते जनाधार और महिला नेतृत्व के प्रति भरोसे को दशार्ती है। रेनू सिंह ने सभी सदस्यों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे सबको साथ लेकर चलेंगी और जिले के विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और सड़क जैसे मुद्दों पर ध्यान देने का भरोसा दिलाया।

अमरगढ़ में अम्बुजा फाउंडेशन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, 100 बच्चों को पेन वितरित

सुनहरा संसार संवाददाता विजय पाल



अमरगढ़ में आज अम्बुजा फाउंडेशन की ओर से विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक एवं जनहित से जुड़े विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही खाली डिब्बों एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री का उचित तरीके से निस्तारण करने और स्वच्छता बनाए रखने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बाल मजदूरी जैसी गंभीर सामाजिक बुराई के प्रति भी बच्चों को जागरूक किया गया। उन्हें बाल मजदूरी के दुष्परिणामों और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को पेन वितरित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 100 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस जागरूकता कार्यक्रम में अम्बुजा फाउंडेशन के स्टाफ सदस्य पवन कुमार की भूमिका रही। फाउंडेशन की इस पहल का उद्देश्य बच्चों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना तथा शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

गढ़ मेले में यातायात व्यवस्था रही चाक-चौबंद, श्रद्धालुओं को नहीं हुई कोई परेशानी यातायात प्रभारी नरेश कुमार के नेतृत्व में पूरी टीम ने संभाला मोर्चा, जनता से नियम पालन की अपील

राष्ट्रीय सुनहरा संसार/दीपक कुमार ब्यूरो चीफ हापुड़



हापुड़, गढ़ मेले के दौरान हापुड़ जिले में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू रही। यातायात प्रभारी नरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पूरे जिले में बेहतरीन यातायात बंदोबस्त किया, जिससे कहीं भी यातायात बाधित होने जैसी कोई घटना सामने नहीं आई।मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए यातायात प्रभारी ने जिले में जगह-जगह अपनी टीम को तैनात किया था। टीम ने पूरी मेहनत और लगन के साथ मोर्चा संभाला और वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखा। यातायात प्रभारी नरेश कुमार ने आम जनता से भी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने टीम को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि गढ़ मेले में जाने वाले किसी भी श्रद्धालु को रास्ते में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।पुलिस के बेहतर प्रबंधन के चलते श्रद्धालुओं ने बिना किसी रुकावट के आसानी से मेला क्षेत्र तक यात्रा की और सकुशल वापस लौटे।

निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में तेजी लाएं : जिला निर्वाचन अधिकारी

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य गतिमान है। यह अभियान 17 नवम्बर से 18 दिसम्बर, 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना तथा निर्वाचक नामावली को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत की मतदाता सूची एवं विधानसभा की निर्वाचक नामावली का आपस में देख कर ऐसे पात्र नागरिकों को चिह्नित किया जाए, जिनका नाम विधानसभा की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। ऐसे सभी पात्र व्यक्तियों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म-6 भरवाकर नाम जुड़वाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वहीं, जिन मतदाताओं का नाम एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कराया जाना है, उनके लिए फॉर्म-8 भरवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले दो दिनों के भीतर ग्राम पंचायत एवं विधानसभा की मतदाता सूचियों का मिलान कर उनमें पाए जाने वाले अंतर को स्पष्ट करें तथा यह भी चिह्नित करें कि पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में किन कारणों से छूटे हैं। इस कार्य को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करते हुए प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित गूगल शीट पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके ऐसे सभी युवाओं, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हुआ है, उनका पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। इसके साथ ही विवाह के उपरांत गांव में आई नवविवाहित महिलाओं का नाम भी नियमानुसार मतदाता सूची में शामिल कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं तथा ऐसे सभी पात्र नागरिकों को चिह्नित कर उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिनका नाम अभी तक निर्वाचक नामावली में शामिल नहीं है। उन्होंने परिवार रजिस्टर को भी अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए, जिससे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में आवश्यक अभिलेखों का सही ढंग से उपयोग किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

सत्य सनातनस्वाभिमान यात्रा 27 नवंबर जनपद झांसी में करेगी प्रवेश



सुनहरा संसार ब्यूरो एएच सिद्दीकी

झांसी मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व मे सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा दिनांक 27 नम्बर को उत्तर प्रदेश के झाँसी जनपद मे प्रवेश के उपरान्त पूछ तक की तैयारियो को अन्तिम रूप देने के लिए यात्रा के प्रभारी मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृह मंत्री गोविंद सिंह के साथ मे ,पूर्व सांसद चन्द्रपाल सिंह यादब ,राज्य सभा सासंद अशोक सिंह ,दतिया विधायक धनश्याम सिंह,पूर्व मंत्री बिजेंद्र सिंह,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह,पूर्व प्रवक्ता बुंदेलखंड क्षेत्र कांग्रेस पार्टी राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट,बरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी चन्द्र प्रकाश मिश्रा,पूर्व जिलाध्यक्ष झाँसी कांग्रेस पार्टी योगेंद्र सिंह पारीछा,राष्ट्रीय सचिव लोहिया बाहनी पुष्पेन्द्र सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख बड़ागांव कैलाश यादव, जिला पंचायत सदस्य नरेश यादव बब्बा,विनय उपाध्याय,मोहित सिंह सहित मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के नेता द्वेय ने झाँसी जनपद के गोरा मछिया से 27 नम्बर से लेकर बड़ागांव,पारीक्षा चिरगांव,मोठ होती हुई उक्त सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा एक दिसम्बर की रात्रि पूछ मे रात्रि विश्राम उपरान्त दो दिसंबर की सुबह पूछ से जालौन जनपद मे प्रवेश करेगी,उक्त यात्रा की तैयारी को आज अन्तिम रूप दिया गया,

देव दीपावली पर माँ केन घाट पर महाआरती, सीएम योगी की पूज्य माता जी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



देव दीपावली के पावन अवसर पर बाँदा के भूरागढ़ स्थित केन आरती स्थल पर माँ केन महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। शंखनाद, ढोल-नगाड़े, भजन-कीर्तन और महाआरती से पूरा घाट भक्तिमय हो गया। माँ केन की लहरों पर तैरते हुए दीप ऐसे लग रहे थे, जैसे आकाश के तारे धरती पर उतर आए हों। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सपरिवार महाआरती में भाग लेकर माँ केन से जनपद की सुख-समृद्धि, खुशहाली और गौ माता की रक्षा की कामना की। महाआरती के पश्चात नदी घाट किनारे उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज की पूज्य माता जी के स्वर्गवास होने पर श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी भक्तों ने पूज्य माता जी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा और केन मैया में दीपदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरा घाट भावुक हो गया, हर आंख नम थी, हर हाथ में दीप था और हर मन में पूज्य माता जी के लिए प्रार्थना थी। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने कहा कि आज देव दीपावली का पावन पर्व है, देवताओं की दीपावली है, लेकिन आज हमारा मन भारी है। आज हमने माँ केन की महाआरती तो की, लेकिन साथ ही पूज्य महाराज जी की पूज्य माता जी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की है। इन्होंने कहा पूज्य माता जी वो मां थीं, जिन्होंने अपने गर्भ से एक ऐसे योगी को जन्म दिया, जिसने अपना पूरा जीवन धर्म, राष्ट्र और गौ माता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। महाराज जी आज जो हैं, वो अपनी मां के संस्कारों की वजह से हैं। एक मां का आशीर्वाद ही बेटे को योगी बनाता है, एक मां की तपस्या ही बेटे को राष्ट्रनायक बनाती है। उन्होंने आगे कहा आज हम सब केन मैया के तट पर खड़े होकर पूज्य माता जी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। हे माँ केन, हे गंगा मैया, पूज्य माता जी की दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देना, उन्हें मोक्ष प्रदान करना।

4 हफ्ते बाद भी नही लगा 14 वर्षीय प्रखर गिरि का सुराग

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद की ढकवा पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव सेमरई निवासी 14 वर्षीय प्रखर गिरि का सुराग पुलिस अबतक नही लगा सकी है। सेमरई निवासी हरीश गिरि ने बताया कि प्रखर गिरि 29 अक्टूबर को शाम 6 बजे घर मे बिना बताए कहीं चला गया था जिसकी गांव व रिश्तेदारियों में काफी खोजबीन की कोई जानकारी न मिलने पर थाना हैदराबाद पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस अबतक कोई सुराग नही लगा पायी है। घर से जाते समय प्रखर ने मटमैले रंग की फुल शर्ट, नीले रंग का पैंट व पैरो मे लाल रंग की हवाई चप्पल पहने हुए था। प्रखर के पिता ने समाचार पत्र व सोशल मीडिया पर लोगों से अपील की है कि गुमशुदा के संबन्ध मे यदि कोई जानकारी मिले तो 8858137536 या 9454403781 फोन नम्बरों पर जानकारी साझा करें।

ओवरहाइट गन्ना ट्रकों से शहाबुद्दीनपुर में बिजली संकट, रोज उड़ रहे 11 हजार लाइन के फ्यूज

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद की अजान पुलिस चौकी क्षेत्र के शहाबुद्दीनपुर गांव में ओवरहाइट गन्ना भरे ट्रकों से गांव की बिजली व्यवस्था आये दिन ध्वस्त होने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा,बुधवार एकत्र हुए ग्रामीणों ने गन्ना भरे ट्रकों को रोक चालकों को सीमित हाइट में गन्ना भरने की चेतावनी दी।रोजाना गांव से गुजरने वाले ओवरहाइट ट्रकों के कारण 11 हजार की लाइन के फ्यूज उड़ रहे हैं और पूरा गांव अंधेरे में डूब जा रहा है। बिजली गुल होने से बच्चों की पढ़ाई, किसानों के काम और घरेलू कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रजागंज की ओर से लोड होकर गन्ना गोला होते हुए ममरी-कस्ता मार्ग से कुंभी चीनी मिल जाता है। ममरी से सकेथू मार्ग पर स्थित कुईयाडीह तिराहे से गुजरने वाले ट्रकों में गन्ना क्षमता से अधिक ऊंचाई तक भरा जाता है। तिराहे के ऊपर से गुजरी 11 हजार की हाईटेंशन लाइन से गन्ना टकरा जाता है, जिससे तेज आवाज के साथ फ्यूज उड़ जाता है और गांव की बिजली गुल हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या एक-दो दिन की नहीं, बल्कि रोजाना की हो गई है। फ्यूज उड़ते ही ग्रामीण बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन करते हैं, लाइनमैन को बुलाकर तार जुड़वाते हैं, तब कहीं जाकर बिजली आती है। इस प्रक्रिया में घंटों लग जाते हैं। कई बार रात में बिजली गुल होने से ग्रामीणों को पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ती है। बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे ग्रामीणों का सब्र टूट गया। श्यामू, अतुल, अजय कुमार, मनोज कुमार, विकास, नीरज, सुशील कुमार, रजनीश कुमार, नेतराम सहित दर्जनों ग्रामीण सड़क पर उतर आए और गन्ने से भरी ट्रकों को रोक लिया। ग्रामीणों ने ट्रक ड्राइवरों से साफ कहा कि गन्ना अधिक ऊंचाई तक न भरें। बार-बार ओवरहाइट गन्ने के लाइन छूने से ही फ्यूज उड़ रहे हैं, जिससे गांव को बिजली नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर यही हाल रहा तो वह ट्रकों को तिराहे से नहीं निकलने देंगे और उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। ग्रामीणों ने बिजली विभाग और चीनी मिल प्रबंधन से मांग की है कि ओवरलोड व ओवरहाइट ट्रकों पर रोक लगाई जाए और 11 हजार की लाइन को सुरक्षित ऊंचाई पर किया जाए, ताकि गांव को रोजाना की इस समस्या से छुटकारा मिल सके।

दो लड़कों की जोड़ी चुनाव से पहले ही विफल, सपा-कांग्रेस में एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति: सीएम योगी

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच राजनीतिक गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दो लड़कों की जोड़ी चुनाव परिणाम आने के बाद विफल होती थी, लेकिन इस बार चुनाव से पहले ही विफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि एक तरफ दोनों दल सीटों के बंटवारे को लेकर बैठकें कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रत्याशियों की घोषणाएं भी हो रही हैं। इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता है? मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस के बीच एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति चल रही है, जबकि जनता बार-बार इन दलों की नकारात्मक राजनीति को नकार रही है। लखनऊ में बुधवार को एक निजी न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की बदलती तस्वीर, कानून-व्यवस्था, निवेश, रोजगार, विपक्षी राजनीति, गठबंधन और आगामी चुनावों से जुड़े सवालों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने दावा किया कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की पहचान अराजकता, गुंडागर्दी और अव्यवस्था से जुड़ी थी, लेकिन आज प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है।सपा-कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गठबंधन के अपने नियम, मयार्दाएं और शिष्टाचार होते हैं, लेकिन दोनों दलों के बीच जिस तरह की स्थिति सामने आ रही है, उससे आपसी तालमेल पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने एनडीए की एकजुटता पर उठाए जा रहे सवालों को विपक्ष का भ्रम फैलाने का प्रयास बताते हुए कहा कि निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सहित सभी सहयोगी दल एनडीए का हिस्सा हैं और मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उनके मुताबिक गठबंधन में किसी तरह का विवाद नहीं है। अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे और समाजवादी पार्टी की सनातन धर्म के प्रति बदलती राजनीतिक भाषा पर टिप्पणी करते हुए योगी ने कहा कि अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करना अच्छी बात है, लेकिन सपा को रामभक्तों से माफी भी मांगनी चाहिए। उन्होंने 90 के दशक में रामभक्तों पर गोली चलाए जाने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि उस समय ही सद्बुद्धि आ गई होती तो ऐसी नौबत नहीं आती। मुख्यमंत्री ने कहा कि गलती स्वीकार करने और माफी मांगने से कोई छोटा नहीं होता। भाजपा के राजनीतिक आधार पर उन्होंने कहा कि पार्टी का वोट बैंक हर राष्ट्रवादी नागरिक है, जो संविधान और देश की विरासत में विश्वास रखता है। भाजपा किसी जाति या वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान के सिद्धांत पर काम करती है। प्रदेश की आर्थिक और प्रशासनिक स्थिति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था। गरीबों के कल्याण, युवाओं के रोजगार, किसानों के सम्मान और महिलाओं की सुरक्षा के सामने चुनौतियां थीं। व्यापारी भयभीत थे और निवेशक प्रदेश में आने से कतराते थे। मार्च 2017 में सरकार बनने के बाद सबसे पहले कानून-व्यवस्था सुधारने और प्रशासनिक व्यवस्था को पटरी पर लाने का काम किया गया। उन्होंने दावा किया कि अब तक करीब 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है, अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय लगभग तीन गुना हुई है तथा प्रदेश का बजट भी तीन गुना से अधिक बढ़ा है। महिला कार्यबल की भागीदारी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के बुनियादी ढांचे को विकास की नई पहचान बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है। सात शहरों में मेट्रो संचालित हो रही है, जबकि प्रदेश में 17 क्रियाशील एयरपोर्ट हैं, जिनमें पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शामिल हैं। उन्होंने देश के सबसे बड़े रेल नेटवर्क, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के जंक्शन तथा रैपिड रेल को प्रदेश की उपलब्धियों में गिनाया। वाराणसी में देश की पहली रोपवे सेवा भी जल्द शुरू होने की बात कही।माफियाराज और अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर कट्टा और बम बनाने की गतिविधियां होती थीं, लेकिन आज प्रदेश में आधुनिक रिवॉल्वर, राइफल और ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है। उन्होंने इसे कानून-व्यवस्था में सुधार और औद्योगिक विकास का परिणाम बताया। मुख्यमंत्री के मुताबिक प्रदेश में 36 सेक्टोरल नीतियों के जरिए निवेशकों को आकर्षित किया जा रहा है और लगभग 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ओडीओपी योजना के माध्यम से एमएसएमई सेक्टर को नई पहचान मिली है और इस क्षेत्र से करीब सवा तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है।

हैदराबाद थाना क्षेत्र में लुटेरों का आतंक, दिनदहाड़े महिला के कान से छीने सोने के टॉप्स

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र

गोला गोकर्णनाथ खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र में इन दिनों लुटेरों का बोलवाला है, हौसला बुलंद लुटेरों ने पांच दिनों के अंदर दिनदहाड़े 2 लूट की घटनाओं को अंजाम दिया है।पुलिस की सुस्ती और गश्त के अभाव में बदमाश बेखौफ हो गए हैं। ताजा मामला बीते मंगलवार का है , जहां बाइक सवार बदमाशों ने गोला से घरथनियां आ रही महिला को विष्णू बेंहड़ गांव के निकट दिनदहाड़े ऑटो रोककर एक महिला के कान से सोने के टॉप्स नोंच लिए और विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। बताया जाता है कि महिला की ससुराल कस्ता क्षेत्र में है, जबकि मायका हैदराबाद थाना क्षेत्र के घरथनिया गांव में है। गंगा स्नान के दिन भाई दूज की रस्म पर वह पहले गोला के राजेंद्र नगर स्थित अपने भाई के घर टीका कर वह दूसरे भाई रामपाल राठौर के यहां भाई दूज का टीका लगाने ऑटो से घरथनिया जा रही थी। इसी दौरान विष्णू बेहड़ के निकट बाइक सवार बदमाशों ने ऑटो रोक लिया। बदमाशों ने महिला के कान से सोने के टॉप्स नोंच लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने महिला के साथ

जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ



झांसी। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जनसामान्य में विधिक साक्षरता के प्रसार हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी को भेजे गए विशेष 'विधिक जागरूकता प्रचार वाहन' का आज 25 नवंबर 2026 को दीवानी न्यायालय परिसर से जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झांसी श्रीमती कमलेश कच्छल द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल जी ने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की इस पहल का मुख्य उद्देश्य सुदूर ग्रामीण अंचलों एवं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक कानून की जानकारी पहुंचाना है, ताकि कोई भी नागरिक जानकारी या आर्थिक अभाव के कारण न्याय से वंचित न रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रचार वाहन के माध्यम से ग्रामीणों को उनके मौलिक व कानूनी अधिकारों, पात्र व्यक्तियों को मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 15100, राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मध्यस्थता के लाभों के प्रति सरल भाषा में जागरूक किया जाए। हरी झंडी दिखाए जाने के साथ ही आज से जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रचार वाहन के माध्यम से सघन विधिक जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत कर दी गई है। यह वाहन गांव-गांव जाकर ऑडियो-विजुअल माध्यमों व प्रचार सामग्री के जरिए ग्रामीणों को कानून और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। शुभारंभ के अवसर पर जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, प्राधिकरण का स्टाफ एवं पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

लखीमपुर में नितिन अग्रवाल बोले- सपा-कांग्रेस में वर्चस्व की लड़ाई: विपक्षी गठबंधन से भाजपा को फर्क नहीं पड़ेगा, तीसरी बार बनाएंगे सरकार

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान

लखीमपुर पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नितिन अग्रवाल ने सपा-कांग्रेस के बीच चल रही बयानबाजी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद के गठबंधन से भाजपा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अधिकारियों और भाजपा नेताओं के साथ की बैठक नितिन अग्रवाल बुधवार को लखीमपुर पहुंचे। उन्होंने PWD गेस्ट हाउस में जिले के अधिकारियों और भाजपा नेताओं के साथ बैठक की। इसमें संगठन और राजनीति से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने सपा-कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर चल रही बयानबाजी पर प्रतिक्रिया दी। इमरान मसूद के पर किए गए पोस्ट और बयान के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह दोनों पार्टियों का अंदरूनी मामला है। उन्हें नहीं पता कि इमरान मसूद की अपनी पाटी में क्या स्थिति है।

18 साल के युवाओं का मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए 28-29 नवंबर को बूथों पर भरवाए जाएंगे फॉर्म-6, जिलाधिकारी ने की बैठक

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 किया जा रहा है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने पात्र युवाओं का नाम सूची में जुड़वाने के लिए सहयोग मांगा। भारत निर्वाचिन आयोग ने एक जनवरी 2027 की अहता तिथि के आधार पर विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम तय किया है। एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची 17 नवंबर 2026 को प्रकाशित की गई। 17नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन के लिए दावे और आपत्तियां ली जा रही हैं एक जनवरी 2027 को 18 साल की उम्र पूरी करने वाले पात्र युवा नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भर सकते हैं । सूची से नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 और नाम, पता या अन्य जानकारी में बदलाव के लिए फॉर्म-8 का इस्तेमाल होगा।दावे और अआपत्तियों पर कार्रवाई के लिए 28 दिसंबर 2026 तक का समय तय किया गया है। 28 और 29 नवंबर को बूथों पर विशेष अभियान चलेगा। इस दौरान पात्र युवाओं के फॉर्म-6 भरवाकर उनका मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने पर जोर रहेगा। डीएम ने राजनीतिक दलों से हर मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने और उनकी सूची देने का अनुरोध किया। इससे पुनरीक्षण के काम में तालमेल और भागीदारी रहेगी। बैठक का संचालन एडीएम बुजेश कुमार त्रिपाठी ने किया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित कुमार सिंह और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान: 27 नवंबर को मनाया जाएगा बाल विवाह उन्मूलन जागरूकता दिवस, प्रशासन ने की सक्रिय जनभागीदारी की अपील

राम भरोसे शर्मा जिला संवाददाता श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर। समाज से बाल विवाह जैसी गंभीर कुरीति को जड़ से समाप्त करने और नौनिहालों के बचपन व भविष्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आगामी 27 नवंबर 2026 को विशेष बाल विवाह उन्मूलन जागरूकता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं बाल अधिकारिता विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा आमजन के लिए विशेष जनजागरूकता संदेश जारी करते हुए इस सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया गया है। प्रशासन एवं बाल अधिकारिता विभाग ने स्पष्ट किया है कि बाल विवाह न केवल एक पिछड़ी सामाजिक कुरीति है, बल्कि यह एक गंभीर और कानूनन दंडनीय अपराध भी है। कम उम्र में विवाह कर देने से बच्चों का बचपन छिन जाता है और यह सीधे तौर पर उनके शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा सर्वांगीण विकास के मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है। बाल विवाह के कारण विशेष रूप से बालिकाओं को कम उम्र में शारीरिक और मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनके आगे बढ़ने के अवसर समाप्त हो जाते हैं। जिला प्रशासन श्रीगंगानगर ने जिले के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, अभिभावकों और युवाओं से अपील की है कि वे बाल विवाह की रोकथाम में अपनी सक्रिय और जिम्मेदार सहभागिता निभाएं। प्रशासन ने आमजन से आग्रह किया है कि यदि उनके आसपास, गांव या मोहल्ले में कहीं भी बाल विवाह हो रहा हो या इसके आयोजन की कोई तैयारी चल रही हो, तो बिना किसी संकोच के तत्काल इसकी सूचना संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को दें। इसके अतिरिक्त, आमजन किसी भी समय निःशुल्क चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर कॉल करके भी गोपनीय रूप से शिकायत दर्ज करवा सकते हैं, ताकि समय रहते प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंचकर मासूमों का भविष्य बचा सके। बाल अधिकारिता विभाग ने सभी नागरिकों से आह्वान किया है कि 27 नवंबर को जागरूकता दिवस के अवसर पर हम सभी मिलकर बाल विवाह जैसी कुप्रथा के पूर्ण उन्मूलन और प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, शिक्षित एवं सशक्त भविष्य प्रदान करने का सामूहिक संकल्प लें। समाज की जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही हम बाल विवाह रोकें, बच्चों के अधिकारों का संरक्षण करें के ध्येय को साकार कर एक स्वस्थ और प्रगतिशील समाज का निर्माण कर सकते हैं।

डॉ. संदीप सरावगी ने दिया जीव-दया और अहिंसा का संदेश, साधु वासवानी जयंती पर शाकाहार अपनाने का लिया संकल्प



झाँसी। महान संत, दार्शनिक एवं समाज सुधारक साधु टी.एल. वासवानी जी की जयंती के अवसर पर 25 नवंबर को शाकाहार दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत झाँसी द्वारा 33 रानी महल स्थित सिंधी पंचायत भवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जीव-दया, अहिंसा और शाकाहार अपनाने का संदेश देते हुए उपस्थित लोगों को जीवनभर मांसाहार न करने के प्रतिज्ञा-पत्र भरवाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ साधु टी.एल. वासवानी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्ज्वलन और पाठ साहब का आयोजन हुआ। उपस्थित समाजजनों ने संत वासवानी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत के अध्यक्ष हरीश हासानी ने कहा कि दादा वासवानी का संपूर्ण जीवन अहिंसा और जीव-दया के लिए समर्पित रहा। उनका संदेश था कि प्रत्येक जीव को जीने का अधिकार है। हमें शाकाहार को केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए और नई पीढ़ी को भी इसके संस्कार देने चाहिए। साधु वासवानी समिति के प्रमुख मुरली हीरवानी ने उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 25 नवंबर 1879 को सिंध प्रांत में जन्मे साधु वासवानी ने शिक्षा, मानव सेवा, अहिंसा और जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी पूरी दुनिया को करुणा और संवेदनशीलता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि साधु टी.एल. वासवानी जी के विचार आज के समय में और भी प्रासंगिक हैं। जीव-दया ही सच्ची मानवता की पहचान है। बेजुबान प्राणियों के प्रति करुणा रखना और उनकी रक्षा करना प्रत्येक मनुष्य का नैतिक दायित्व है। हमें केवल जयंती मनाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके बताए अहिंसा और शाकाहार के मार्ग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि सुनील नैनवानी ने कहा कि संसार के प्रत्येक जीव को जीने का अधिकार है। शाकाहार केवल खानपान में बदलाव नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा और संवेदनशीलता से जुड़ी जीवनशैली है। यदि हम सभी जीवों के प्रति दया का भाव रखेंगे, तभी एक बेहतर और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण कर सकेंगे। हरीश हासानी के आह्वान पर उपस्थित समाजजनों एवं नागरिकों ने जीवनभर मांसाहार न करने का संकल्प लिया और प्रतिज्ञा-पत्र भरे। इस दौरान बताया गया कि सिंधी समाज में बड़ी संख्या में परिवार शाकाहार अपना रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान दादा वासवानी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया तथा विश्व शांति, मानव कल्याण और सभी जीवों की रक्षा के लिए अरदास की गई। इस अवसर पर पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत के अध्यक्ष हरीश हासानी, राम आहूजा, मुरली हीरवानी, डॉ. संदीप सरावगी, सुनील नैनवानी, टोनी गोदवानी, आकाश खियानी, कलतार सिंह भंभानी, अशोक जैसवानी, जयकिशन फब्यानी, रोहित अशवानी, दीपक दलवानी, हेमंत शोभानी सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुरली हीरवानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

एफ0डी0ए0 टीम ने पाली पहाड़ी स्थित श्री बालाजी बेवरेज के प्रतिष्ठान पर मारा छापा, बिसरोली ब्रांड की पानी की 2151 बोतलो के नमूने संग्रहित कर किया सीज

सिद्धि सरकार ब्यूरो



झांसी` जिलाधिकारी गौरांग राठी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को निर्देश दिए कि जनपद में मिलावटी खाद्य सामग्री का विक्रय किसी भी दशा में न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रवर्तन कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी के निर्देश पर के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जनपद में लगातार मिठाई की दुकानें, होटल एंड रेस्टोरेंट सहित स्ट्रीट बैंडर पर लगातार कार्रवाई करते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहें हैं। इस दौरान "जागरूकता अभियान एवं एफ०डी०ए० आपके द्वार" के क्रम में विभिन्न स्थानों पर फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाईल प्रयोगशाला द्वारा उपभोक्ताओं के खाद्य पदार्थों की जाँच कर सुरक्षित खाद्य पदार्थों की जानकारी भी दी जा रही हैं। जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। सहायक खाद्य आयुक्त/ अभिहित अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में कार्य करते हुए आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा श्री बालाजी बेवरेज पाली पहाड़ी डेली जनपद झांसी के प्रतिष्ठान पर प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान, बिसरोली ब्रांड की पानी बोतले जनपद झांसी के खाद्य लाइसेंस के स्थान पर जनपद ललितपुर के खाद्य लाइसेंस पर पैक करते हुए पाया गया, टीम द्वारा बिसरोली ब्रांड की पानी की बोतलों के नमूने संग्रहित कार्रवाई करते हुए दो लीटर वाली 2151 पानी की बोतल सीज की गई एवं इस संबंध में उक्त प्रतिष्ठान को एक नोटिस भी जारी किया जा रहा है, एवं यूनिवर्सिटी क्षेत्र झांसी में फूड सेफ्टी मोबाइल लैब वैन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया पवन कुमार सहायक आयुक्त खाद्य/ अभिहित अधिकारी झांसी ने जनपद में खाद्य पदार्थों की जांच हेतु चलाए जा रहे अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी के निर्देशन में कार्य करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा फूड टेस्टिंग मोबाइल लैब वैन के माध्यम से जनपद के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है तथा नगर के विभिन्न क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करते हुए खाद्य दुकानदारों को डोम-24 के माध्यम से खाद्य पदार्थों को फ्राई करने हेतु उबलते हुए खाद्य तेलों की जांच कर तेल की शुद्धता के संबंध में जानकारी देते हुए मिलावटी और असुरक्षित खाद्य तेल के इस्तेमाल ना करने हेतु जागरूक किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य पवन कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि सभी खाद्य व्यवसायी द्वारा खाद्य लाइसेंस / पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है। खाद्य लाइसेंस / पंजीकरण के बिना व्यवसाय किए जाने पर ऋर अउळ 2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी जिसमें 06 माह तक कारावास तथा रू० 05 लाख तक जुमार्ने का प्राविधान है। सहायक आयुक्त खाद्य ने जनपद के समस्त खाद्य कारोबारियों को जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य पदार्थों की किसी भी शिकायत / समस्या के लिए विभाग के टोल फ्री नं0-18001805533 एवं एप के माध्यम से तथा जनपद झाँसी से सम्बन्धित सूचना के लिए सहायक आयुक्त (खाद्य) - कक्र के मोबाईल नं० -9368414711 पर की जा सकती है। इस मौके पर टीम के सदस्य सत्यम भारती, सुनील कुमार, झंकार सिंह, सैनिक सिंह, ज्ञानेंद्र पाल सिंह चंदेल एंव जितेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

जलालपुर-जगन्नाथपुर मार्ग पर गड्ढे और पुलिया टूटी: गन्ना ले जाने में किसानों को परेशानी, ग्रामीणों ने मरम्मत की मांग की



सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान

गोला गोकरणनाथ क्षेत्र में जलालपुर से जगन्नाथपुर होते हुए लक्ष्मण जाति की ओर जाने वाली सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं। कई जगह पुलिया भी टूटी हुई है। इससे राहगीरों और किसानों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। इन दिनों गन्ने का सीजन चल रहा है। किसान खेतों से गन्ना काटकर ट्रैक्टर-ट्रालियों से जलालपुर में बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। सड़क के गड्ढों और टूटी पुलिया के कारण ट्रैक्टर-ट्रालियां निकालने में दिक्कत होती है। कई जगह दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों के मुताबिक, बारिश के समय गड्ढों में पानी भर जाता है। इससे उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और आने-जाने में परेशानी होती है। उनका कहना है कि अब तक सड़क की मरम्मत के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों और किसानों ने शासन-प्रशासन से गड्ढे भरवाने और टूटी पुलियों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि गन्ने के सीजन में किसानों और राहगीरों को राहत मिले।

हाफिजपुर पुलिस की चैकिंग में अवैध चाकू सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार नवादा रेलवे अंडरपास से हुई गिरफ्तारी, अभियोग पंजीकृत कर की जा रही अग्रिम कार्रवाई

राष्ट्रीय सुनहरा संसार/दीपक कुमार ब्यूरो चीफ हापुड़



हाफिजपुर, हापुड़ जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है।पुलिस के अनुसार थाना हाफिजपुर पुलिस टीम द्वारा नवादा रेलवे अंडरपास के पास चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मो. अकरम पुत्र अनवार निवासी मोहल्ला भण्डापट्टी, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना हाफिजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम -

1. उ.नि. वरुण कुमार, थाना हाफिजपुर, जनपद हापुड़
2. का. 989 रुपेन्द्र चौधरी, थाना हाफिजपुर, जनपद हापुड़

सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में तीन दिवसीय जोनल स्तरीय खेल महोत्सव 2026 -27 का होगा भव्य आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के जोन-5 के अंतर्गत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों के विद्यार्थी दिखाएंगे अपनी खेल प्रतिभा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार/दीपक कुमार ब्यूरो चीफ हापुड़



हापुड़, उत्तर प्रदेश। सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हापुड़ द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जोनल स्तरीय खेल महोत्सव 2026ञ27 का आयोजन 26, 27 एवं 28 नवंबर 2026 को किया जाएगा। इस तीन दिवसीय खेल महोत्सव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जोन-5 के अंतर्गत आने वाले लगभग 42 नर्सिंग कॉलेजों के 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं के प्रतिभाग करने की संभावना है। इस आयोजन का उद्देश्य नर्सिंग विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। इस खेल महोत्सव के माध्यम से विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थी एक साझा मंच पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे तथा आपसी सहयोग, सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करेंगे। नर्सिंग एक ऐसा पेशा है जिसमें शारीरिक सहनशक्ति, मानसिक मजबूती, समर्पण, अनुशासन और टीमवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक कुशल नर्सिंग पेशेवर के लिए शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना भी आवश्यक है। खेलकूद विद्यार्थियों में इन गुणों के विकास का एक प्रभावी माध्यम है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह जोनल स्तरीय खेल महोत्सव नर्सिंग विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, नई चुनौतियों का सामना करने तथा विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों के साथ अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।

इस आयोजन की थीम है:

खेल शक्ति का निर्माण करते हैं टीम भावना व्यक्तित्व को निखारती है। इस तीन दिवसीय आयोजन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 42 नर्सिंग कॉलेजों की भागीदारी अपेक्षित है। इसमें 1000 से अधिक छात्र-छात्राएं, विभिन्न कॉलेजों के टीम मैनेजर एवं खेल प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रतिभागी विद्यार्थी अपने-अपने संस्थानों का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। यह आयोजन विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद, मित्रता, नेतृत्व क्षमता और संस्थानों के बीच सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

विभिन्न खेल एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी आकर्षण का केंद्र

खेल महोत्सव में विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

प्रमुख खेल प्रतियोगिताएं:
- वॉलीबॉल
- बास्केटबॉल
- बैडमिंटन

प्रमुख एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं:
- 100 मीटर दौड़
- 200 मीटर दौड़
- 400 मीटर दौड़
- 800 मीटर दौड़
- 4.100 मीटर रिले दौड़
- शॉट पुट (गोला फेंक)
- डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक)
- लॉन्ग जंप (लंबी कूद)
- हाई जंप (ऊंची कूद)
- जैवलिन थ्रो (भाला फेंक)

इन प्रतियोगिताओं में पुरुष एवं महिला वर्ग के प्रतिभागियों को अपनी खेल क्षमता, गति, शक्ति, संतुलन एवं कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। तीन दिनों तक चलेगा खेल प्रतियोगिताओं का रोमांचक कार्यक्रम प्रथम दिन प्रातः 9:30 बजे से 10:30 बजे तक उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 10:31 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक बैडमिंटन, वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। दोपहर 2:00 बजे से एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू होगा, जिसमें पुरुष एवं महिला वर्ग के जैवलिन थ्रो तथा हाई जंप के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। दूसरे दिन प्रातः 7:30 बजे से एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। इस दिन 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ के हीट मुकाबले, 4.100 मीटर रिले दौड़ के हीट, पुरुष एवं महिला वर्ग की लंबी कूद, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो तथा 800 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

अंतिम दिन प्रातः 7:30 बजे से विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले आयोजित होंगे। इनमें 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ तथा पुरुष एवं महिला वर्ग की 4.100 मीटर रिले दौड़ के फाइनल प्रमुख आकर्षण होंगे। इन मुकाबलों के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का निर्धारण किया जाएगा। संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, डॉ. जे. रामचंद्रन का संदेश है: शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है। खेल उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता प्रदान करते हैं। हमें प्रसन्नता है कि सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग इस आयोजन के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर दे रहा है। संस्थान की वाइस चेयरपर्सन, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, डॉ. रम्या रामचंद्रन का संदेश है: खेल विद्यार्थियों में एकता, सहयोग, सकारात्मक सोच और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और व्यक्तिगत विकास के अवसर भी प्राप्त करे।

पंच गौरव के तहत श्रीगंगानगर में होगा भव्य 'राज्य स्तरीय किन्नू महोत्सव', किसानों और व्यापारियों को मिलेगा सीधा लाभ

राम भरोसे शर्मा जिला संवाददाता श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर। प्रदेश के कृषि और उद्यानिकी क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने तथा श्रीगंगानगर जिले की विशेष पहचान बन चुके 'किन्नू' को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान दिलाने के उद्देश्य से उद्यान विभाग द्वारा एक बड़ी पहल की जा रही है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल पंच गौरव के अंतर्गत आगामी जनवरी 2027 में श्रीगंगानगर में भव्य राज्य स्तरीय किन्नू महोत्सव का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस आयोजन के माध्यम से न केवल किन्नू उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने के नए द्वार खुलेंगे, बल्कि कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और उन्नत तकनीकों का सीधा लाभ भी कृषकों तक पहुचेगा। उद्यान विभाग की उप निदेशक श्रीमती प्रीति गर्ग ने इस प्रस्तावित आयोजन की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस महोत्सव का प्राथमिक लक्ष्य जिले के मेहनतकश कृषकों को अधिकतम आर्थिक लाभ पहुंचाना और उनकी आय में वृद्धि के ठोस अवसर उपलब्ध करवाना है। वर्तमान दौर में खेती को लाभ का सौदा बनाने के लिए उत्पादन के साथ-साथ बेहतर विपणन (मार्केटिंग) अत्यंत आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस महोत्सव में कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र से जुड़े उत्पादकों, व्यवसायियों, निर्यातकों और बड़े क्रेताओं (खरीददारों) को एक ही छत के नीचे साझा मंच प्रदान किया जाएगा। इससे न केवल फसल के उचित दाम मिलेंगे, बल्कि व्यापारिक संबंधों और तकनीकी जानकारियों के आदान-प्रदान को भी जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। महोत्सव के दौरान आने वाले किसानों और आगंतुकों को पारंपरिक खेती से हटकर आधुनिक और वैज्ञानिक खेती के तरीकों से रूबरू करवाया जाएगा। इसके तहत आयोजन स्थल पर विभिन्न सरकारी व निजी संस्थाओं, कृषि कंपनियों और व्यवसायियों द्वारा विशेष प्रदर्शनी स्टॉल लगाई जाएंगी। इन स्टॉल्स के माध्यम से निम्नलिखित विषयों की विस्तृत जानकारी और प्रदर्शन किया जाएगा: उन्नत किस्में व पौध: किन्नू एवं अन्य बागवानी फसलों के रोग-मुक्त पौधे और उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज। आधुनिक सिंचाई व संरक्षित खेती: पानी की बचत करने वाली सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप व फव्वारा) प्रणाली, ग्रीन हाउस और शेडनेट जैसी संरक्षित खेती की तकनीकों का प्रदर्शन। कृषि यंत्र व प्रसंस्करण: बागवानी में श्रम और समय बचाने वाले आधुनिक कृषि यंत्र, ग्रेडिंग-वैक्सिंग मशीनें और किन्नू से बनने वाले प्रसंस्कृत उत्पादों (जैसे जूस, स्क्वैश आदि) की जानकारी। महोत्सव की एक प्रमुख विशेषता यह होगी कि इसमें केवल उत्पादकों को ही नहीं, बल्कि देश भर के बड़े फल व्यापारियों, प्रोसेसिंग यूनिट्स और खरीदार संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जा रहा है। किन्नू की सीधी खरीद और विपणन को प्रोत्साहित करने के लिए क्रेताओं और व्यापारिक संस्थाओं की अलग से स्टॉल लगाई जाएंगी, जिससे किसान बिना बिचौलियों के सीधे खरीदारों से जुड़कर अपनी उपज का सौदा कर सकेंगे। उद्यान विभाग द्वारा महोत्सव में भाग लेने के इच्छुक क्रेताओं, कृषि-उद्यानिकी कंपनियों, नर्सरी संचालकों और संबंधित संस्थाओं के लिए स्टॉल बुकिंग की सुगम व्यवस्था की जा रही है। जो भी संस्थाएं या व्यापारी इस राज्य स्तरीय आयोजन में अपनी स्टॉल लगाना चाहते हैं या महोत्सव से जुड़ी अन्य विस्तृत जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं, वे उद्यान विभाग के सहायक कृषि अधिकारी श्री जगराज गोदारा से मोबाइल नंबर 97835-12882 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन और उद्यान विभाग का मानना है कि जनवरी 2027 में होने वाला यह आयोजन श्रीगंगानगर के उद्यानिकी विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा और क्षेत्र के किन्नू को नई ब्रांड वैल्यू प्रदान करेगा।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027: जिला एवं विधानसभा स्तर पर हेल्प डेस्क गठित

राम भरोसे शर्मा जिला संवाददाता श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार एकीकृत मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन 12 नवम्बर 2026 को किया जा चुका है। इसके उपरांत 11 दिसम्बर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी और 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि विशेष संक्ष

लखीमपुर-खीरी के संसारपुर में डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मारी: गुजरपुर निवासी उमेश गंभीर घायल, पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



संसारपुर कस्बे में नैशनल हाईवे-730 पर बुधवार शाम अज्ञात डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार उमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय सड़क पर दों सांड लड़ रहे थे। मोहम्मदी तहसील के गुजरपुर निवासी उमेश, केशवराम के बेटे हैं। वे नौवाखेड़ा की ओर से संसारपुर आ रहे थे। संतोष पैलेस के पास दो सांड आपस में लड़ रहे थे। इसी दौरान सांड डीसीएम से टकरा गए। उन्हें बचाने के चक्कर में डीसीएम चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर मैलानी पुलिस मौके पर पहुंची। संसारपुर चौकी के सिपाही सौरभ यादव, हर्ष भारद्वाज, सत्यम और विकास यादव ने घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज भेजा। पुलिस ने बाइक संसारपुर चौकी में खड़ी कर दी है। अज्ञात डीसीएम की तलाश की जा रही है। पुलिस ने उमेश के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी है।

खड़कपुर गांव में महिला मोर्चा की बैठक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम संपन्न, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी



सुनहरा संसार

जसराना/फिरोजाबाद। जसराना विधानसभा क्षेत्र के खैरागढ़ मंडल के खड़कपुर गांव में आज महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष आशा देवी के आवास पर प्रवासी विस्तारक बहनों के साथ बैठक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बैठक के दौरान प्रवासी विस्तारक बहनों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं एवं आमजन को सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। प्रवासी विस्तारक बहनों ने आगामी चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने के लिए कार्यकताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी कार्यकताओं को "मेरा बूथ, सबसे मजबूत" का संकल्प दिलाते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संध्या गौतम, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, नीलम दिवाकर, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, आशा देवी सहित अन्य महिला कार्यकर्ता एवं प्रवासी विस्तारक बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान को गति देने और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

शैक्षिक भ्रमण पर गए श्री रहीशपाल सिंह इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के किए दर्शन

सुनहरा संसार

फिरोजाबाद जसराना क्षेत्र के बड़ागांव स्थित श्री रहीशपाल सिंह इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं का दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मथुरा, वृंदावन, बरसाना, दाऊजी, रमणरेती और गोवर्धन सहित विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन किए। बच्चों ने भ्रमण के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक जानकारियां प्राप्त कीं तथा उत्साह के साथ यात्रा का आनंद लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं भारतीय समाज सेवा फाउंडेशन की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जौली यादव ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराना था। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रमण से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक जानकारी भी मिलती है। भ्रमण के लिए विद्यार्थियों की बस को भारतीय समाज सेवा फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष अंकुर यादव उर्फ अंकी भैया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। उन्होंने कहा कि शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान और अनुभव में वृद्धि करने का बेहतर माध्यम है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रहीशपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जसवीर महाराज सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी विद्यालय परिवार के इस प्रयास की सराहना की।

निर्वाचन तैयारियों को लेकर डीएम और एसएसपी ने की समीक्षा बैठक, संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी के निर्देश

सुनहरा संसार

फिरोजाबाद। आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था, बूथवार एवं सेक्टरवार संवेदनशीलता के आकलन और पुलिस-प्रशासन के बीच समन्वय को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसएसपी आदित्य लांग्हे, एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित कानून-व्यवस्था, अपराध, संवेदनशील मामलों और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े बिंदुओं की प्रतिदिन समीक्षा की जाए। बूथवार और पोलिंग स्टेशनवार संवेदनशीलता का आकलन कर आवश्यक सूचनाएं एकत्रित की जाएं। एसएसपी ने वल्नरेबिलिटी मैपिंग के तहत चिन्हित बूथों और क्षेत्रों की सूचनाएं लगातार अपडेट रखने के निर्देश दिए। पुराने भूमि एवं राजस्व विवादों का पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम से समयबद्ध निस्तारण कराने को कहा। साथ ही पिछले चुनावों से जुड़े मामलों की समीक्षा कर आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय, प्रवेश-निकास, पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच करने पर भी जोर दिया गया।

झाँसी मंडल की प्लेटिनम जयंती रेल विरासत, विकास यात्रा एवं बुंदेली लोकसंस्कृति की दिखी अनूठी झलक



झांसी`उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मंडल की स्थापना के 75 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाई जा रही प्लेटिनम जयंती तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन के 137 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा के विशेष अवसर पर आज वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन परिसर में भव्य स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय रेल की समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक उपलब्धियों, विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं को उत्सव के रूप में प्रस्तुत करने का विशेष अवसर रहा। 75 वर्षों में झाँसी मंडल ने रेल परिचालन, यात्री सुविधाओं, संरक्षा एवं आधारभूत संरचना के विकास के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण पड़ाव तय किए हैं, वहीं 137 वर्षों से वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन क्षेत्र की ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन तक फ्लैग मार्च के साथ हुआ। मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा में शाखा अधिकारी, स्कूली बच्चों, स्काउट एवं गाइड के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्टेशन के प्रवेश द्वार पर मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने रिबन काटकर स्टेशन महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने स्टेशन परिसर में आयोजित फोटो प्रदर्शनी एवं विंटेज प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से झाँसी मंडल की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन की 137 वर्षों की ऐतिहासिक विरासत तथा भारतीय रेल के विकास के विभिन्न महत्वपूर्ण पड़ावों को प्रदर्शित किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस अवसर पर झाँसी मंडल की ऐतिहासिक यात्रा, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। समारोह के प्रमुख आकर्षणों में झाँसी मंडल की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों को संकलित करते हुए तैयार की गई विशेष स्मारिका 'विरासत स्मारिका' का विमोचन रहा। स्मारिका में मंडल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रेल विरासत, महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं विकास यात्रा को समाहित किया गया है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि झाँसी मंडल की प्लेटिनम जयंती और वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन के 137 वर्ष पूर्ण होना हम सभी के लिए गौरव एवं हर्ष का विषय है। ये दोनों पड़ाव भारतीय रेल की समृद्ध विरासत, समर्पण और निरंतर प्रगति की कहानी को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि झाँसी मंडल ने अपने 75 वर्षों के सफर में संरक्षा, यात्री सुविधाओं, परिचालन दक्षता एवं आधारभूत संरचना के विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इस यात्रा में पूर्व एवं वर्तमान रेलकर्मियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि झाँसी मंडल भविष्य में भी आधुनिक तकनीक, बेहतर यात्री सुविधाओं और सुरक्षित रेल परिचालन के माध्यम से नई उपलब्धियाँ हासिल करता रहेगा। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार द्वारा झांसी एवं भारतीय रेल के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के परिजन ए० के० हिंगवासिया, आदित्य नारायण दुबे एवं वरिष्ठ रेलवे पेंशनर . ओ० एस० भटनागर Ex CCRI मंडल अध्यक्ष पेशन एसोसियेशन ऑफ रेलवे, आर० के० दिवगईया Ex. CRS एवं रामपाल Ex CCL शामिल रहे। समारोह में बुंदेलखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति की मनमोहक झलक भी देखने को मिली। लोक कलाकार निशांत भदौरिया तथा अन्य कलाकारों द्वारा पारंपरिक बुंदेली 'राई' नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर माउंट लिटरा स्कूल के विद्यार्थियों के बैंड द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियाँ दी गईं। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह, उमंग और उल्लास का वातावरण बनाया। समारोह में अतिथियों, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली बच्चों, कलाकारों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। झाँसी मंडल की प्लेटिनम जयंती एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन के 137 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह स्टेशन महोत्सव अतीत की गौरवशाली विरासत को स्मरण करने, वर्तमान की उपलब्धियों को रेखांकित करने और भविष्य की विकास यात्रा के प्रति नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का अवसर बना। 75 वर्षों का गौरव और 137 वर्षों की विरासत झाँसी की रेल पहचान को एक नई गरिमा प्रदान करते हैं।

नशा मुक्त श्रीगंगानगर का संकल्प: 6 दिसंबर को आयोजित होगी भव्य साइक्लोथॉन, स्कूलों में रजिस्ट्रेशन कैंपों के प्रति युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

राम भरोसे शर्मा जिला संवाददाता श्रीगंगानगर



श्रीगंगानगर, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव एवं जिला पुलिस अधीक्षक श्री हरिशंकर के कुशल नेतृत्व में जिले भर में चलाए जा रहे ह्यनशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियानह्ल को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए प्रशासन और सामाजिक संस्थाएं पूरी तरह सक्रिय हैं। इसी कड़ी में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत श्रीगंगानगर को नशामुक्त, स्वस्थ और जागरूक बनाने के संकल्प के साथ फिट गंगानगर सोसायटी एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 6 दिसंबर 2026 को एक विशाल साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इस महा-अभियान को लेकर शहर के युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों में जनभागीदारी का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। साइक्लोथॉन में अधिक से अधिक युवाओं और छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर के शिक्षण संस्थानों में जागरूकता और पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुड शेफर्ड पब्लिक स्कूल एवं सेक्रेड हार्ट स्कूल में विशेष रजिस्ट्रेशन कैंप आयोजित किए गए। इन कैंपों के दौरान विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ इस मुहिम से जुड़ने के लिए जबरदस्त उत्साह दिखाते हुए बड़ी संख्या में अपना पंजीकरण करवाया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को साइक्लोथॉन के मूल उद्देश्य से अवगत करवाते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से श्री विक्रम ज्याणी ने कहा कि यह आयोजन महज एक साइकिल रैली या खेल गतिविधि नहीं है, बल्कि यह नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ पूरे समाज को एकजुट करने का मंच है। इसका मुख्य लक्ष्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और उन्हें एक सकारात्मक सामाजिक बदलाव का वाहक बनाना है। आयोजकों ने बताया कि साइक्लोथॉन 2026 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। स्कूल कैंपों के अलावा शहर के अन्य इच्छुक प्रतिभागी भी घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से इस मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं। इच्छुक नागरिक आधिकारिक लिंक पर जाकर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रेरक संदेश दिया गया कि आज का युवा ही देश का वास्तविक भविष्य है। जिस युवा के हाथों में किताब, खेल का मैदान और साइकिल का हैंडल होगा, वही युवा कल देश और समाज को सही दिशा देगा। वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति की शारीरिक क्षमता को ही नष्ट नहीं करता, बल्कि उसके सुनहरे सपनों, परिवार की खुशियों और समाज की संभावनाओं को भी खत्म कर देता है। इसके विपरीत खेल, नियमित व्यायाम और रचनात्मक गतिविधियां युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और जीवन के प्रति नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे इस साइक्लोथॉन को केवल अपनी व्यक्तिगत भागीदारी तक सीमित न रखें, बल्कि अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों और आस-पड़ोस के लोगों को भी इससे जोड़ें। हर विद्यार्थी अपने साथ एक ऐसा संदेश लेकर आगे बढ़े, जो किसी भटके हुए युवा को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित कर सके। आयोजकों ने संकल्प दोहराया कि आने वाली पीढ़ियां एक ऐसे श्रीगंगानगर में सांस लें, जहां नशे की नहीं, बल्कि खेल, शिक्षा, संस्कार और प्रतिभा की पहचान हो। 6 दिसंबर 2026 को होने वाली यह साइक्लोथॉन इसी सपने को साकार करने की दिशा में एक सामूहिक कदम है।

जब शहर की सड़कों पर हजारों साइकिलों के पहिए एक साथ आगे बढ़ेंगे, तो यह केवल दौड़ती हुई साइकिलें नहीं होंगी, बल्कि नशे के खिलाफ बुलंद होती हजारों आवाजें होंगी। इस दिन हर पैडल एक संकल्प होगा और हर प्रतिभागी नशामुक्ति का संदेशवाहक बनकर एक बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ाएगा। फिट गंगानगर सोसायटी एवं जिला प्रशासन ने शहर के सभी शिक्षण संस्थानों, अभिभावकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की है कि वे 6 दिसंबर की इस मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग लें और नशामुक्त श्रीगंगानगर के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

एक घंटे में लौटने का वादा कर निकले थे माता-पिता, टैंकर ने छीन ली दोनों की जिंदगी; बेसहारा हुए दो बच्चे

सुनहरा संसार

आगरा। सोमवार की सुबह दो मासूम बच्चों के लिए जिंदगी का सबसे दर्दनाक दिन बन गई। माता-पिता घर से यह कहकर निकले थे कि एक घंटे में लौट आएंगे, लेकिन उनका इंतजार कभी खत्म नहीं हुआ। पानी के तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर से पूर्व सैनिक सुखविंदर सिंह (40) और उनकी पत्नी रेखा कुमारी (38) की मौत हो गई। माता-पिता की मौत से बेटी माही उर्फ सौम्या और छोटा बेटा आरव बेसहारा हो गए। हादसे की खबर घर पहुंचते ही बेटी की चीख निकल गई। कभी वह खुद फूट-फूटकर रोती तो कभी छोटे भाई को संभालती। बहन को रोता देखकर आरव भी बिलखने लगा। दोनों बच्चे बार-बार मां-पापा को पुकारते रहे। सोमवार को प्रकाश पर्व का अवकाश होने के कारण दोनों बच्चे स्कूल नहीं गए थे। सुबह सुखविंदर सिंह ने बेटी माही से कहा था कि मां की तबीयत ठीक नहीं है। उन्हें डॉक्टर को दिखाने मिलिट्री अस्पताल लेकर जा रहे हैं। एक घंटे में वापस आ जाएंगे। जाते समय उन्होंने बेटी से छोटे भाई आरव का ख्याल रखने और उसे इधर-उधर नहीं जाने देने को कहा था। माही ने बताया कि मां रेखा के सिर में अक्सर दर्द रहता था। दवा लेने से उन्हें आराम मिल जाता था। पापा उन्हें डॉक्टर को दिखाने के लिए अक्सर अस्पताल ले जाते थे। सोमवार सुबह भी दोनों इसी तरह घर से निकले थे। इसके बाद भाई-बहन माता-पिता के लौटने का इंतजार करते रहे। करीब 11:30 बजे पुलिसकर्मी घर पहुंचे। उन्होंने बच्चों से किसी बड़े को बुलाने के लिए कहा। इस पर माही ने अपने ताऊ पुष्पेंद्र सिंह को फोन करके बुलाया। ताऊ घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। कुछ देर बाद परिवार को पता चला कि पानी के टैंकर की चपेट में आने से उनके माता-पिता की मौत हो गई है। यह खबर सुनते ही माही चीख पड़ी। परिवार की महिलाएं उसे संभालने में जुट गईं।

अमेजन का भारत से कुल ई-कॉमर्स निर्यात 27 अरब डॉलर तक पहुंचा

सुनहरा संसार



अमेजन ने आज घोषणा की कि अपने प्रमुख निर्यात कार्यक्रम ष्अमेजन ग्लोबल सेलिंगष के जरिए भारत से उसका कुल ई-कॉमर्स निर्यात 27 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इससे 2030 तक भारत से कुल 80 अरब डॉलर का ई-कॉमर्स निर्यात संभव बनाने के लक्ष्य की ओर कंपनी लगातार आगे बढ़ रही है। 2015 में शुरू हुए इस कार्यक्रम ने भारतीय व्यवसायों को दुनिया भर के ग्राहकों तक पहुंचाने में अहम मदद की है। पिछले 11 वर्षों मां इस प्लेटफॉर्म पर 2.4 लाख से ज्यादा निर्यातक जुड़े हैं, जिन्होंने मिलकर दुनिया भर के अमेजन बाजारों में ग्राहकों को एक अरब से ज्यादा ष्मेड-इन-इंडियाष उत्पाद बेचे हैं। पिछले एक साल में इस कार्यक्रम से जुड़ने वाले निर्यातकों की संख्या में 20: की बढ़ोतरी हुई है। इससे ग्लोबल ई-कॉमर्स में भारतीय व्यवसायों की बढ़ती भागीदारी का पता चलता है। अमेजन ग्लोबल सेलिंग इंडिया के प्रमुख श्रीनिधि कलवापुडी ने कहा, ष्भारत में उपभोक्ता सामान के निर्यात का ग्लोबल पावरहाउस बनने की क्षमता है, और ई-कॉमर्स इस सपने को सच करने में मदद कर रहा है। यह हर भारतीय दुकानदार और कारोबारी को दुनिया भर में अपना सामान बेचने का मौका दे रहा है। अमेजन ग्लोबल सेलिंग पर 2.4 लाख निर्यातकों के साथ कुल 27 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स निर्यात तक पहुंचना एक अहम पड़ाव है। लेकिन इससे भी ज्यादा उत्साह बढ़ाने वाली बात यह है कि अपने ब्रांड बनाकर विदेशी बाजारों में ग्राहक जीतने वाली भारतीय कंपनियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हमें कपड़ा उद्योग जैसे क्षेत्रों में बहुत आगे बढ़ने के मौके दिखते हैं, जहां भारत की मैन्युफैक्चरिंग ताकत, कारीगरों का हुनर और उद्यमशीलता ऐसे ब्रांड खड़े कर सकती है, जिन्हें पूरी दुनिया पहचाने।

अजबापुर चीनी मिल दो दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया चालकों की आंखों की हुई जांच

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



लखीमपुर खीरी के अजबापुर चीनी मिल परिसर में वाहन चालकों के लिए दो दिवसीय नेत्र जांच शिविर लगाया गया। उपजिलाधिकारी मोहम्मदी राजेश प्रताप सिंह और इकाई प्रमुख प्रदीप त्यागी ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में ट्रैक्टर और ट्रक चालकों की आंखों की जांच की गई। उन्हें यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के बारे में भी बताया गया। डॉक्टरों की टीम ने चालकों की दूर और पास की नजर, रंग पहचानने की क्षमता और मोतियाबिंद जैसी समस्याओं की जांच की। जिन चालकों की नजर कमजोर पाई गई, उन्हें चश्मा लगाने और नियमित जांच कराने की सलाह दी गई। एसडीएम राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि सड़क हादसों की एक वजह चालकों की कमजोर नजर और लापरवाही है। उन्होंने कहा कि रात में तेज लाइट, तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाना जानलेवा साबित होता है। उन्होंने चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने और नशे से दूर रहने की अपील की। इकाई प्रमुख प्रदीप त्यागी नै कहा कि मिल प्रबंधन चालकों के स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर ऐसे शिविर लगाता रहेगा।

इस दौरान बड़ी संख्या में चालक, मिल अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

ऑपरेशन काउंटडाउन: डीग पुलिस का साइबर ठगों पर बड़ा प्रहार, 9 साइबर ठगों सहित 10 आरोपी गिरफ्तार,दो इनामी साइबर ठग भी चढ़े पुलिस के हत्थे, एक साल से दो साल तक फरार चल रहे आरोपियों पर कसा शिकंजा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी

डीग- जिले में साइबर अपराधियों और लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरारी काट रहे वांछित बदमाशों के खिलाफ डीग पुलिस ने बड़ा अभियान छेड़ रखा है। इसी कड़ी में ऑपरेशन काउंटडाउन के तहत जिला पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 9 साइबर ठगों सहित कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर साइबर अपराध के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो इनामी साइबर ठग भी शामिल हैं, जिनमें एक पर तीन हजार और दूसरे पर एक हजार रुपए का इनाम घोषित था। वहीं पुलिस पर हमला कर राजकार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में करीब दो साल से फरार चल रहे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ के. आईपीएस के निर्देशन में डीग, कामां और कैथवाड़ा थाना पुलिस, साइबर सेल तथा जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने अलग-अलग सूचनाओं और आसूचना तंत्र के आधार पर यह कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से दबोचकर उनके खिलाफ दर्ज मामलों में अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस अब गिरफ्तार साइबर ठगों के नेटवर्क, बैंक खातों, संदिग्ध वित्तीय लेनदेन और ठगी की रकम से बनाई गई संपत्तियों का पता लगाने में जुटी है।

तीन हजार के इनामी साइबर ठग को डीग पुलिस ने दबोचा

ऑपरेशन काउंटडाउन के तहत कोतवाली डीग पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन हजार रुपए के इनामी साइबर ठग रुकसान पुत्र जमसाल (30) निवासी दौलतपुर (लहचोरा), थाना गोवर्धन, जिला मथुरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 23 नवंबर को कामां रोड स्थित बद्रीपुर रोड से पकड़ा। आरोपी थाना डीग के प्रकरण संख्या 262/26 में वांछित चल रहा था। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है। लंबे समय से फरार चल रहे इस आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस महत्वपूर्ण सफलता मान रही है।

कामां पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई, चार साइबर ठग गिरफ्तार

कामां थाना पुलिस और साइबर सेल डीग की संयुक्त टीम ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन पोर्टल 1930 पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार फरार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में इलियास पुत्र बुग्गर (36), रोबिन पुत्र इलियास (21) और तारिफ पुत्र इलियास (36), तीनों निवासी अकाता थाना कामां तथा गौरव पुत्र हरचरण (20) निवासी लुहेसर थाना कामां शामिल हैं। पुलिस के अनुसार इलियास करीब एक साल से, जबकि रोबिन और तारिफ करीब दो साल से साइबर ठगी के मामलों में फरार चल रहे थे। गौरव भी संबंधित प्रकरण में वांछित था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी आसूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश की और कस्बा कामां के कोसी चौराहे से उन्हें डिटेन कर अलग-अलग प्रकरणों में गिरफ्तार किया। पुलिस अब इन आरोपियों से साइबर ठगी की वारदातों और उनके अन्य सहयोगियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

एक हजार के इनामी साइबर ठग सहित चार आरोपी गिरफ्तार

कामां थाना पुलिस, साइबर सेल डीग और डीएसटी की संयुक्त टीम ने एक अन्य कार्रवाई में तीन वांछित साइबर ठगों के साथ पुलिस पर हमला कर राजकार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर ठगों में मुस्तफा पुत्र सिलू उर्फ सुलेमान (26) निवासी नंदेरा थाना कामां, फारुख पुत्र राजू (40) निवासी मंड्याकी थाना बिछोर जिला नूंह हरियाणा तथा मोहम्मद शाहखुर्श पुत्र रजदार खान निवासी सबलाना थाना कामां शामिल हैं। इनमें फारुख पर एक हजार रुपए का इनाम घोषित था। इसी कार्रवाई में पुलिस पर हमला कर राजकार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में करीब दो साल से फरार चल रहे रुस्तम पुत्र सरदार (36) निवासी लेवड़ा थाना कामां को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं मोहम्मद शाहखुर्श को 25 नवंबर को डीएसटी टीम से मिली सूचना के आधार पर कस्बा कामां से पकड़ा गया। पुलिस की संयुक्त टीमों ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए इन आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

कैथवाड़ा पुलिस ने दो साल से फरार साइबर ठग को घर से पकड़ा

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कैथवाड़ा थाना पुलिस को भी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब दो साल से फरार चल रहे साइबर ठगी के आरोपी आजम पुत्र उम्मर (25) निवासी धर्मशाला थाना कैथवाड़ा को गिरफ्तार किया है।

आरोपी थाना कैथवाड़ा के प्रकरण संख्या 215/23 में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में वांछित था। पुलिस के अनुसार इस प्रकरण में पूर्व में ही पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन आजम लगातार पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था। पुलिस टीम ने आरोपी को उसके घर से डिटेन कर थाने लाया।

